संसेक्स 71,428.43 ▼ -723.57
डॉलर 82.998 ▼ 0.012

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 09.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 09.0 | 23.0 |
| पलामू | 23.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 09 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 10, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना खुशी की ...10 देश विदेश


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## अबुआ आवास सबका आवास



# अबुआ आवास योजना

के अंतर्गत स्वीकृति पत्र

## वितरण समारोह

**20 लाख से अधिक लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास**

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुण्डा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री बिद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, रांची
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय विधायक
जमशेदपुर पश्चिम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक
जमशेदपुर (पूर्वी) , विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक
घाटशिला, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक
जुगसलाई, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक
बहरागोड़ा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री संजीब सरदार**
माननीय विधायक
पोटका, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक
मनोहरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय विधायक
चाईबासा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक
मझगांव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक
चक्रधरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री सोना राम सिंकू**
माननीय विधायक
जगन्नाथपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक
ईचागढ़, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक
खरसावाँ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

दिनांक: **9 फरवरी 2024** | समय: **दोपहर 12 बजे**

स्थान: **गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम**



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**₹2 लाख** की सहायता प्रति आवास

**तीन कमरों** का पक्का मकान, रसोई घर और शौचालय का भी निर्माण

**वर्ष 2027 तक** सभी जरूरतमंद लोगों को मिलेगा अबुआ आवास

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 318379 (IPRD) 2023-24

## एक नजर

### हत्या मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा, जुर्माना

**दुमका।** दोस्त की हत्या मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन करावास एवं जुमार्ना किया। सजा अपर जिला जज, तृतीय लक्ष्मण प्रसाद की न्यायालय ने गुरुवार को सुनाया। दोषी करण भारती नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोचीपाड़ा निवासी है। जो प्रेमिका से अवैध संबंध होने पर जिगरी दोस्त मंगल चालक उर्फ पुटका को गोली मार हत्या कर दिया था। न्यायालय ने हत्या के मामले में भादवी की धारा 302 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार जुर्माना की सजा मुकर्रर किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। भादवी की धारा 201 में तीन साल सजा एवं 10 हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आर्म्स एक्ट 27 में तीन साल सजा और 5 हजार जुमार्ना किया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### क्विज प्रतियोगिता से नए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया

**रांची।** मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखण्ड के निर्देशानुसासार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को संत जेवियर इंटरमीडिएट कॉलेज एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी,रांची में किया गया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को बताया गया कि मतदान हमारा अधिकार भी है और जिमेदारी भी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी बातें नुक्कड़ नाटक के जरिए सरलता से बताया गया। जैसे फॉर्म 6 भर कर नए मतदाता पंजीकरण कर सकते है। घर के बुजुर्ग, दिव्यांग अगर बूथ पर नहीं जा सकते तो उनका नाम निर्वाचन कार्यालय में दर्ज करा सकते है, जिससे मतदान के दिन उन सदस्यों का मत घर जा कर लिया जायेगा। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कई प्रतियोगिता जैसे - एक्सटेम्पोरे, क्विज एवं स्टोरी टेलिंग का आयोजन किया गया । छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इसके माध्यम से कई जरूरी बातें भी सीखी। कार्यक्रम के पश्चात दोनों कॉलेज के प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों से अपने मत का प्रयोग करने एवं अपने परिजनों को भी प्रोत्साहित करने की अपील की।

### टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट : मयूराक्षी और स्वर्णरेखा फाइनल में

रांची। बीएयू के मैदान पर खेले जा रहे टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का दोनों रोमांचक सेमिफाइनल मैच गुरुवार को सम्पन्न हो गया। पहले रोमांचक सेमीफाइन मुकाबले में मयूराक्षी की टीम ने कांची की टीम को 4 विकेट से हराया. प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कर मयुराक्षी टीम के शकील अख्तर को वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार ने दिया। दूसरे सेमीफाइल मुकाबले में स्वर्णरिखा ने दामोदर टीम को 28 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बना लिया।

# कुख्यात पीएलएफआइ उग्रवादी सनिका उर्फ बच्चा गिरफ्तार

**बच्चा के खिलाफ झारखंड के कई जिलों में हत्या, रंगदारी, मुठभेड़ और 17 सीएलए एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं,जो पुलिस की खोज थी**



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** प्रतिबंधित उग्वादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएलएफआइ) के सक्रिय और विभिन्न मामलों में वांछित उग्रवादी सनिका कंडुलना उर्फ बच्चा उर्फ चकरा को पुलिस ने बुधवार को रनिया थाना के अंधुवाइल मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। तोरपा में अपने कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि फरार कुख्यात उग्रवादी सनिका कंडुलना रनिया थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। सूचना के आलोक में एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा, तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, रनिया के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार मेहता और सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने बुधवार को अंधुवाइल मोड़ के पास छापा मारकर सनिका को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि सनिका उर्फ बच्चा के खिलाफ खूंटी जिले के रनिया, सिमडेगा जिले के कोलेबिरा और बानो और पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाने में हत्या, रंगदारी, पुलिस के साथ मुठभेड़ और 17 सीएलए एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। एसडीपीओ ने बताया कि सनिका 2019 में पीएलएफआइ उग्रवादी सामुएल कंडुलना के दस्ते में शामिल था। 2019 में कानारोवां गांव में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में वह शामिल था और मुठभेड़ के बाद वह पकड़ा गया था। उस मुठभेड़ में पंडित नामक एक उग्रवादी मारा गया था। 202 में जेल से रिहा होने के बाद वह रोरे उर्फ सुखराम गुड़िया के दस्ते में शामिल हो गया। उसने ही सुखराम को एके47 हथियार दिया था। सुखराम की गिरफ्तारी के बाद वह हरियाणा भाग गया था। दिसंबर 2023 में वह अपने गांव रनिया थाना के उड़ीकेल बड़काटोली लौट आया और छिपकर रह रहा था।

### कौशल वर्धन के प्रयासों से युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करें: उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को आपने कार्यालय में श्रम विभाग और नियोजनालय के तहत निबंधित श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में दिए गए लाभ एवं निबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर श्रम अधीक्षक ने बताया कि भवन और अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अब तक कुल निबंधन 33018 है। श्रमिकों का आधार सत्यापन की संख्या 3489 है। मौके पर झारखण्ड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का 75 फीसदी नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली 2022 के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बिरसा योजना कौशल विकास के केंद्रों की जानकारी डीसी ने ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कौशल प्रशिक्षण को लेकर जिले में बेहतर प्रयास किए जायें।

### डालसा ने डोर टू डोर कार्यक्रम का किया आयोजन

# डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना निंदनीय : सौरभ




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** प्रखंड के लोटा गांव में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम पीएलवी तारा मिंज व शिला देवी ने लोक अदालत कर ग्रामीणों को जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता सौरभ पाण्डेय ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व पीड़ित मुआवजा के बारे में बताया। रांची के झालसा न्यायुक्त के निर्देश पर सिल्ली प्रखण्ड के लोटा गांव में डोर-टू-डोर विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, सौरभ कुमार पाण्डेय, पीएलवी तारा मिंज, शिला देवी, पार्वती देवी एवं राजा उपस्थित थे।

अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के बारे में बताया। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। अधिवक्ता सौरभ कुमार पाण्डेय ने पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। डायन बिसाही के बारे में भी उन्होंन कहा कि डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना निंदनीय है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तारा मिंज, शिला देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पीएलवी ने घर-घर जाकर लोगों के समस्या को सुना तथा पीड़ित मुआवजा के बारे में भी विस्तार से बताया। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित वादों को निबटारा पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञात हो कि 09 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। तारा मिंज ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं।

## कॉलेज कार्यकरिणी इकाई का हुआ गठन, सुशांत कुमार बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो नगर के तत्वाधान में करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में एवीबीपी की नई कॉलेज कार्यकरिणी इकाई का गठन किया गया। एबीवीपी के राँची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेन्द्र सौरभ, विभाग सह संयोजक आकाश रक्षित और राँची ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो के उपस्थिति में महाविद्यालय के सभागार में नई कॉलेज कार्यकरिणी इकाई की घोषणा की गई जिसमें भूगोल विभाग के छात्र सुशांत कुमार को अध्यक्ष व राजनीतिक विज्ञान विभाग से अनिता तिर्की को उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया एवं अन्य कई विभागों से कई छात्र - छात्राओं को नया दायित्व दिया गया । इससे पूर्व कॉलेज के सभी नवनियुक्त दायित्वान कार्यकताओं को अभाविप के कार्यों से, विचारों से व उद्देश्य से परिचय कराया गया और बताया गया कि एबीवीपी ही एकमात्र विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है, देश में आज इसके 45 लाख से ज्यादा सदस्य हैक विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में छात्रों के उत्थान के लिए व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करती है साथ ही साथ एबीवीपी देश के हर क्षेत्र में शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक स्तर पर सक्रिय रूप ऐतेहासिक कार्य कर रही है। कॉलेज की नई कार्यकरिणी इकाई की घोषणा शिवेंद्र सौरभ ने की और मंच संचालन आकाश रक्षित व धन्यवाद ज्ञापन विक्रम कुमार महतो ने किया ।

## गैंगस्टर अमन साव के सहयोगी के घर पहुंची एनआईए

**सुबह एनआईए बरारी हाउसिंग कॉलोनी स्थित जमीन कारोबारी शंकर यादव के घर पहुंची।**

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची/भागलपुर।** झारखंड के बड़े गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव गैंग से कनेक्शन मिलने के बाद गुरुवार की सुबह एनआईए बरारी हाउसिंग कॉलोनी स्थित जमीन कारोबारी शंकर यादव के घर पहुंची। एनआईए की टीम के साथ आयकर विभाग की टीम भी थी। यह छापेमारी एक बड़े गिरोह से जुड़े होने और अपराध के पैसे को अपने कारोबार में इस्तेमाल करने के साथ-साथ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात में छापेमारी के दौरान करीब 1.32 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। इसके अलावा अमन साहू गिरोह से जुड़े कई दस्तावेज भी एनआईए के हाथ लगे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। छापेमारी के दौरान उस समय चचाओं ने जोर पकड़ लिया जब छापेमारी कर रही टीम ने शंकर यादव के घर पर नोट गिनने की मशीन मंगायी। सात सदस्यीय टीम पहुंची थी रेड करने उक्त छापेमारी में एनआईए के अधिकारी व पदाधिकारियों के साथ- साथ पटना और रांची से आयकर विभाग की सात सदस्यीय टीम छापेमारी करने आयी थी। छापेमारी की खबर सामने आने के बाद हाउसिंग कॉलोनी के साथ-साथ शहर के जमीन कारोबारियों और शंकर यादव से जुड़े लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन गया।

# दुर्घटना के घायलों के लिए मसीहा बने बेड़ो बीडीओ संग्राम मुर्मू



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अवसर भी उन ही महान हस्तियों का इंतजार करती है जिनके दिलों में मानवता की सेवा भाव कूट-कूट कर भरी होती है। यथार्थ का यही दृश्य गुरूवार को उस वक्त देखने को मिला जब प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू विकास योजनाओं की निरीक्षण के क्रम में घाघरा पंचायत जा रहे थे इसी बीच करांजी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना देख कर न केवल वह रुके बल्कि एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल से समन्वय स्थापित कर अस्पताल तक भिजवाने का काम करते हुए मानवता का शानदार परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू की भावना की जोरदार सराहना की। अस्पताल भेजने के उपरांत अपने तय कार्यक्रम के तहत वह घाघरा पंचायत विकास योजनाओं का निरीक्षण हेतु पहुंचे। जहां उन्होंने पंचायत में चलाए जा रहे हैं कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा 15 वें वित सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया । निरीक्षण के कर्म में उन्होंने कहा की गुणवत्ता विकास का आधार होता है इसलिए यह जरूरी है कि किसी भी योजना की गुणवत्ता से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के संबंध में मिली तृतीय का सुधार करने की हिदायत दी। इस अवसर पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, मुखिया रमेश उरांव, उप मुखिया मोहम्मद इरशाद, कई लाभुक ग्रामीण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्थानीय विधायक ने प्रखंड मुख्यालय सभागार में किया समीक्षा बैठक

# कार्यों में शिकायत मिलने पर कर्मचारी और पदाधिकारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी



**पदाधिकारी गांव गांव में जाकर सर्वे करें तभी जाकर पता चलेगा कि योजना का लाभ लेने का पात्र कौन है और कौन नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी एवं बैंक मैनेजर आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। विधायक सुदेश कुमार महतो ने सभी विभागों का विस्तार रूप से कार्यों के बारे में जानकारी लिया साथी साथ अंचल विभाग के कर्मचारियों को आदेश दिया कि जमीन के मामले में किसी तरह का आवेदन को सात दिनों के अंदर जल्द से जल्द निष्पादन करें। अबूवा आवास योजना के बारे में भी पंचायत सेवक को भी आदेश जारी करते हुए कहा कि सही लाभुक का चयन करके अबूवा आवास योजना का लाभ दिलाये। गांव गांव में जाकर सर्वे करें तभी जाकर पता चलेगा कि योजना का लाभ लेने का पात्र कौन है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में ग्रामीणों को किसी समस्या से जूझना ना पड़े अगर ग्रामीणों के द्वारा शिकायत किसी विभाग के खिलाफ आती है तो उस विभाग के कर्मचारी और पदाधिकारी के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथी साथ हर एक पंचायत के आए हुए मुखिया से भी पंचायत में चल रहे योजनाओं के बारे में जानकारी लिया और कहा कि अपने पंचायत में लाभुकों को ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ दिलाने का बहुत प्रयास करें ताकि कोई भी लाभुक किसी योजना से वंचित न रहे। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मनरेगा, बैंक आदि विभागों से कार्यों के बारे में जानकारी लिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड उप प्रमुख आरती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला, सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, पूर्व जिला परिषद सुशील महतो, गौतम कृष्णा साहू, सिल्ली रेफरल प्रभारी मुकेश कुमार, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, आईडीबीआई के शाखा प्रबंधक कल्याण सिंह समेत प्रखंड के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सन्नी टोप्पो ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा पंचायत अन्तर्गत पबीरा गांव में पिछले दिनों लंबी बीमारी के कारण अस्पताल में 35 वर्षीय श्रवण महतो की मौत हो गई थी। पूरा परिवार गहरे सदमे में था। श्रवण महतो की मौत की खबर की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता सह लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने प्रतिनिधि अजय साहु, अमर बडाईक एवं विकास साहु को पबीरा भेजकर खाध सामग्री एवं आर्थिक सहायता भेजा और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट किया। श्रवण महतो अपने पीछे अपने भरे पूरे परिवार को पीछे छोड़ गए। मौके पर उनकी पत्नी सुधन देवी, पुत्र आठ वर्षीय शुभम महतो, पुत्र छह वर्षीय शिवम महतो एवं तीन वषीर्या बेटी दीपिका कुमारी तथा भाजपा लापुंग मंडल के प्रखंड उपाध्यक्ष बिरंची महतो मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत के कोयनारा गांव में कुछ दिन पहले गुल्ली उरांइन साठ वर्ष का बिमारी के कारण मृत्यु हो गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### मांडर में सिद्ध-कान्हु युवा खेल क्लब का गठन




**मांडर।** प्रखंड में गुरूवार को सिद्धू-कान्हु युवा खेल क्लब का गठन किया गया। सिद्ध-कान्हू युवा खेल योजना के संचालन हेतु माण्डर प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आम सभा के माध्यम से चयनित सिद्धू-कान्हु युवा खेल क्लब के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय सिद्धू-कान्हु युवा खेल क्लब का चयन मांडर प्रखंड सभागार में आम सभा के माध्यम से चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुकरा उरांव, सचिव उमर उरांव व कोषाध्यक्ष निर्मल एक्का सहित 15 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में चयन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड कोच हसन अंसारी, शरीफ अंसारी समेत पंचायत से आये हुए कई लोग मौजूद थे।

### 11 फरवरी को दिवंगत विधायक विश्वनाथ भगत की तृतीय स्मृति दिवस मनाई जाएगी



**बेड़ो।** पाड़हा मैदान बारीडीह बेड़ो में 12 एवं 21 पाड़हा का बैठक मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।।बैठक के दौरान आगामी दिन रविवार 11 फरवरी को पूर्व विधायक सह केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के मुख्य संरक्षक स्वर्गीय विश्वनाथ भगत की स्मृति दिवस (पुण्यतिथि) मनायी जाएगी । इस वर्ष दिवंगत विश्वनाथ भगत की तृतीय स्मृति दिवस होगा। इस दिन 12 एवं 21 पाड़हा के साथ-साथ पांच पाड़हा, सात पाड़हा,आठ पाड़हा,के साथ मांडर के सभी पाड़हा, चान्हों प्रखंड के सभी पाड़हा , लापुंग प्रखंड के सभी पाड़हा प्रेमी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे। इस बार ज्यादा संख्या में झारखंड आंदोलनकारी शामिल होंगे । इस कार्यक्रम की सारी विधि व्यवस्था एवं रूपरेखा तय कर ली गई है । गुरुवार को बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय पाड़हा सचिव धनंजय कुमार राय ,12 पाड़हा के राजा विशाल उरांव 12 एवं 21 पाड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव ,घीनू उरांव,सुका उरांव, विनोद उरांव , ईश्वर गोप, बंदे उरांव , दिवान बिरवा उरांव , विजय तिर्की, साधो उरांव, लीला मुंडा, रसीद मीर, दिलीप उरांव,कोटवार महेंद्र लोहरा के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे। यह जानकारी पाड़हा के मीडिया प्रभारी चरवा उरांव ने दी है।

### ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध खोला मोर्चा



**सोनाहातू।** सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जामुदाग पंचायत के ईड़कु गांव में ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम सभा सही तरीके से नही करने और विकास कार्यो व सरकारी योजनाओ में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। साथ ही साथ गुरुवार को गांव मे बैठक कर धरना प्रदर्शन किया। सैकडों ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम प्रधान नेहरू लाल सिंह मुंडा के द्वारा अबुवा आवास सूची, मे व्यापक अनियमितता बरती गयी है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों की जांच कराने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने की मांग की है।

### खतियानी झारखंडी पार्टी की हुई प्रखंड स्तरीय बैठक



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत गुरुवार के दिन सिल्ली प्रखंड के केजेपी प्रधान कार्यालय सिल्ली में एक प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से केजेपी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार ने किया जिसमे संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया।मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि अखिल कुमार महतो, संतोष कुमार, सुयोग साहू, अशरफ अली, सतीश महतो, इमाम अंसारी, प्रकाश महतो, नौशाद आलम, संजय कुमार, अखिलेश कुमार, शुभम सोनार, रमेश समेत वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खूंटी के सौरव कुमार बने झारखंड कबड्डी टीम के कप्तान, खेल प्रेमियों ने किया स्वागत

**खूंटी।** हैदराबाद में आयोजित 49वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खूंटी के कबड्डी खिलाड़ी सौरभ कुमार को झारखंड कबड्डी टीम के कप्तान का दायित्व सौपा गया है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के कुणाल भगत ने बताया कि खूंटी के खिलाडियों में हौसला की कमी नहीं है। खूंटी के बच्चे खेल के प्रति बहुत जागरुक है। खूंटी मे प्रति दिन कबड्डी का अभ्यास कराया जा रहा। इसके फल स्वरुप खूंटी के खिलाड़ी कप्तान बन कर झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। सौरभ कुमार के गुरुवार को खूंटी आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर समाजसेवी और संघ के मुख्य संरक्षक दिलीप मिश्रा, खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, सुशील संगा, नरेंद्र साहू, राजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष कुणाल भगत,कार्यकारी अध्यक्ष कुमार बृजकिशोर, सचिव (कोच) आशा कुमारी, कोषाध्यक्ष सचिन कश्यप, कबड्डी एसोसिएशन के संरक्षक संतोष त्रिपाठी, विनय कश्यप, संजय जायसवाल, अजय कुमार, जयंत जायसवाल, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

संसेक्स 71,428.43 ▼ -723.57
डॉलर 82.998 ▼ 0.012

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 09.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 09.0 | 23.0 |
| पलामू | 23.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 09 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 10, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को ... 06



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना खुशी की ...10 देश विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 76,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## एक नजर

### मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस 17 को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3 डीएस को जीएसएलवी एफ14 पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 17 फरवरी को लॉन्च किया जाएगा। गुरुवार को इसरो ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस मिशन का प्रक्षेपण 17 को साढ़े पांच बजे निर्धारित है। इस उपग्रह को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा।

### मनरेगा मामले में ईडी ने बंगाल के कई अधिकारियों को किया तलब

**कोलकाता।** ईडी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में मनरेगा के तहत 100 दिन की नौकरी योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए राज्य सरकार के कई अधिकारियों को नोटिस जारी किया। इन सभी को 12 से 15 फरवरी के बीच ईडी के साल्ट लेक दफ्तर में बुलाया गया है। तलब किए गए लोगों में दो पश्चिम बंगाल सिविल सेवा कैडर रैंकिंग अधिकारी हैं। उनमें से एक संचयन पान, एक डिप्टी कलेक्टर रैंकिंग अधिकारी हैं और दूसरे सुवरांशु मंडल भी एक डब्ल्यूबीसीएस अधिकारी हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने शुरूआती जांच के बाद पश्चिम बंगाल में 100 दिन की रोजगार योजना को लागू करने में दो प्रकार की अनियमितताओं की पहचान की है।

## सीएम ने अधिकारियों के साथ खनन एवं भूतत्व विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की, कहा

# पूर्व से आवंटित खनिज ब्लॉकों में जल्द खनन कार्य प्रारंभ कराएं

### चिन्हित 10 खनन ब्लॉक की नीलामी या आवंटन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में खनन एवं भूतत्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन विभाग राजस्व का एक मुख्य स्रोत माना जाता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैसे खनन ब्लॉक जिनकी पहले से नीलामी अथवा आवंटन हो चुका है उन खनन ब्लॉकों को जल्द से जल्द चालू किया जाए। खनन कार्य का जिम्मा जिस कंपनी या संस्थान को आवंटित किया गया है, उनके साथ बैठक कर खनन कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं। खनन कार्य संचालित करने वाली वैसी कंपनी जो खनन कार्य में रुचि नहीं दिखा रही हैं, उन्हें स्पष्टीकरण कर उनका आवंटन रद्द करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा फरवरी माह के अंत तक खनन विभाग द्वारा चिन्हित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक की नीलामी अथवा आवंटन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।



### मेजर व माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह तक मेजर तथा माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्यवाही पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे कोल ब्लॉक जिनकी नीलामी हो चुकी है और अबतक खनन कार्य शुरू नहीं हुआ है उन सभी कोल ब्लॉकों में खनन कार्य अविलंब चालू कराएं। खनन कार्य विलंब होने से राजस्व का नुकसान होता है, इस बात का ध्यान अवश्य रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैसे कोल ब्लॉक जिनका फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं हो सका है, वैसे कॉल ब्लॉकों के फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु प्रधान सचिव वन विभाग के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुए सभी प्रक्रिया पूरा करें ताकि खनन कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज ब्लॉक के ऑक्शन कार्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस बाधा न बने इसका पूरा ध्यान रखें। बैठक में मुख्यमंत्री ने बालू घाट ऑक्शन की भी जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बालू आसानी से और उचित कीमत पर प्राप्त हो सके, इसके लिए विभाग निरंतर मॉनिटरिंग करे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बालूघाट के टेंडर प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसका निराकरण जल्द कर लें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन विभाग में जियोलॉजिस्ट के स्वीकृत पद के आलोक में कार्यहित को देखते हुए वर्तमान में संविदा पर नियुक्ति करें तथा नियमित नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, खनन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक खनन शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


## रिजर्व बैंक ने लगातार छठी बार रेपो रेट 6.5 फीसदी पर रखा बरकरार

### वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी रहने का अनुमान

**एजेंसी। मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर रखने के मायने हैं कि मकान, वाहन समेत विभिन्न लोन पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा। अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 07 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, ये मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 के 7.3 फीसदी के अनुमान से कम है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक के नतीजों का ऐलान करते हुए यह बात कही। दास ने पत्रकार वार्ता में कहा कि रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी की छह सदस्यीय टीम ने 5-1 की सहमति से नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर कायम रखने का फैसला किया है। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 5.4 फीसदी रहेगी। उन्होंने अगले वित्त वर्ष 2024-25 में इसके घटकर 4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद जताई है।



**क्या है रेपो रेट**

यह एक नीतिगत ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है। फिलहाल रेपो रेट 6.50 फीसदी है।

दास ने बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर है, जो विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए संतोषजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि निवेश चक्र गति पकड़ रहा है, निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में सुधार के संकेत हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, निरंतर वृद्धि पथ पर आत्मविश्वास से प्रगति कर रही है। मालूम हो कि रिजर्व बैंक ने पिछले एक साल से रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट को 6.25 फीसदी से बढ़ाकर 6.50 फीसदी किया था।

## हेमंत ने खुद राजभवन आकर सौंपा था इस्तीफा : राज्यपाल

### पूरे प्रकरण में राजभवन की कोई भूमिका नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद नेताओं की ओर से राजभवन के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राजभवन में गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन के साथ जितने लोग आए थे वे सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन ने राजभवन आकर खुद इस्तीफा सौंपा था। मैंने इस्तीफा देने को नहीं कहा था। इस पूरे प्रकरण में राजभवन की कोई भूमिका नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया था। इस बात का जिक्र खुद हेमंत सोरेन ने अपने इस्तीफे में किया है, जिसमें बताया कि उन्हें ईडी ने हिरासत में ले लिया है इसलिए मैं इस्तीफा देना चाहता हूं। मैंने कहा तो ठीक है मैं मानने को तैयार हूं। राज्यपाल ने बताया कि वे तीन घंटे से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इंतजार कर रहे थे और जब वह आए तो हमने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। संवैधानिक प्राधिकारी के रूप में हम यहां संविधान की रक्षा के लिए हैं और जब वे आरोप लगा रहे हैं, तो सबूत कहां है। कुछ दैनिक समाचार पत्रों ने भी लेख लिखे हैं कि राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी, हमने ऐसा कभी नहीं किया, लेकिन हमने उस अखबार को नोटिस जारी किया है।

**अवैध खनन मामला**

## पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई हुई पूरी फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की विशेष अदालत ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है।

## ईडी ने हेमंत सोरेन केस में कांग्रेस के रास सांसद धीरज साहू को भेजा समन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू को समन भेजा है। एजेंसी हेमंत सोरेन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनका बयान दर्ज करेगी। धीरज साहू के आवास पर बीते दिसंबर में आयकर की अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी हुई थी। इस छापेमारी में उनके ओडिशा स्थित ठिकानों से 351 करोड़ से भी ज्यादा की नगद रकम बरामद की गई थी। बताया जा रहा है कि ईडी को हेमंत सोरेन से धीरज साहू के संबंधों के कुछ सबूत हाथ लगे हैं। बीते 29 जनवरी को दिल्ली में शांतिनिकेतन स्थित सोरेन के आवास से जो बीएमडब्ल्यू कार बरामद की गई थी, उसका संबंध धीरज साहू से होने का संदेह


शेष पृष्ठ 09 पर


### करीबी दोस्त के चैटिंग में ट्रांसफर और पोस्टिंग से लेकर डीलिंग तक के हैं राज

करीबी दोस्त विनोद सिंह की व्हाट्सएप चैटिंग ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। ईडी ने कुल 539 पन्नों में चैटिंग का प्रिंट आउट निकाला है और अब इसके आधार पर उसकी जांच का दायरा अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में कथित तौर पर लेन-देन से लेकर कई तरह के कारोबारी डील तक बढ़ना तय माना जा रहा है। विनोद सिंह रांची के एक जाने-माने आर्किटेक्ट हैं और उनके ठिकानों पर ईडी ने जनवरी महीने की शुरूआत में छापेमारी कर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कई दस्तावेज जब्त किए थे। उन्होंने हेमंत सोरेन को अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मोटी रकम के ऑफर वाले मैसेज भेजे थे। व्हाट्सएप पर झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की परीक्षा के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड सहित कई तरह के दस्तावेज भी हेमंत सोरेन से शेयर किए गए हैं। ईडी ने इस चैटिंग के कुछ अंश अदालत में बुधवार को पेश किए हैं। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि विनोद सिंह की ओर से लेन-देन वाले जो मैसेज भेजे गए थे, उन पर हेमंत सोरेन की ओर से क्या जवाब दिए गए थे। चैटिंग का यह ब्योरा वर्ष 2020 का है। इस चैटिंग को लेकर अब विपक्ष हेमंत सोरेन पर हमलावर है।

## पाक आमचुनाव में हिंसा 5 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार सुबह से आम चुनाव के लिए मतदान के दौरान आतंकी हमला हुआ, जिसमें कम से कम पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में ग्राहा असलम मतदान केंद्र पर एक पुलिस वाहन पर बम हमले में कम से कम चार पुलिस अधिकारी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में बंदूकधारियों द्वारा सुरक्षा बलों के वाहन पर की गई फायरिंग में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, एनए-49 अटॉक में पीएमएल-एन और पीटीआई कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हो गई जिस कारण दो बूथों पर मतदान अस्थायी रूप से स्थगित करना पड़ा। सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर देश में इंटरनेट सेवा बंद कर दिया है।


संबंधित खबर पेज 10 पर


## इंडिया

# युद्ध का मैदान बनने की ओर बढ़ता अंतरिक्ष मिशन



सुनील बादल

*जुलाई* 20, 1969 को नील आर्मस्ट्रांग के चांद पर कदम रखने के बाद वर्ष 1972 में यूजीन सेरनन वह आखिरी इंसान थे जिन्होंने चांद पर अपना कदम रखा था। तब से लेकर अब तक 50 सालों से भी ज्यादा के बाद अमेरिका, चीन, रूस और हमारा देश भारत चांद पर जाने के लिए कई रणनीतिक अंतरिक्ष योजनाओं पर काम कर रहा है। अमेरिका आर्टेमिस प्रोग्राम के जरिए साल 2026 में दोबारा इंसानों को चांद पर उतारना चाह रहा है। इन सब के पीछे एक बहुत बड़ा जियोपॉलिटिकल कारण छिपा है कि चांद एक बहुत बड़ा सेलेस्टियल चॉक पॉइंट बनने जा रहा है, जो शायद अब एक नए ढंग की लड़ाई का मैदान बनने जा रहा है। स्पेस रेस का उद्देश्य अब वैज्ञानिक खोजों और स्पेस एक्सप्लोरेशन से कहीं ज्यादा युद्ध जैसी परिस्थितियों में स्पेस के मेजर चॉक पॉइंट्स पर अपना वर्चस्व स्थापित करना है। इसी को देखते हुए रूस और चीन अपना खुद का स्पेस स्टेशन बना रहे हैं। भारत भी इसमें पीछे नहीं है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का बेसिक मॉडल वर्ष 2028 तक धरती ऑर्बिट में सेट कर दिया जाएगा। वहीं इसे पूरा बनाने का लक्ष्य 2035 तक रखा गया है। आज हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां साइबर स्पेस और स्पेस, वारफेयर के एक नए फ्रंटियर के रूप में उभर रहे हैं। अमेरिका को यह पता है कि जिस तरह फ्रांससीसी और अंग्रेजो ने महासागरों पर वर्चस्व बनाकर दुनियाभर में अपना शासन किया था। ठीक उसी तरह अगर अंतरिक्ष में वर्चस्व जमा लिया जाए, तो पूरी दुनिया में अपना दबदबा बनाया जा सकता है और ये बात रूस, चीन के साथ साथ हमारा देश भारत भी जानता है। हमारे पृथ्वी के आसपास ऐसे कई जरूरी चॉक पॉइंट्स हैं, जहां पर अगर कोई देश कंट्रोल पा ले, तो उस देश को 21वीं सदी के स्पेस रेस में पीछे करना काफी मुश्किल है। इसमें पहली कैटेगरी में अर्थ के तीनों ऑर्बिट जोन्स, लो अर्थ ऑर्बिट, मिडिल अर्थ ऑर्बिट और जियो स्टेशनरी ऑर्बिट शामिल हैं। इन तीनों ऑर्बिट में सैटेलाइट को उनकी जरूरतों को देखकर इंस्टॉल किया जाता है। यही सैटेलाइट दुनियाभर में इंटरनेट, कम्यूनिकेशन, जीपीएस, अर्थ की ऑब्जर्वेशन, वेदर फॉरकास्टिंग से लेकर स्पाई और सर्विलांस करने के लिए इस्तेमाल में आ रहे हैं। विश्व के कई देश इन सैटेलाइट कम्यूनिकेशन नेटवर्क पर आश्रित हैं और हमारा इंडिया भी इनमें से एक है। आज के समय कई जरूरी सी रूट्स जैसे स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज, मलक्का स्ट्रेट, स्वेज कैनाल ग्लोबल इकोनॉमी को पंप करने में एक इंपॉर्टेंट रोल प्ले कर रहे हैं। ठीक इसी तरह धरती के ऑर्बिट जोन में मौजूद ये सैटेलाइट भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए ईंधन की भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज, मलक्का स्ट्रेट, स्वेज कैनाल की तरह ही धरती का ऑर्बिटल जोन भी काफी स्ट्रैटेजिक है। स्पेस में जिस तेजी से अमेरिका, चीन और रूस की मौजूदगी बढ़ रही है। उससे हमारे सैटेलाइट नेटवर्क को भी खतरा है। कल को अगर युद्ध या किसी जियोपॉलिटिकल एजेंडा को पूरा करने के लिए कोई देश हमारे सेटेलाइट नेटवर्क के साथ जरा भी छेड़छाड़ करता है। ऐसे में हमारे देश का कम्युनिकेशन नेटवर्क और इकोनॉमी तबाह हो सकती। इन्हीं खतरों को काउंटर करने के लिए हमारा देश साल 2028 तक इंडियन स्पेस स्टेशन का एक बेसिक मॉडल अर्थ के ऑर्बिट में लॉन्च कर देगा। सैटेलाइट नेटवर्क को प्रोटेक्ट करने के साथ साथ आने वाले समय में इंडिया का यह स्पेस स्टेशन कई जियोपॉलिटिकल एजेंडा को पूरा करने में भी मदद करेगा। स्पेस में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण चॉक पॉइंट चंद्रमा है। चांद पर ऐसे बेशकीमती संसाधनों का भंडार है, जिस पर अगर किसी भी देश का हाथ लग गया, तो उसकी बादशाहत को कोई नहीं रोक सकता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बड़ी मात्रा में क्रिस्टल वॉटर आइस है, जिसके बारे में चंद्रयान वन के इम्पैक्ट लैंडिंग के जरिए पता चला था। भविष्य में इस क्रिस्टल वॉटर आइस को आसानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़कर चांद पर बनी कॉलोनियों में सांस लेने के लिए ऑक्सीजन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यही नहीं चांद के क्रिस्टालाइज वॉटर का इस्तेमाल डीप स्पेस मिशन्स के लिए रॉकेट फ्यूल बनाने में भी किया जा सकता है। चांद पर दूसरा सबसे वैल्यूएबल रिसोर्स है हीलियम तीन। हीलियम 3 एक ऐसा गेम चेंजिंग संसाधन है, जो स्पेस रेस के पूरे डाइनामिक्स को ही बदल के रख देगा। हिलियम 3 नॉन रेडियो एक्टिव क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा स्रोत है। हिलियम 3 के न्यूक्लियर एनर्जी का इस्तेमाल करने पर किसी भी तरह का रेडियोएक्टिव वेस्ट नहीं निकलता है। चांद पर इतनी ज्यादा मात्रा में हीलियम 3 है कि इसकी मदद से पृथ्वी की दस हजार सालों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। ऐसे में भारतीय अंतरिक्ष मिशन की अनिवार्यता भी समझ में आती है।

## रास से 68 सदस्यों की विदाई

### पीएम मोदी ने की डॉ मनमोहन सिंह की सराहना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा ने गुरुवार को फरवरी और मई के बीच सेवानिवृत्त होने वाले सदन के 68 सदस्यों को उनका कार्यकाल पूरा होने पर विदाई दी। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई सदस्यों ने इन्हें अपने विदाई संदेश में शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे आगे भी राष्ट्र सेवा में कार्य करते रहेंगे। यह सदस्य जाते हुए स्मृति की एक विरासत छोड़कर जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्हील चेयर पर भी वे विपक्ष के लिए वोट करने आए थे। उन्हें पता था कि उनका पक्ष हार जाएगा लेकिन फिर भी उनके वोट देने से लोकतंत्र मजबूत हुआ है।



उनका छह बार का राज्यसभा में योगदान हम सबको सीख देता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित कई नेताओं का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है।

## झारखंड में जमीन, खनिज, शराब घोटाला के बाद अब मेधा घोटाला

# मेधा घोटाले में सीएमओ की संलिप्तता : कुणाल षाडंगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच में अब मेधा घोटाला सामने आ रही है। जमीन, खनिज, शराब के बाद अब मेधा घोटाले की बात सामने आने पर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जमीन घोटाले की जांच में जुटी ईडी ने कोर्ट में जमा की गई 539 पन्नों की व्हाट्सएप चैट में राज्य में पिछले दिनों आयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक के मामले में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता पाई है।

### उभरे सवाल

- पुलिस सेवा के किसी भी पदाधिकारी को जेएसएससी के चैयरमैन बनाने की बाध्यता क्यों है?
- प्रश्नपत्र लीक होने पर आंदोलन कर रहे एवं वर्षों से तैयारी करने वाले छात्रों पर मुकदमा क्यों किया गया। वहीं, जेएसएससी के चैयरमैन पर मुकदमा दर्ज क्यों नही हुआ?
- ब्लैकलिस्ट होने की खबर के बाद भी उस एजेंसी को जेएसएससी द्वारा परीक्षा कराने की अनुमति क्यों दी गई?
- पूछे गए प्रश्नों का का स्तर चतुर्थ विभाग के द्वारा पूछे गए प्रश्न से भी निम्न क्यों? निम्न शायद इसलिए भी क्योंकि जब प्रश्न पत्र लीक हो जाये तो जल्द से जल्द इसका उत्तर निकाल कर बिचौलिए एवं दलाल अपने अपने छात्रों को दे सकें?
- 80 अंक पाने वाले सामान्य वर्ग के छात्र का लैब टेक्नीशियन में चयन एवं गृहनगर में पोस्टिंग और 130 अंक लाने वाले छात्र का चयन नहीं ऐसा क्यों?
- 9वीं , 10वीं एवं 11वीं जेपीएससी को छोड़ कर सीधे 12वीं जेपीएससी का चुनाव के समय 17 मार्च को परीक्षा क्यों?
- डीएसपी रैंक के अपने ही पुलिस अधिकारी से मामले की जांच क्यों?

## प्रश्नपत्र लीक मामले में भाजुयमो का राजभवन के पास धरना

# युवाओं के भविष्य का हुआ घोटाला पूर्व सीएम घोटाले में शामिल : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजयुमो ने जेएसएससी प्रश्न लीक मामले को लेकर राजभवन के समीप गुरुवार को एकदिवसीय धरना दिया। धरने में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार के विरोध में भाजयुमो के कार्यकर्ता एकत्र होकर राजभवन के पास धरना में शामिल हुए है, यह भ्रष्टाचार सिर्फ नवजवानों के साथ ही नही पूरे प्रदेश के साथ हुआ है। कहा कि जेएसएससी की परीक्षा की तिथि घोषणा से 2-3 दिन पहले से ही लोग मेरे कि इसमें सीट बेचा जा रहा है। 35 लाख से लेकर 50 लाख तक में सीट बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की बात सुनकर मन में बेचैनी होती थी कि क्या हो रहा है झारखंड राज्य में। कहा कि यह सरकार सिर्फ बच्चो नवजवानों का भविष्य ही नही झारखंड का भी भविष्य बर्बाद करने में लगी है।

### सीबीआई जांच कराने के लिए संघर्ष करें भाजयुमो के कार्यकर्ता



उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग माड़ भात खाकर अपने बच्चों की किसी तरह पढ़ाते हैं, बच्चे दिन रात मेहनत करते हैं ताकि किसी तरह से सफल हो जायें, वैसे होनहर बच्चों के साथ यह सरकार आघात कर रही है। अगर कोई युवा पैसा देकर पदाधिकारी या कर्मचारी बनता है तो यह स्पष्ट है की करप्शन की बुनियाद पड़ेगी और उससे करप्शन ही फले फूलेगा। कहा कि यह पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओ में गड़बड़ी सामने आई थी, लेकिन हेमन्त सरकार मानने को तैयार नहीं थी लेकिन छात्रो ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। कहा कि जब छात्र अपने अधिकार को लेकर सड़क पर उतरते है तो उसके ऊपर लाठी चार्ज कर घायल किया जाता है। संगीन धाराओ के साथ केस कर डराने की कोशिश की जाती है। मैं तो बारबार कह रहा था कि इतना बड़ा पेपर लीक का घोटाला बिना 'उपर' अर्थात मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता के बगैर नहीं हो सकता है। आज यह बात साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बताना चाहिए कि विनोद सिंह कौन है? देश-विदेश की सपरिवार यात्रा में ये हेमंत सोरेन के साथ साये की तरह चलता है। राज्य सरकार की इससे बेशर्मी क्या हो सकती है कि कोयला, लोहा, पत्थर, बालू, जमीन बेचने वाले हेमंत सोरेन सरकार ने गरीबों की नौकरी बेचने का भी काम कर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से अविलंब जेएसएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### हर युवा भ्रष्ट सरकार से परेशान : शशांक राज

**रांची।** झाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने झारखंड का हर युवा छात्र इस भ्रष्ट सरकार से परेशान और तंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि 5 लाख का वादा कर के सत्ता में आई सरकार ने झारखंड के युवाओं की चिंता नहीं की। बेरोजगारी भत्ता देने का झूठा वादा झारखंड के युवाओं से किया। धरना कार्यकम में मुख्यरुप से प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक, महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, रूपेश सिंन्हा, भूपेंद्र सिंह, सूर्यप्रभात, नीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, राजू सिंह, रोहित सिंह रॉनी, पवन पासवान, पूजा सिंह, सुरेश शर्मा, रंजीत नाथ सहदेव, कुंदन कुमार, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, साहित्य पवन, सुभम जैसवाल,अमित अग्रवाल, राजेश साहू, रविंद्र सिंन्हा, विनोद कुमार, विवेकानंद जैसवाल, अमन यादव, तुषार आरव, उज्जवल मिश्रा, राजू पांडे, बसंत पांडे, आयुष सिंह, सिद्धांत राम, तन्मय झा सहित सैकड़ों की संख्या में युवा छात्र शामिल हुए।

### विनोद सिंह के पास एडमिट कार्ड कैसे : दुबे

**रांची।** झारखंड में जेएसएसी, जिसमें हमारे 8 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर था, उसका प्रश्न पत्र लीक होना, तथा उस विनोद सिंह के यहां कुछ एडमिट कार्ड बरामद होना, जिसका पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ लेन-देन का रिश्ता उजागर हुआ है। क्या इस पैसे के लेन-देन या छात्रों के भविष्य को चंद पैसे के लिए बर्बाद करने वाले मास्टरमाइंड तक ईडी की जांच नहीं जानी चाहिए? निशिकांत दुबे ने कहा कि भ्रष्टाचार देखना हो तो झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार देखने झारखंड आइए।

### मुख्यमंत्री चंपई से जेपीएससी सदस्य अजिता भट्टाचार्य ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सदस्य डॉ अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### 11 से 13 फरवरी तक राज्य के कई इलाकों में हो सकती है बारिश

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का देखने को मिलेगा। इस कारण सुबह में कई जिलों में कोहरा व बादल छाये रहेंगे। 11 फरवरी से 13 फरवरी तक कई इलाकों में बारिश की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि पलामू प्रमंडल और उसके आसपास के इलाकों में रूक रूक बारिश होगी। इसके अलावा 12 और 13 फरवरी को राजधानी रांची समेत देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह के कई इलाकों में बारिश की संभावना है। तो वहीं आठ और नौ फरवरी को राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे जा सकता है। उसके बाद तापमान चढ़ने का अनुमान है। बुधवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेसि के आसपास रहा जबकि गुरुवार को यह ग्यारह डिग्री सेसि रहा। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में सुबह सुबह कोहरा व बादल छाये रहने का अनुमान है।

### झारखंड खुला विवि में टीआरएल के शिक्षकों की बहाली जल्द : कुलपति

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में गुरुवार को नागपुरी भाषा विभाग के तत्वावधान में नागपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रफुल्ल कुमार राय की जयंती मनायी गयी। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो त्रिवेणी नाथ साहु ने कहा कि भाषाओं को विकसित करना है तो हमें अपनी दृष्टि नहीं, बल्कि दृष्टिकोण को बदलना होगा। हमारी कोशिश है कि वैश्विक स्तर पर झारखंडी भाषाओं का विकास सुनिश्चित हो, इसके लिए झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि फैकल्टी की बहाली जल्द की जाएगी। इसके लिए रोस्टर बनाकर भेजा जा चुका है।डॉ साहु ने प्रफुल्ल कुमार राय के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज का दिन संकल्प लेने का दिन है। नागपुरी भाषा साहित्य के उतरोत्तर विकास में प्रफुल्ल राय का बहुमूल्य योगदान है। विभागाध्यक्षा डॉ सविता केशरी ने प्रफुल्ल राय की साहित्यिक व सांस्कृतिक परिदृश्य पर चर्चा की।

### झारखंड में 10 से धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाएगा विहिप : चंद्रकांत




**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) झारखंड प्रांत कार्यकारिणी की बैठक हरमू स्थित प्रांत कार्यालय में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की। मौके पर रायपत ने कहा कि विहिप 10 फरवरी से झारखंड में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाएगा। वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाया जाता है। यह अभियान पूरे देश में प्रांत सह विहिप के जरिये अपने-अपने स्तर पर चलाया जाता है। विहिप की ओर से शिक्षा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विहिप कई सेवा प्रकल्प के माध्यम से विद्यालय, प्रशिक्षण केंद्र संचालित करता हैं। इसी तरह पर्यावरण को बचाने के लिए श्मशान घाटों पर अंतिम संस्कार में लकड़ी का उपयोग रोकने के लिए संयंत्र लगाए जा रहे हैं। ताकि गोबर से अंतिम संस्कार हो सकें। अभी तक ऐसे संयंत्र कई श्मशान घाटों पर लगाए गए हैं।बैठक में उपस्थित प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव ने इस अभियान के लिए चंद्रकांत रायपत को प्रांत संयोजक के रूप में नाम प्रस्तावित किया। इसे सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने ओम कार ध्वनि से पारित किया। निधि समर्पण अभियान के संयोजक चंद्रकांत रायपत ने बताया कि संगठन की दृष्टि से प्रांत को 300 प्रखंड के 5000 खंड में बांटा गया है और विगत वर्ष के लक्ष्य से इस वर्ष अधिक से अधिक धन संग्रह करके हिंदू समाज को और भी अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। मौके पर प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने बताया की दो फरवरी से चलकर चार फरवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का प्रांत के 1500 से अधिक लोगों ने केंद्र द्वारा चलाई गई विशेष आस्था ट्रेन से और 200 से अधिक लोग ने अपनी व्यवस्था से दर्शन किया। उन्होंने बताया समाज को मजबूत एवं सुदृढ़ करने के लिए विहिप के माध्यम से प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।

**चंद्रकांत रायपत बने धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के प्रांत संयोजक**

# अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं को ठगने में जुटी है केंद्र सरकार : नेटा डिसूजा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नेता नेटा डिसूजा ने अग्निवीर योजना के माध्यम से केन्द्र सरकार पर लाखों युवाओं को ठगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिए, मोदी सरकार ने 1.5 लाख युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया। इन्हें नियमित भर्ती के तहत कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण के बाद सैन्य बलों में भर्ती होनी थी। भाजपा ने करोड़ों युवाओं को धोखा दिया है। बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर है। 31 जनवरी 2024 को बिहार में राहुल गांधी ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान - "जय जवान" अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध" की शुरूआत की है। इसके जरीए "युवा न्याय" मिलेगा। डिसूजा गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि जय जवान" अभियान की दो महत्वपूर्ण मांगे हैं। इनमें अग्निपथ योजना लागू होने पर 1.5 लाख युवाओं से क्रूरतापूर्वक छीनी गई नौकरियां वापस करने और सैन्य बलों के लिए पिछली भर्ती प्रणाली को बहाल करने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी "जय जवान" अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है और 31 जनवरी से शुरू हुआ यह अभियान 20 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 50 लाख से ज्यादा युवाओं ने 100 करोड़ से अधिक जमा किये परीक्षा शुल्क सेना ने 2020-21 में देशभर में केवल 97 भर्तियां आयोजित हुई। इसमें लाखों युवाओं ने भाग लिया जो शारीरिक-चिकित्सा और दस्तावेज सत्यापन पास कर चुके थे। सेना भर्ती परीक्षा (अंतिम चरण) की प्रतीक्षा कर रहे थे। सेना ने चार बार लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया। लेकिन हर बार परीक्षा स्थगित कर दी गई।

# सरकार और शासन में भयमुक्त अराजकता का पटाक्षेप होना तय : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जो आरोप लगे हैं अब उन आरोपों के सामने आने का दौर आ गया है। जल्द ही आरोपों से पर्दा हटेगा। सरकार और शासन में भयमुक्त अराजकता का पटाक्षेप होना तय है। जनादेश पाना और सत्ता में आना एक बात है। आज राज्य में अराजकता का माहौल है। सरकार अपने वादे से इतर भ्रष्ट इरादे दिखा रही है। राज्य और राज्यवासियों के प्रति समर्पण नहीं होने के वजह से अकसर निर्णय गलत हो जाते हैं। महतो ने ये बातें गुरुवार को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। मिलन समारोह के दौरान पार्टी नेता मो. जुबेर अलाम के नेतृत्व में जेएमएम नेता डॉ पार्थ पारितोष और उनकी टीम समेत हटिया और रांची विधानसभा क्षेत्र के कई डॉक्टरों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि युवा बेहतर भविष्य के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। आप सभी को जनता की सेवा करने का मंच आजसू पार्टी देगी। आपके काम एवं विचार को यहां महत्व और सम्मान मिलेगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले डॉ पार्थ पारितोष ने कहा कि सुदेश जी द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा राज्य के विकास को लेकर उनके विचारों से प्रभावित होकर आजसू में अपनी पूरी टीम के साथ शामिल हो रहा हूं। पार्टी में जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। इससे पूर्व मैं जेएमएम में संयुक्त सचिव था। राज्य में जगह जगह पर जाकर लोगों को हेल्थ से जुड़ी जानकारी देने और उन्हें जागरूक करने का काम किया था, लेकिन इन कामों को जेएमएम ने तरजीह नहीं दी।

### माकपा ने किया राजभवन मार्च

**रांची।** केंद्र सरकार की ओर से विपक्षी राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी, केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग और देश के फेडरल चरित्र को दरकिनार कर विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की संविधान विरोधी भूमिका के खिलाफ गुरुवार को माकपा ने झारखंड में केरल एकजुटता दिवस आयोजित किया। राजभवन मार्च आयोजित कर केरल सरकार के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी और वहां के राज्यपाल की संविधान विरोधी भूमिका का विरोध किया। इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग की। राष्ट्रपति के नाम राजभवन को ज्ञापन सौंपा। राजभवन पर आयोजित विरोध सभा की अध्यक्षता पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा ने की। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी लोकतंत्र विरोधी रवैये को नोट करते हुए गंभीर टिप्पणी की।

# तीन सौ अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ग्रामीण जिला की अध्यक्षता में गुरुवार को मिलन समारोह का आयोजन स्वर्णरेखा बैंकट हॉल में किया गया। इसमें कांग्रेस-झामुमों को छोड़कर मुस्लिम समाज के 300 से ज्यादा लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

मिलन समारोह की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीण अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाअध्यक्ष इमरान खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब के प्रयास के मंत्र पर भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। कहा कि भाजपा हर समाज के लोगों को एक समान समझकर कार्य करती है। कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों को देखकर और उन पर विश्वास जताकर आज भारी तादाद में अल्पसंख्यक समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले में आबिद अंसारी नौशाद आलम, इदरीस अंसारी, निषाद बानो, साबिर अंसारी, शमी अंसारी, अशफाक अंसारी, तोहिद अंसारी, वाहिद अंसारी, अफसर अंसारी, जियाउर अंसारी, इमरान अंसारी, हुसैन अंसारी, परवेज अंसारी आदि थे।

### कांग्रेस देश तोड़ने और मोदी देश जोड़ने की बात करते हैं : बाबूलाल मरांडी



## हाईकोर्ट ने एनआईए से पूछा

# शेल कंपनी में फुलेश्वर गोप डायरेक्टर थे या नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई द्वारा उगाहे गए लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले के आरोपित फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने एनआईए से पूछा है कि वह रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी (आरओसी) कोलकाता से पता कर बताएं कि फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे या नहीं? कोर्ट ने मामले में एनआईए को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 28 फरवरी निर्धारित की है। इस कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी।

आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआई द्वारा अर्जित लेवी का पैसा विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप तीन साल छह माह से जेल में है। मामले को लेकर बेड़ो थाना कांड संख्या 67/ 2016 दर्ज किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले को एनआईए जांच के लिए हैंडओवर किया गया था। इसके बाद एनआईए ने मामले में 2/2018 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। मामले में एनआईए ने प्रथम पूरक चार्जशीट में फुलेश्वर गोप को गवाह बताया था, जबकि दूसरी पूरक चार्जशीट में उसे आरोपित बना दिया था।

# नवीन ने किया डेढ़ करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। पिस्कानगड़ी**
हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने गुरुवार को नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपये से चार विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें नारो पंचायत के पिस्का गांव से बलालौंग को जोड़नेवाली स्वर्णरेखा नदी पर पुल का निर्माण, साहेर पंचायत के सेमरटोली ऊपर मुहल्ला से रोड तक नाली का निर्माण कार्य, नारो में गोसाईं टोली में पीसीसी पथ निर्माण और नगड़ी में बाबू जेनरल स्टोर से रोड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा क्षेत्र का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य में विरोधी सरकार के बावजूद भी हमने जनहित में कई योजनाओं का काम कराया। मौके पर बजरंग महतो, विंध्याचल महतो, केदार महतो, संजय महतो, अनिता देवी, शीला देवी और दिलीप तिर्की आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# रातू में बिजली चोरी के आरोप में चार के खिलाफ केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
बिजली विभाग ने गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ जेई अशोक प्रिय के नेतृत्व में छापेमारी कर चार लोग बिजली चोरी करते धर दबोचा। सभी आरोपियों के खिलाफ 37,250 रुपये जुमार्ना लगाने के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आरोपियों में पार्वती देवी पर 16,556 रुपये, बंधना उरांव पर 8,278 रुपये, राखी देवी और लछु तिर्की पर 6208 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं आरोपियों के घर से उपयोग में लाए जा रहे बिजली तार को जब्त कर लिया।

# जनजातीय क्षेत्रों में विकसित भारत यात्रा का विस्तारित कार्यक्रम शुरू

## शिविरों के माध्यम से आमजन को दिया जा रहा है केंद्रीय योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से इन योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा का विस्तारित कार्यक्रम रांची सहित जनजातीय क्षेत्रों में शुरू हो गया है।

रांची शहरी क्षेत्र में विस्तारित यात्रा की शुरूआत 7 फरवरी से की गई। विस्तारित यात्रा के तहत कुल 28 शहरी निकायों में विकसित भारत यात्रा के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं धनबाद शहरी क्षेत्र के लिए पांच फरवरी से यात्रा की शुरूआत हुई है। इसके तहत वहां 42 शहरी निकायों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। वहीं जनजातीय बहुल इलाकों वाले जिले- दुमका, गोड्डा, गुमला, खूंटी, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, पाकुड़ और सिमडेगा में विकसित भारत यात्रा के विस्तारित कार्यक्रम के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी से कई सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन देश भर के विभिन्न स्थानों से एक साथ लॉन्च करके इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। केंद्र सरकार की यह पहल सुनिश्चित करती है कि राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति यहां तक कि दूरस्थ इलाकों में सभी लोग इन सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

यात्रा के दौरान जनता को ऑन-स्पॉट पीएम उज्वला योजना नामांकन, एमवाई भारत स्वयंसेवक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बड़ी संख्या में नागरिक भी विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ रहे हैं। जो यात्रा में पर्याप्त जन भागीदारी को दर्शाती है। संकल्प यात्रा के जरिये जनता को उनके उचित विशेषाधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## कांके डैम से व्यक्ति का शव बरामद

**रांची।** रांची की गोंदा थाना पुलिस ने गुरुवार को कांके डैम से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त टिकली टोला कांके रोड निवासी प्रवीण सिंह (55) के रूप में की गई है। आशंका जताई जा रही है कि डैम के पास घूमने के दौरान अचानक गिरने से डैम में डूबकर मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ओरमांझी में खड़े ट्रक में लगी आग

**रांची।** राजधानी रांची के ओरमांझी में गुरुववार सुबह खड़े ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटे इस कदर बढ़ी की कुछ ही मिनटों में ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ओरमांझी के चुटुपालु टीओपी के पास रांची-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर खड़ी ट्रक पर भीषण आग लग गयी, जिससे ट्रक जलकर खाक हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेडियर की टीम पहुंची और आग में काबू पाया गया।वहीं, मौके पर पुलिस पहुंच कर यातायात व्यवस्था को दुरत्त किया।

### अटल स्मृति मार्केट में अब भी खाली पड़ी हैं 68 दुकानें, आवंटन के इंतजार में फुटपाथ दुकानदार

# पांडे और अफसरा गुट के कब्जे में दुकानें

**अमित कुमार। रांची**

रांची नगर निगम द्वारा संचालित अटल स्मृति मार्केट में कई दुकानों पर लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। ये कब्जा किसी बाहरी ने नहीं बल्कि मार्केट के दुकानदारों ने ही किया है। वहां कुल 68 दुकाने खाली पड़ी हुई है। यहां के दुकानदार पांडे तथा अफ्सरा गुटों में बंटे हुए है। जिस वजह से मार्केट में विधि व्यवस्था की स्थिति बेहतर नहीं है। कई दुकानदार दबंगई पर उतर आए हैं। ये दुकानदार मार्केट में दुकानदारी कम दबंगई ज्यादा कर रहे हैं। उनमें से कई को एक दुकान आवंटित है, लेकिन दूसरी दुकान पर भी दबदबा कायम रखे हुए है। वहीं दूसरी ओर फुटपाथ पर सालों से व्यवसाय करने वाले विक्रेता मार्केट में दुकान मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि अटल स्मृति वेंडर मार्केट में 20 से अधिक दुकानदारों ने आंवटित दुकानों के साथ- साथ दूसरी दुकानों पर भी कब्जा जमा रखा है। कई दुकानदार ऐसे भी हैं, जो मार्केट में दुकान लेने के बाद भी सड़क किनारे दुकान लगा रहे हैं या अपनी दुकान को किराए पर दे दिया है। अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों के बारे में निगम के अफसरों को जानकारी मिली, तो उन्हें नोटिस भी भेजा है, लेकिन कब्जा जमाए दुकानदारों पर नोटिस का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



### समय सीमा बीतने के बाद भी नहीं हुआ रिन्युअल

मार्केट में दुकानदारों को तीन साल के लिए दुकानें आवंटित की गयी हैं। लेकिन चार साल बीतने के बाद भी दुकानों का कांट्रेक्ट रिन्युअल नहीं हो पाया है। दुकानदारों को कई दफा दुकानों का रिन्युअल कराने को कहा गया, लेकिन अपना प्रभाव को देखते हुए इसे अनदेखा कर दिया गया है।

### टीवीसी चुनाव के बाद व्यवस्था बेहतर होगी सहायक प्रशासक

सहायक प्रशासक निकेश कुमार ने कहा कि व्यवस्था को विधिवत करने का काम चल रहा है। टीवीसी का चुनाव संभवतः इसी माह हो जाएगा। साथ ही कांन्ट्रेक्ट रिन्युअल पर काम और तेजी से हो सकेगा।

### किन दुकानों पर है अवैध कब्जा

| नाम | आवंटित दुकान | कब्जे वाली दुकान |
|---|---|---|
| विक्की कुमार | एफ 102 | जी 18 |
| सुरज कुमार | जी 187 | जी 155 |
| मो. अफशर | एफ 163 | एफ 109 |
| नागेन्द्र पांडे | एफ 180 | एफ 173 |
| मुकेश प्रसाद | एफ 177 | एफ 176 |
| संतोश कुमार | एफ 89 | एफ 191 |
| चिंटु गुप्ता | एफ 183 | एफ 184 |
| रमेश साव | एफ 46 | एफ 47 |
| मो. इम्तयाज | एफ 24 | एफ 22 |
| अजय कुमार | एफ 27 | एफ 18 |
| छोटे लाल दास | एफ 70 | एफ 59 |
| कन्हाइया राम | एफ 51 | एफ 64 |
| अम्बिका साव | एफ 67 | एफ 77 |
| ब्रम्हदेव दास | एफ 59 | एफ 44 |
| जतन घोष | एफ 60 | एफ 41 |
| अशोक राम | जी 205 | जी 01 |
| हीरा लाल चौधरी | जी 75 | जी 74 |
| राजेन्द्र प्रसाद | जी 212 | जी 68 |
| सोनु कुमार | एफ 189 | जी 89 |
| विकास कुमार | जी 100 | जी 78 |

## तीसरे दिन राजभवन उद्यान का 15,524 लोगों ने किया दीदार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजभवन खुलने के तीसरे दिन गुरुवार को 15524लोग वहां पहुंचे और वहां का दीदार किया। इस दौरान राजभवन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सभी लोगों को जांच करने के बाद राजभवन में इंट्री दी गयी। बच्चे, बुर्जग , युवक, युवतियां और महिलाएं सभी राजभवन के आकर्षक गुलाब, झूले, फाउंटेन, झरना और फलदार वृक्ष और औषधीय पेड़-पौधे के साथ मोबाईल से सेल्फी और तस्वीर लेते देखे गये। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।

### संवेदनशील बूथों की रिपोर्टिंग करने का निर्देश

# सभी बूथों पर हर हाल में न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करायें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन जुडे. थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर निर्वाचन कार्यां की बिंदुवार समीक्षा की गयी।



**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में किये गये कार्यों की सराहना**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में किये गये निर्वाचन कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एसएसआर अवधि में जिला में निर्वाचन कार्यों को सही से संपादित करने के लिए आप सभी का साधुवाद। उपायुक्त ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार फॉर्म 6,7 और 8 का आवेदन प्राप्त कर निष्पादित करें।

**बूथों पर हो पानी,बिजली :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक के दौरान विधानसभावार बूथों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की जानकारी ली। सभी बूथों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश उन्होंने सभी ईआरओ/एईआरओ को दिया। उपायुक्त ने कहा कि बूथों में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार रैंप का निर्माण करायें।

## घायल जवान आकाश खतरे से बाहर, डीजीपी ने की मुलाकात

**रांची।** 7 फरवरी की शाम चतरा में हुए नक्सली हमले में घायल जवान आकाश सिंह अब खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। उनका इलाज रांची के ऑर्डिक अस्पताल में चल रहा है। गुरुवार को राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह भी मिले और हौसला अफजाई की। उनके साथ कई वरीय पुलिस अधिकारी मौजूद थे। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि आकाश सिंह की पीठ में गोली लगी थी लेकिन इंटरनल ऑर्गन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आकाश का इलाज डॉ रंजन कुमार, डॉ सुमन सौरभ और क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट की देखरेख में चल रहा है। उनके परिजन भी अस्पताल में मौजूद हैं। आकाश सिंह मूलरूप से बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं। बता दें कि वन विभाग को जानकारी मिली थी कि चतरा के सदर थाना क्षेत्र के बैरियो के घने जंगल के आसपास अफीम की बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। इस इनपुट के आधार पर सदर और जोरी थाना की पुलिस फसल को नष्ट करने गई थी।

## मंत्री बनने की होड़ में जुटे सत्ता पक्ष के कई विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 16 फरवरी को मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। तिथि बुधवार को पुनर्निर्धारित की गई। राजभवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अनुरोध पर आठ फरवरी 2024 को निर्धारित मंत्रिपरिषद के सदस्यों के पद-शपथ अनुष्ठान को स्थगित किया और सीएम के आग्रह पर अब यह शपथ ग्रहण 16 फरवरी 2024 को दोपहर तीन बजे होगा। ज्ञात है कि सीएम चम्पाई सोरेन ने दो फरवरी को कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद विधायक दल के नेता सत्यानंद भोक्ता के साथ शपथ ली थी। दूसरी ओर महागठबंधन के सहयोगी झामुमो और कांग्रेस के रणनीतिकार नाम फाइनल करने में जुटे हुए हैं।



बताया जा रहा है कि झामुमो में ज्यादा खींचतान नहीं है। हेमंत सोरेन की गैर मौजूदगी में पार्टी में एकजुटता को अक्षुण रखने भी शीर्ष नेतृत्व की प्राथमिकता है। झामुमो कोटे से दुमका के विधायक बसंत सोरेन या सीता सोरेन में से एक के लिए जगह तय है। इसके अतिरिक्त संताल परगना क्षेत्र से आने वाले वरीय विधायकों को जगह देने पर मंथन जारी है। प्रमंडलवार क्षेत्रीय संतुलन को साधकर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल झामुमो का गढ़ है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन खुद कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार में गठबंधन में शामिल कांग्रेस के कुछ विधायकों में मंत्री बनने की होड़ देखने को मिल रही है।

## ओबीसी चेयरमैन से मिले कैलाश यादव




**रांची।** झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव ने ओबीसी चेयरमैन कैप्टन अजय यादव से गुरुवार को शिष्टाचार मुलाकात कर झारखंड में ओबीसी समाज के मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। कैलाश यादव ने बताया कि झारखंड में ओबीसी लगभग 60 फीसदी है। उसके बावजूद यहां ओबीसी को मात्र 14 फीसदी आरक्षण मिला है। झारखंड निर्माण के उपरांत राज्य में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलता था। लेकिन प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली सरकार ने ओबीसी आरक्षण घटा कर 14 फीसदी कर दिया। इस वजह से लगभग 20 लाख ओबीसी नौकरी पाने में असमर्थ रहे। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातीय जनगणना और ओबीसी का आरक्षण सीमा बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए आप झारखंड सरकार से बात कर ओबीसी का आरक्षण पूर्व की भांति करने की बात के साथ ही जातीय जनगणना अविलंब लागू करने को लेकर हो। इस संदर्भ में चर्चा पर कैप्टन ने हामी भरते हुए उन्हें उम्मीद दिलायी। मौके पर ओबीसी आरक्षण मंच के महासचिव सुधीर गोप मौजूद थे।

## मारवाड़ी कॉलेज के विद्यार्थी शिमला के लिए रवाना



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज ,रांची ,भूगोल विभाग के तत्वावधान में यूजी5 और पीजी3 के 95 विद्यार्थीगण, लघु भौगोलिक यात्रा हेतु रांची रेलवे स्टेशन से दिल्ली - शिमला- मनाली के लिए रवाना हुए (8 दिनों की). विभागाध्यक्ष डॉ .निवेदिता पॉल ने वीडियो कॉल के माध्यम से सभी को खुशहाल ,स्वस्थपूर्ण,शैक्षणिक यात्रा हेतु शुभकामना दिए । साथ ही कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामना देकर विदा किया। भौगोलिक यात्रा की अध्यक्षता डॉ .रीना कुमारी (सहायक व्याख्याता),राजेश डांग(सहायक व्याख्याता)एवं विभाग सहकर्मी प्रदीप प्रजापति के द्वारा की जा रही है।

## सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को लखनऊ से किया गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल त्रिपाठी और देव प्रकाश शामिल है। इनके पास से दो मोबाईल फोन, चार सिम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक चेक बुक, एक एटीएम कार्ड और मोबाईल से मामले के ट्रांजेक्शन के साक्ष्य बरामद किये गये है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि सात दिसम्बर को 2023 को एक युवती ने साइबर काइम थाने में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि युवती से टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया जिसमें लूडो और फिशडोम को लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया। इसके पश्चात उन्हें टेलीग्राम प्रोफाईल पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। फिर उनसे यह कहा गया कि पैसे को क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर दिया जाएगा। इससे मिलने वाले लाभ को ग्लोबल कम्पनी के साईट पर दिखाया जायेगा। इसके बाद युवती को इन्वेस्ट किये हुए पैसे फेक वेवसाइट में दिखना शुरू हो गया, जिससे वह झांसे में आ गई। झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गये लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया। इस तरह से इनके साथ कुल 63 लाख 98 हजार 824 रुपये का साईबर ठगी कर लिया गया। इस अपराध को करने के लिए इसके लिए युवती से अलग-अलग बैंक खाताओ में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया।

## रांची विश्वविद्यालय, का 37वां दीक्षांत समारोह 15 मार्च को




रांची। विश्वविद्यालय, राँची द्वारा 15 मार्च 2024 को आयोजित 37 वाँ दीक्षांत समारोह 2024 में भाग लेने वाले इच्छुक विद्यार्थी जो 1 फरवरी 2023 से 31 जनवरी 2024 के बीच स्नातकोत्तर/ पी.एच.डी./ एम.डी./ एम.एस./ एम.फिल./ डी.एससी/ डी.लिट. परीक्षा में उर्तीण हुए हैं, वे दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रमाण पत्र हेतु बेवसाइट से विहित प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन कर सकते है। आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन अंक-पत्र संलग्न करते हुए निर्देशक, कम्प्यूटर सेन्टर, केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर, मोरहाबादी, राँची में दिनांक 07 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

# निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय : मनरेगा आयुक्त

### मनरेगा आयुक्त ने की मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल रूप प्रदान करना प्राथमिकता : मनरेगा आयुक्त**

**योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने का मनरेगा आयुक्त ने दिया निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने आज वर्चुअल माध्यम से मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल रूप प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इस हेतु लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करें ताकि निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय। बिरसा सिंचाई कूप योजना की समीक्षा करते हुए मनरेगा आयुक्त ने योजना के अंतर्गत लाभुकों के चयन/स्वीकृति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मनरेगा के अंतर्गत में बिरसा सिंचाई कूप योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध किये गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी गयी। बैठक में उपस्थित सभी डीडीसी को निर्देश दिया गया कि प्रखंडवार/ पंचायतवार सिंचाई कूप के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा किया जाए और अपेक्षाकृत कम प्रगति करने वाले जिलों को कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया।मनरेगा आयुक्त ने कहा कि सभी कार्यों का धरातल पर उचितअनुश्रवण/ पर्यवेक्षण आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को सभी एक्टिव साईट व मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण करने हेतु निदेशित किया। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहें। मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने बिरसा सिंचाई कूप योजना मनरेगा से दिए जाने वाले सिंचाई कूप की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि कोई भी सुयोग्य लाभुक बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभ से वंचित नहीं हो।

## कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने बांटे 6000 उनी वस्त्र



**रांची।** परमहंस श्रीश्री 1008 डाइ्ट स्वामी सदानंद जी महाराज के मार्गदर्शन और आदेशानुसार एवं श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल व सचिव मनोज चौधरी के निदेर्शानुसार सामाजिक व धार्मिक संस्था एमड्टआरड्टएसड्टश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट( रजिस्टर्ड ) दिल्ली, शाखा रांची के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 2023-24 में इस वर्ष पड रही भीषण ठण्ड के मौसम में झारखंड की राजधानी राँची के आसपास के गाँवो एव गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले जरूरतमंदो एव स्लम एरिया के कमजोर वर्ग के महिलाओ, पुरुषों एव बच्चो के बीच ट्रस्ट ने लगभग 6000 से ज्यादा कम्बल एव उनी वस्त्रों का निःशुल्क वितरण किया गया। गाँव और आसपास के स्लम एरिया के कमजोर वर्ग के आये हुए महिलाओ और पुरुषों के बीच ऊनी वस्त्र (टोपी-मोजा मफलर व कंबल आदि) का वितरण किया गया।

## 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल

**रांची।** सीबीआई ने रांची की विशेष अदालत में 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले में छानबीन की गई, मगर घोटाले को लेकर छानबीन के दौरान कोई ठोस साक्ष्य हासिल नहीं किए जा सके। इसलिए इस मामले को बंद कर दिया जाए। कोर्ट में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट जमा कर ली गई है। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 25 अप्रैल 2022 को राष्ट्रीय खेल घोटाले को लेकर दो प्राथमिकी दर्ज की थी। पहली प्राथमिकी होटवार स्थित स्पोर्टस कांप्लेक्स निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर की गई थी। इस मामले में सीबीआई ने अज्ञात पब्लिक सर्वेंट्स एवं अज्ञात प्राइवेट पर्सनस के खिलाफ जांच प्रारंभ की थी। इसी मामले में सीबीआई ने डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच की. वही, दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर अदालत 20 फरवरी को सुनवाई करेगी।

# जेएससीसी सीजीएल पेपर लीक मामले में 500 करोड़ का घोटाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामला, 31 जनवरी को 4000 निर्दोष छात्रों पर हुई गैर जमानती एफआईआर और आगे की रणनीति को लेकर झारखण्ड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जेएसएसयू प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि 24 साल के झारखण्ड के इतिहास का सबसे बड़ा नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा है, इसमें लगभग 7 लाख 50 हजार छात्र फार्म भरे, 6 लाख 40 हजार एडमिट कार्ड जारी किया गया, 24 जिलों समेत अनुमंडल में कुल लगभग 1500 परीक्षा केंद्र पर 2 दिन में परीक्षा लेने का तैयारी किया गया, इस परीक्षा का तैयारी पिछले 10 वर्षों से झारखंडी आदिवादी मूलवासी किसान मजदूर गरीब के बेटे छात्र दिन रात एक करके तैयारी किया, लेकिन 28 जनवरी को परीक्षा से पेपर लीक होने पर सभी छात्रों का सपना चकनाचूर हो गया। पेपर लीक का ठोस सबूत पाने के बाद सीबीआई जांच, एजेंसी ब्लैकलिस्टेड अध्यक्ष का इस्तिफा और तत्काल विश्वसनीय एजेंसी का टेंडर कराकर परीक्षा का अयोजन करने की मांग को लेकर झारखण्ड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान करते हुए 29 जनवरी को सम्पूर्ण झारखंड में जेएसएससी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया, दूसरे दिन सम्पूर्ण झारखंड में कैंडल मार्च निकाला गया, मांग पूरी नहीं होने पर अन्ततः 31 जनवरी को जेएसएससी कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। 500 करोड़ से ज्यादा घोटाला करने वाले पेपर लीक गिरोह को बचाने की साजिश से आयोग के अध्यक्ष और प्रशासन द्वारा सुनियोजित तरीके भाड़े से असामाजिक तत्व को बुलाकर कर उपद्रव मचाया गया। आयोग को क्षति पहुंचाने वाले एक भी छात्र नहीं ये सभी बाहरी उपद्रवी है इसका पुष्टि आयोग के सीसीटीवी कैमरे फुटेज को सार्वजनिक कर किया जाय, और दूसरी ओर 15 नामजद समेत कुल 4000 छात्रों पर गंभीर से गंभीर आरोप लगाते हुए फर्जी गैर जमानती मुकदमा करके परेशान किया जा रहा है।




# उर्वशी पाण्डेय बनी रांची की जिला जनसंपर्क पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**जन-संपर्क विभाग ने सूचना जारी कर दी**

राज्य सरकार ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में गुरुवार को सूचना एवं जन-संपर्क विभाग ने जारी कर दी है। साथ ही कई लोगों को अपने कार्यों के अलावा अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। धनबाद के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय को रांची का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि रांची के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर को रामगढ़ का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार पलामू प्रमंडल के मेदनीनगर उप जनसम्पर्क निदेशक आंनद को उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल का उप जनसम्पर्क निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। संजीव कुजूर को पलामू प्रमंडल मेदनीनगर का उप जनसम्पर्क निदेशक, रश्मि सिन्हा को जामताड़ा का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, रवि कुमार को कोडरमा का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पलटू महतो को गुमला का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अविनाश कुमार को सरायकेला झखरसांवा का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, राहुल कुमार भारती को देवघर का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचानद उरांव को जमशेदपुर का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, शिवनंदन बड़ाईक को लोहरदगा का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, रोहित कुमार को हजारीबाग का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, रोहित कन्डुलना को दुमका का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय को बोकारो का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, असीम कुमार को पलामू को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बनाया गया है।

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची

## एक नजर

### अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक सुविधा युक्त नए भवन का उद्घाटन

**बानो।** रेलवे स्टेशन के नए भवन में रेल परिचालन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक सुविधा युक्त नए भवन का उद्घाटन किया गया। स्टेशन प्रबंधक सुधीर अनिल तिग्गा ने बताया कि नए भवन में रेल परिचालन हेतु स्टेशन में आधुनिक इलेक्ट्रानिक सुविधा लगाया गया है जिससे रेल परिचालन सही तरीके से किया जाएगा। स्टेशन भवन में नए सिग्नल सिस्टम, रेल ट्रेक बदले के लिए उच्च तकनीकी से लैस बैटरी एवं बिजली की सही सुविधा लगाई गई है। जिससे ट्रेक बदलने के लिए पैनल सही काम कर सकेगा। उन्होंने बताया कि बानो रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। आनेवाले समय में बानो स्टेशन में यात्रियों के लिए कई सारी सुविधाएं रेलवे की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा।

### ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर किसान से 53 हजार की हुई ठगी

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के राजाबासा गांव निवासी जोनसन सुरीन से कृषि विभाग का अधिकारी बनकर 53 हजार रुपए ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीडित जोनसन ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जोनसन ने बताया कि उनके पास कुछ दिन पूर्व एक फोन आया था। फोन में बात करने वाला व्यक्ति स्वयं को कृषि विभाग का अधिकारी बताया। साथ ही कृषि विभाग से उनके नाम पर ट्रैक्टर निकलने की बात कही। साथ ही रजिस्ट्रेशन के लिए 15 हजार रुपए ऑनलाईन ट्रांसफार करने की बात कही। जोनसन भी ठग के झांसे में आ गया और खाता नं 1918010046206 में 15 हजार रुपए जमा कर दिया। इसके बाद पुनः 26 जनवरी को 33 हजार और डाला। युवक को ठगी होने का अहसास होने पर उन्होंने थाना में जाकर लिखित शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।







**डीसी साहेब! कभी समय निकालकर हमारे गांव आइए, हमें मनरेगा से काम तक नहीं मिलता**

# जलडेगा का सिलिंगा डोंगीझरिया गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित

**आलोक कुमार साहु, जलडेगा**
नेटवर्क खराब हैं यहां, रोड खराब है यहां, गांव में एक नल तक नहीं, गंदे पानी को पी रहे हैं, कोई सुविधा नहीं है चुनाव पहुंचने वाला है लेकिन अब भी कोई नेता, विधायक या प्रशासन हमारी खोज-खबर लेने नहीं आ रहा। 60 साल का ललका सिंह गुस्से में कहता है। ललका सिंह जलडेगा प्रखंड के टीनगिना पंचायत अंतर्गत सिलिंगा डोंगीझरिया का रहने वाला है। इस गांव के ग्रामीण आज भी सड़क, पानी, नेटवर्क जैसे बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। स्वच्छ पेयजल और सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों की समस्याएं दूर होने का नाम नहीं ले रही है। चारो ओर पहाड़ों से घिरे इस गांव में लगभग 18 परिवार रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई वर्षों से उन्हें आज तक मनरेगा से रोजगार तक नहीं मिला है। गांव में न रोजगार सेवक आते हैं ना कोई जनप्रतिनिधि। सिर्फ वोट डालकर सरकार बना रहे हैं इसके बावजूद भी हमारी समस्याओं को समझने वाला कोई नहीं है।

**आज तक 100 दिन का नहीं मिला रोजगार :** इस गांव में 2 से 3 परिवार को छोड़ दिया जाए तो इसके बाद किसी भी परिवार को 2005 से आज तक 100 दिन का मानव दिवस रोजगार नहीं मिला है। ग्रामीण ललका सिंह, सुखनाथ सिंह, लोकनाथ सिंह, सोमरा सिंह, भरथू सिंह, गोम्हा सिंह, शंकर सिंह, मनभरण सिंह, खिरोधर सिंह, तिजो देवी, मोहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, देवाल सिंह, घुरन सिंह, सुखदेव सिंह, छतीश सिंह ने बताया कि उनके द्वारा गांव में रोजगार गारंटी का काम चालू करने की मांग कई बार किया जा चुका है। लेकिन भी इस गांव में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत नहीं किया गया। ग्रामीणों ने सिमडेगा डीसी को मीडिया के माध्यम से गांव बुलाने का इच्छा जाहिर किया है। उनका कहना है जब तक कोई बड़ा अधिकारी गांव नही आयेगा उन्हे हमारी परेशानी नहीं समझ आएगा।

**नागपुरी भाषा की परीक्षा में छह विद्यार्थी शामिल हुए**

# जैक की परीक्षा में कड़ाई



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के जलडेगा हाई स्कूल सेंटर में जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में आठ फरवरी को निर्धारित नागपुरी भाषा की परीक्षा हुई। जिसमें धनुर्जय सिंह हाई स्कूल लोम्बोई के छह विधार्थी शामिल हुए। बताते चलें की जैक द्वारा आयोजित मेट्रिक की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जलडेगा, प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल जलडेगा, धनुर्जय सिंह हाई स्कूल लोम्बोई, जयंती उच्च विद्यालय गांगुटोली, अपग्रेड हाई स्कूल टिनगीना, हाई स्कूल बांसजोर के कुल 1140 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त बनाने हेतु विद्यालय को सीसीटीवी से लैस किया गया है वहीं जलडेगा पुलिस एवं होमगार्ड के जवान भी मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट के रूप में टी टांगर बीडीओ पंकज कुमार भी परीक्षा के दौरान सेंटर में मौजूद थे।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने पाकरटांड प्रखंड क्षेत्र का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने गुरुवार को पाकरटांड़ प्रखण्ड का भ्रमण किया।आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पाकरटांड़ प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के बूथ हल्दीबेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हेतु सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ने हल्दीबेड़ा, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने एवं शौचालय निर्माण कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी व मुखिया को महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय मुखिया से हल्दीबेड़ा क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या एवं बूथ से संबंधित आवश्यक जानकारी लिया। साथ ही उपायुक्त ने आवागमन खराब पथ को देख पंचायत मद से जगह- जगह पर पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराने हेतु मुखिया को निर्देश दिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त से मोबाइल नेटवर्क की सुविधा बहाल कराने की बात कहीं गई।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्कूली बच्चों से मुलाकात कर पठन-पाठन एवं मध्याह्न भोजन से संबंधित जानकारी लिया। उन्होंने ने विद्यालय में बच्चों की कम उपस्थिति को देख मुखिया को गांवों में अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने हेतु जागरूक करने की बात कहीं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# आईटीआई कॉलेज सिमडेगा में 'युवा कार्यशाला' का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
आई टी आई कॉलेज सिमडेगा में कॉलेज के प्रिंसिपल युद्धनाथ टुडू के सानिध्य में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा युवाओं की समाज में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 'युवा कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इसके बाद समाज में चल रही समस्याओं पर बात किया गया इसके उपरांत पीपीटी प्रेजेंट कर 'युवा सेवा सदन' गठित कर समाज में कैसे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं इस पर बृहत चर्चा की गई। साथ ही कैसे विद्यालय के बच्चों का ड्रॉप आउट रोका जा सकता है, एमडीए राउंड, जिले में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा चलाये जा रहे प्रोग्राम को कोलाबोरेशन और कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्य कर रही है इस पर भी बात की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के पप्रोफेसर, सीटीओ नवीन, मंटू कुमार, गोपाल प्रधान, प्रसांत कुमार पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर, मनीषा नेगी एवं गांधी फेलो सत्या सिंह के साथ 70 से ज्यादा युवा उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कलीसिया समुदाय का समाजिक विकास में अहम योगदान : नमन बिक्सल कोंगाड़ी



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा जीईएल चर्च के गिरजाघर संस्कार समारोह में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी शामिल हुए। मौके पर ऐडेगा पास्टोरेट तथा कोलोमडेगा माता मंडली के लोगों के द्वारा उन्हें स्वागत किया गया। विधायक ने पूरे पास्टोरेट तथा मंडली के सभी भाई बहनों चर्च के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा आप लोग हमेशा हमें इस समारोह में बुलाते आए हैं और हम भी आप सभी के प्यार के चलते यथा संभव शामिल होने का प्रयास किया ।आप लोग सभी एकजुट होकर अपने समाज घर कलीसिया को जागरुक एवं विकास करें ईश्वर के बताए हुए रास्ते पर एकजुट होकर चलें विभाजन करने वाली शक्तियों से दूर रहें।कार्यक्रम में स्थानीय पास्टोरेट की पादरी सुडालेन तोपनो, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल समद, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ केरकेट्टा, ऐडेगा पंचायत अध्यक्ष विनय बिलूंग, चर्च के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपसी विवाद में चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से मार कर भाई की हत्या की



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमटोली पंचायत के सेरेंगटोली गांव में चचेरे भाई पावल बागे ने अपने भाई को कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी, मृतक की पहचान प्रभु सहाय बागे के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया ,वह इस मामले में आरोपी चचेरे भाई पावल बागे को गिरफ्तार करते हुए आगे कार्रवाई में जुटी। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दोनों भाई केराटोली गांव में आयोजित शादी समारोह में गए थे और दोनों ने शराब का सेवन किया जिसके बाद घर की ओर लौट रहे थे, किसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी हुई और गुस्से में आकर प्रभु सहाय के ऊपर पावल बागे के द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया ,इधर धारदार कुल्हाड़ी में चोट लगने की वजह से घटनास्थल पर ही प्रभु सहाय की मौत हो गई। पुलिस हत्या के सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन कर रही है वहीं इस संदर्भ में कोलेबिरा थाना में हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेजने की तैयारी में जुड़ चुकी थी समाचार लिखे जाने तक आरोपी जेल नहीं भेजा गया था।

### भारत जोड़ो न्याययात्रा के दौरान गिरकर घायल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता से मिले कोलेबिरा विधायक



**ठेठईटांगर।** राहुल गांधी द्वारा 6 फरवरी को आयोजित भारत जोड़ो न्याययात्रा के दौरान ठेठईटांगर में गिरकर घायल हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता सरफराज आलम से गुरुवार को विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उचित इलाज एवं समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। मौके पर सरफराज ने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार उसका हाथ में फ्रेक्चर है। सूजन की वजह से अभी सिर्फ दवा चल रही है और जल्दी इस पर प्लास्टर की जाएगी ।मौके पर विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने इलाजखर्च राशि प्रदान की तथा हर मदद का आश्वासन दिया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष समी आलम, रावेल लकड़ा, अशफाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, राजा, कासिफ, अरमान मिंज, आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार का आयोजन कर उपायुक्त ने लोगों की सुनी समस्याएं



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, आदर्श ग्राम में गांव चयन, बिजली कनेक्शन दिलाने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये।उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव उपस्थित थे।

### कोनसोदे बाजारटांड में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने की ग्रामीणों के साथ बैठक

**बानो।** प्रखण्ड के कोनसोदे बाजारटांड में बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई।बैठक में ग्राम कोनसोदे में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए मॉडल विद्यालय कोनसोदे में चल रहे कार्य मे मजदूरों को मात्र 200 मजदूरी दो जा रही है।इस पर उचित मजदूरी देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन उपायुक्त सिमडेगा को देने का निर्णय लिया गया ।कामेश्वर सिंह ने बताया कि विधायक कोचे मुंडा को इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी थी इसी आधार पर बैठक का आयोजन किया गया।जो सही पाया गया।बैठक में कौनसोदे मुखिया सीता कुमारी, पंचू साहू ,रामप्रसाद, सुशीला देवी ,द्रोपदी देवी ,लूसिया मुंडू आदि लोग उपस्थित थे।

# बानो सीआई को भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
अंचल कार्यालय बानो में गुरुवार को सीआई अशोक बड़ाईक के तबादला होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।मौके पर अंचल कार्यालय बानो की ओर से शॉल ओढ़ाकर तथा बुके व उपहार देकर बिदाई दी गई। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा सरकारी नौकरी में तबादला साधारण प्रक्रिया है।आपके मिलनसार व्यवहार हमेशा याद रहेगा । प्रखण्ड सह अंचलाधिकारी बानो नैमुदिन अंसारी ने कहा जब मैं बानो आया तो अशोक बड़ाईक के बेहतर कार्य मुझे प्रभावित कर दिया।साथ साथ पूरे प्रखण्ड के कार्य के बारे जानकारी देता रहा। जीवन में एक जगह से दूसरे जगह आना जाना नौकरी का एक हिस्सा है।सभी कर्मचारियों को एक परिवार की तरह रख कर कराने तथा आपस में एक दूसरे मिलकर कार्य करनेमे इनका सहयोग हमेशा याद रहेगा । मुझे जानकारी मिली है कि अशोक बड़ाईक जल्द सीओ पद पर प्रदोन्नति होने वाले हैं। इसके लिए पूर्व ही इन्हें बधाई देता हूँ। मौके पर मिथिलेश गुप्ता, सिद्धार्थ कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

**नगाड़ा पिटावन रैली को लेकर झारखंड पार्टी की हुई बैठक**

# कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं : एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के लोम्बोई में 12 फरवरी को होने वाले नगाड़ा पिटावन रैली के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को लोम्बोई बाजार परिसर में झारखंड पार्टी की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। जहां पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होनी चाहिए इसके लिए कार्यकर्ता अभी सही प्रचार प्रसार करें, ताकि प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक गांव से यहां पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांत को जानते हुए आगामी चुनाव की तैयारी का बिगुल फूकें। श्री एक्का ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं और वही मजबूत कर सकते हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आगामी लोकसभा एवं विधानसभा की दशा और दिशा तय करेगी इसलिए सभी लोग इसे गंभीरता से ले। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राज्य में शोषण अत्याचार लूट हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ रही है इससे लोग परेशान हैं और इस सरकार को लोगों ने सत्ता से बाहर करने का मूड बना लिया है ऐसे में झारखंड पार्टी को विकल्प के रूप में लोग चुनेंगे। मौके पर उन्होंने उक्त रैली को आयोजित करने के लिए आयोजन समिति का गठन किया जिसमें अशयन डांग,कोमल कंडुलना, सुजीत तोपनो,फिलिप होरो, लॉरेंस मुंडू,संजय डांग,बिमल मुंडू, जवाकिम टोपनो, जोहन तोपनो,लीबियन बागे,जॉन तोपनो, दिलीप तोपनो, सहित 19 सदस्यों की टीम का गठन किया है जिनके मार्गदर्शन में प्रखंड में होने वाले रैली का सफलतापूर्वक संचालन हो सके। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, महिला मोर्चा आइरिन एक्का, बोलबा जीप सदस्य अनिता सोरेंग,कार्यकारी अध्यक्ष आकाश साहू, आशीष सिंह, बालेश्वर नाग आदि मौजूद रहे ।

### साइंस ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छह बच्चों ने जीता स्वर्ण

**कोडरमा / झुमरी तिलैया ।** एसओएफ द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छह बच्चों ने गोल्ड मेडल जीता है। साइंस ओलंपियाड में जूही झा, कृष कुमार यादव, आभास जेठवा, आलोक कुमार सिंह, अनीश कुमार को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट मिला है। जबकि अनन्या सिन्हा को इंग्लिश ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल की प्राप्त हुआ है। बच्चों ने ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी शिक्षक किशोर कुणाल और कुंतल जेठवा की देखरेख में की थी। सभी बच्चों को बुधवार को स्कूल के असेंबली में सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि इस स्कूल के बच्चे हर प्रकार की परीक्षा में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। स्कूल निदेशक प्रमोद कुमार और पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार ने स्कूल असेंबली में बच्चों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देर उनका हौंसला बढ़ाया।

# जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान

# विधायक के निर्देश पर पीड़ितों से मिले कांग्रेसी नेता



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर से जंगली हाथियों का आतंक शुरू हो गया है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात प्रखंड के परबा एवं टाटी पंचायत में जंगली हाथियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया हाथी घरों के साथ-साथ घर में रखे अनाज को भी काफी नुकसान पहुंचाया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के निर्देश पर उनके कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने परबा एवं टाटी पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। टाटी से बसंत कांडूलना, इग्नेश कांडुलना, सुशील कांडुलना, मार्सेल कांडुलना का घर ध्वस्त कर दिया है।एवं परबा से पुष्पा लकड़ा आदि के घर को हाथी के द्वारा छतिग्रस्त कर दिया है। उन पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनको चावल, दाल दिया गया।साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया वही मौके पर सेमरमुंडा गांव निवासी बासिल कंडुलना जो की हाथी के हमले से घायल हो गए थे, उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया । प्रखंड अध्यक्ष सुशील जडिया ने कहा कि विधायक का सख्त हिदायत वन विभाग को दिया गया है कि उक्त क्षेत्र से दुबारा किसी का जान न जाए इसके लिए हमेशा सजग रहे।उन्होंने कहा कि आज जो समस्या है वह हाथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की हैं। आज जंगलो में हाथियों के खाने का पेड़-पौधे व भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गांवों में हमला कर रहे है।मौके पर सचिव पंकज कुमार साहु, परबा पंचायत अध्यक्ष मशीदास तोपनो, ओमप्रकाश कांडुलना एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चलो गांव की ओर के लिए बूथ स्तरीय बैठक

**केरसई।** केरसई मण्डल अंतर्गत किनकेल पंचायत के बेतमा ग्राम में गांव चलो अभियान के तहत मण्डल अध्यक्ष मानकी लाल की अध्यक्षता में बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बूथ और मण्डल स्तर के कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिमडेगा विधान सभा के विस्तारक शशि दास ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से हमलोग ग्रामीण स्तर के लोगों को मोदी सरकार के योजनाओं को बताना है। जैसे किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, महिला सशक्तिकरण, पी. एम. आवास, हर घर नल जल योजना, अटल पेंशन योजना, विश्वकर्मा योजना, स्कील डेबलपमेंट, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उज्वला योजना इत्यादि बहुत सारे योजना हैं जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं ,लेकिन उनको यह मालूम नहीं है कि ये किसकी देन है। इसी बात की जानकारी हमें लोगों को देनी है।

# विधायक ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जाना मरीजों का हाल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने गुरुवार को सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । मौके पर बताया गया कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ओड़गा सेहरमुण्डा के बासिल कण्डुलना को हाथी द्वारा घायल कर दिया है।बताया गया कि हमलें में उक्त मरीज का कमर का हड्डी टूट गया है। मौके पर विधायक ने घायल का हाल चाल की जानकारी प्राप्त की एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को फोन कर उचित कार्रवाई करते हुए मुआवजा की बात कही। वही जिसके बाद विधायक के द्वारा दोनों वार्ड में मरीजों से मिलकर उनके बीमारी के बारे में जानकारी प्राप्त की।मरीजों ने अपने अपने बीमारी की जानकारी दी।किसी ने ब्लड की कमी, किसी ने थलैसिमिया के बारे जानकारी दी।कुरडेग की एक मरीज एनेस्थीसिया तिग्गा जिसे बी ग्रुप ब्लड की आवश्यकता थी। तुरन्त ब्लड की व्यवस्था की। वहीं विधायक ने अस्पताल प्रबन्धक अलका कुल्लु अस्पताल में साफ सफाई, मरीजों के खान पान,समय पर दवा आदि मिले इसके लिए निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में भी दुर्घटनाओं पर नहीं लग रहा लगाम

# सड़कों पर हो रही दर्दनाक मौतें, जिम्मेवार कौन?

**रोहित भारती। गिरिडीह**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गिरिडीह जिले समेत अन्य जगहों पर भी इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके लेकिन इसका कोई खासा असर नहीं दिख रहा है, जिले में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में कई दर्दनाक मौतें हो चुकी है।

सड़क सुरक्षा को लेकर 15 जनवरी से 14 फरवरी तक लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बैनर, पंपलेट्स, नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता अभियान चलाते हुए चौक-चौराहों व अन्य जगहों पर लोगों से हेलमेट पहनकर बाइक चलाने, सीट बेल्ट पहनकर चारपहिया वाहन चलाने, धीमी गति में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलने समेत सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके लेकिन विभाग का यह प्रयास फिलहाल बेअसर साबित होता दिख रहा है। केवल गिरिडीह जिले में ही बीते दिनों सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की दर्दनाक मौतें हो चुकी है जबकि कई लोग बुरी तरह घायल होकर अब भी जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।




रविवार की शाम ही तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर गम्हरियाटांड पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से दो बाईक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि इस हादसे में एक बाईक सवार बुरी तरह घायल हो गया है।

बीते शुक्रवार को बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एनएच 114 ए महुआर के पास तेल टैंकर की चपेट में आने से एक ऑटो चालक की भी दर्दनाक मौत हो गई थी।

एक तरफ विभाग लाखों रुपए खर्च कर जागरूकता फैलाने में जुटा हुआ है परंतु इसका फायदा होता नहीं दिख रहा है तो कहीं न कहीं कुछ खामियां तो है। लोगों का मानना है कि या तो विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति किया जा रहा है या फिर लोग बेपरवाह रहते हैं। विभाग को इस जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण इलाकों में भी इस अभियान को प्रमुखता से चलाने की जरूरत है। साथ ही लोगों और अभिभावकों को भी रोज घटती इन दुर्घटनाओं से सबक लेकर अपने स्तर से यथासंभव सावधानी बरतने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरनी : सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के क्रम मौत

**गिरीडीह।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के दसोडीह में तेज गति से आ रहे ट्रक द्वारा एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारने से मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद दोनों घायल के अलग-अलग इलाज के लिए ले जाया जा रहा था। इसमें से एक की धनबाद ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले शनिचर पंडित के पुत्र 27 वर्षीय पिंकू पंडित के रूप में हुई है। जबकि दूसरा घायल युवक की पहचान इंद्रदेव पंडित के रूप में हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि या दोनों मृतक पिंकू पंडित के लड़की देखने इसी दिशा में जा रहे थे। तभी अचानक तेज गति से आ रही ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक और ट्रक चालक को जब्त करके भरकट्टा ओपी ले आएं मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

**भरकट्टा ओपी पुलिस ने ट्रक चालक को भेजा जेल :** भरकट्टा ओपी प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक और ट्रक चालक मनोरंजन मंडल को गुरुवार को कानूनी प्रक्रिया के बाद गिरिडीह जेल भेज दिया।

### फाइलेरिया बीमारी की रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फाइलेरिया बीमारी की रोकथाम को लेकर प्रखंड स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। जहां फाइलेरिया मरीज की पहचान के साथ बच्चों का निशुल्क जांच किया जा रहा है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दर्दमारा से जागरूकता रैली निकाली गई जो पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम किया। रैली में भारी संख्या में स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण भी शामिल थे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को फाइलेरिया को लेकर मन में उत्पन्न होने वाले अनगिनत सवालों का समुचित समाधान बताया। साथ ही लोगों के जागरुकता के अभाव में जिस तरह फाइलेरिया आज भारत मे अपना पैर पसार रहा है उससे लोगों को सतर्क होने की बात कही। बताया कि जैसे आज पोलियो के खुराक लेने से पोलियो खत्म हो गयी वैसे ही हमलोगो को भी समय समय फाइलेरिया की गोली खानी पड़ेगी। जिससे उत्पन्न होने वाला फाइलेरिया का बैक्टेरिया मर जाएगा।

### भाजपा नेता रामदेव प्रसाद वर्मा की माताजी की पुण्यतिथि आयोजित



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत जूठा आम मोड ग्राम भलुआ में प्रसिद्ध एलडी उच्च विद्यालय के प्रांगण में भाजपा नेता रामदेव प्रसाद वर्मा के माताजी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा नेता रामकृष्ण वर्मा, पूरन महतो, अयोध्या महतो, अर्जुन पंडित, शिक्षक विनोद यादव, चंद्रशेखर वर्मा, दामोदरदास, धनेश्वर वर्मा आदि दर्जनों लोग शामिल होकर माल्यार्पण किया और शोक व्यक्त किया। मौके पर मौजूद भाजपा नेता रामदेव प्रसाद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मां का आशीर्वाद हमें मिला है कि आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं और उन्होंने हमें हर वक्त सिखाया की जनता की भलाई के लिए अपने आप को समर्पित करें आज उनके प्रेम और आशीर्वाद का फल है कि हम लोगों के लिए अपने आप को समर्पित कर पाते हैं और आज उनका दिया हुआ ज्ञान हमें लोगों से जोड़ता है और मैं उनके आत्मा के लिए प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनकी आत्मा को हमेशा शांति प्रदान करें।

## सड़क हादसे में मृत युवकों के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**पांच फरवरी को तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदौनी गांव के युवकों की हुई थी दर्दनाक मौत**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बीते दिनों तिसरी में सड़क दुर्घटना में हुई दो आदिवासी युवकों की दर्दनाक मौत की खबर सुनकर गुरुवार को राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदौनी गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक बुधन हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम के परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक ने मृतक बुधन हेम्ब्रम की असहाय हुई पत्नी रानी हांसदा और तालो हेम्ब्रम की पीड़ित पत्नी संझली हांसदा से बारी-बारी से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग भी किया। वहीं पूर्व विधायक ने कल्याण पदाधिकारी से फोन पर बात कर स्पांसरशिप के तहत मृतक बुधन हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम के बच्चों को 18 साल की उम्र तक चार हजार रुपये दिलाने की व्यवस्था करने की बात कही है। बता दें कि 5 फरवरी की शाम को बुधन हेम्ब्रम, तालो हेम्ब्रम और राजेश मरांडी एक बाइक पर सवार होकर खिजुरी से बरदौनी गांव लौट रहे थे। तभी अज्ञात हाइवा की चपेट में वे आ गए थे। इस घटना में बुधन हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम की मौत हो गई थी। जबकि घायल राजेश मरांडी आज भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

# भाकपा माले के जिला सम्मेलन के प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न

**गांडेय प्रखंड से भाग लेंगे 10 प्रतिनिधि और 2 पर्यवेक्षक**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जमुआ (मिर्जागंज) में होने वाले भाकपा माले के दो दिवसीय जिला सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज गांडेय प्रखंड के प्रतिनिधियों का पार्टी कार्यालय में हुई एक मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति से चयन किया गया। 17-18 फरवरी को आहूत जिला सम्मेलन की तैयारी गांडेय प्रखंड में सघन रूप से की जा रही है। इसके तहत सभी पार्टी सदस्यों का नवीकरण करने के साथ ही नए पार्टी सदस्यों का भी भर्ती अभियान चल रहा है।

आज के प्रतिनिधि चुनाव कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा तथा संचालन मनोज यादव व सलामत अंसारी ने करते हुए कहा कि, इस प्रखंड के एक-एक माले कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जिला सम्मेलन को सफल करने में योगदान दे रहे हैं। सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। प्रतिनिधि चुनाव के पर्यवेक्षक एवं पार्टी के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न करने पर गांडेय पार्टी सदस्यों को बधाई दी और सम्मेलन सफल करने की अपील की। मौके पर मौजूद पार्टी नेता राजेश यादव ने कहा कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ का नारे से जोड़कर ही जिला सम्मेलन की भी तैयारी की जा रही है। देश की बहुसंख्यक आबादी मोदी सरकार की नीतियों से तबाह हो चुकी है। अभुतपूर्व महंगाई और बेरोजगारी ने देश की आम जनता तथा खासकर युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। सरकार हर मोर्चे पर विफल है, इसलिए मंदिर मुद्दे पर 24 की नैया पार करना चाहती है। मगर जनता को अपने सवालों का जवाब चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ आह्वान के तहत कोडरमा फतह करने का संकल्प पार्टी ने लिया है। जिला सम्मेलन से इस आह्वान को और भी गति मिलेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जिला सम्मेलन तैयारी की जिम्मेदारियों को पूरा करने का भी आह्वान किया।

आज के कार्यक्रम में अन्य के अलावा दारा सिंह, लखी सिंह, सुकर बास्की, जीबलाल सिंह, टेको सिंह, खीरू दास, रिंकू साव, हरिहर सिंह, रोहित यादव, राजू पासवान, यमुना वर्मा, युगल कोल, विष्णु कोल, बिरजू कोल, माला पंडित, डीलचंद पंडित, तेजलाल वर्मा, जागेश्वर वर्मा, जगलाल वर्मा, रामकिशोर सिंह, मो शमीद अंसारी, मो युसूफ अंसारी, हबीब अंसारी, रामलाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## खुरजिओ जंगल में लगी आग



**गिरीडीह।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के संस्कार पब्लिक स्कूल खुर्जा के समीप जंगल में देर शाम को अज्ञात लोगों ने जंगल में आग लगा दिया। आग पूरी तरह से जंगल में फैल रहा था। आग कौन लगाया और क्यों लगाया ये किसी को पता नहीं है। आग तेज हवा चलने के कारण पूरे जगंल में फैले जा रहा था। आने जाने वाले लोग सिर्फ इस आग को नजरअंदाज करते हुए निकल रहे थे। किसी की हिम्मत ही नहीं हो रही थी की आग को किसी तरह बुझा दिया जाये लेकिन तेज हवा के कारण जंगल मे फैले जा रहे थे। खबर लिखे जाने तक आग पर किसी भी प्रकार का काबू नहीं पाया था, ना ही किसी प्रकार का घटना की सूचना दिया था। इस आग के कारण अगल बगल लोग दहशत में हैं।

## जिला सम्मेलन की तैयारी भाकपा माले की हुई बैठक

**17-18 फरवरी को मिर्जागंज में होना है जिला सम्मेलन**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां पंचायत भवन में गुरुवार को जिला सम्मेलन की तैयारी को ले भाकपा माले का प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में आगामी 17-18 फरवरी को मिजार्गंज में आयोजित जिला सम्मेलन की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि उक्त सम्मेलन में प्रखंड की सभी पंचायतो से माले के सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम को सभी पंचायतो में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया।

मौके पर विचार विमर्श करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोग तंग आ चुके हैं। महंगाई चरम पर है। विपक्ष को विभिन्न हथकंडे अपना कर व डरा धमकाकर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र का जनता इसका जवाब देगी। एक तरह से कहा जाए तो भाजपा विपक्ष की भूमिका को ही समाप्त करने पर तुली है। भाकपा माले सदैव क्षेत्र के दबे कुचले किसान मजदूर व अकलियतों के हक की लड़ाई लड़ती रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड नागेश्वर यादव ने किया। जबकि मौके पर जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, सकलदेव यादव, आनन्दी यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, प्रदीप यादव, मनोहर यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राशन गड़बड़ी को लेकर माले के प्रतिनिधिमंडल ने की डीएसओ से मुलाकात

**गिरिडीह।** भाकपा माले के प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह डीएसओ गुलाम समदानी से मंगलवार को मुलाकात की। प्रतिनिधमंडल द्वारा जिले में डीलरो द्वारा अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से राशन वितरण में हो रही भारी गड़बड़ी की शिकायत उनसे की गई।

## ठाकुरचक में हिन्द मजदूर किसान यूनियन की बैठक में पंचायत कमिटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरचक पंचायत में हिन्द मजदूर किसान युनियन की एक बैठक गुरुवार को रामेश्वर महतो (पंचायत समिति सदस्य) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन अपलु अंसारी ने किया। ठाकुरचक पंचायत में हिन्द मजदूर किसान युनियन पंचायत कमिटी का गठन किया गया।

बैठक में ठाकुरचक पंचायत के कई ग्रामीण उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि हिन्द मजदूर किसान युनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो एवं डुमरी अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो उपस्थित थे। हिन्द मजदूर किसान युनियन पंचायत कमिटी ठाकुरचक पंचायत का गठन किया गया है। जिसमें साहिद अंसारी अध्यक्ष, सुरजदेव महतो उपाध्यक्ष, नुनुचंद रवानी सचिव, शिवशंकर ठाकुर उपसचिव, बरकत अंसारी कोषाध्यक्ष, गुलाम मुर्तजा संगठन मंत्री चुने गये।

मौके पर विद्याधर पाठक, सुभाष पंडित, किशोर कुमार महतो, रामेश्वर महतो, भुषण पंडित, धनेशवर महतो, रामेश्वर महतो, नन्द किशोर पंडित, मदन मोहली, राजेन्द्र मोहली, सीताराम राय, चिंतामणि महतो, रविंद्र कुमार महतो, सहबुदीन अंसारी, जाफर अंसारी, अहमद अंसारी, अयूब अंसारी, भोला साव, सदीक खान आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 10 फरवरी से रोटरी आयोजित करेगा तीन दिवसीय ईएनटी स्क्रीनिंग और ऑपरेशन शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा 10 फरवरी से 12 फरवरी तक तीन दिवसीय ईएनटी जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके माध्यम से गरीब व जरूरतमंदों नाक, कान, गला का ऑपरेशन किया जायेगा।

उक्त जानकारी गुरुवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष मनीष तरवे, सचिव आशीष तरवे, मीडिया प्रभारी विकास बसाईवाला के अलावे अभिषेक जैन, अमित तुलस्यान व अंसुल जैन ने संयुक्त रूप से दी।

उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर का आयोजन रोटरी आई हॉस्पिटल में किया जायेगा।

शिविर में कोलकाता से आने वाले डॉक्टर रंजन चौधरी के नेतृत्व में चार सदस्यीय चिकित्सको के द्वारा करीब तीन सौ मरीजों की स्क्रीनिंग कर नाक, कान गला का ऑपरेशन करेगी। बताया की स्क्रीनिंग और ऑपरेशन की कोई उम्र सीमा तय नहीं की गई है बल्कि जो लोग इन बीमारियों से पीड़ित हैं, उनका ऑपरेशन किया जाएगा।

## जल सहिया, सेविका, सहिया एवं पोषण सखियों ने अपनी मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड राज्य सरकारी महिला मजदूर मोर्चा के राज्य एवं जिला स्तरीय कमिटी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को जमुआ प्रखंड मुख्यालय में जलसहिया, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सहिया एवं पोषण सखी चारो संवर्ग की महिलाकर्मी अपने विभिन्न मांगों को लेकर थाली बजाकर विरोध प्रकट किया।




धरना स्थल की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनीता कुमारी एवं मंच संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कोषाध्यक्ष सह प्रखंड सचिव सितारा प्रवीण ने कहा की जलसहिया को पूर्व की रघुवर दास के सरकार ने जो मात्र एक हजार रुपए मासिक मानदेय दिया था। उसको भी वर्तमान झारखंड सरकार ने छीन लिया है। जबकि चुनाव पूर्व स्वयं तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था की हमारी सरकार जलसहिया को महंगाई के अनुरूप न्यूनतम मानदेय देगी परंतू आज स्थिति यह है की बत्तीस माह से बकाया मानदेय भुगतान नही किया गया और मार्च 2022 से मानदेय को हटा दिया गया है ऐसी परिस्थिति मे जलसहिया के समक्ष आंदोलन करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

धरना स्थल को संबोधित करते हुए प्रखंड कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी दिनेश्वरी देवी, बबिता कुमारी, सालेहा प्रवीण आदि ने संयुक्त रूप से कहा की यदि हमारी मांग पर विचार नहीं किया गया तो आगामी दस फरवरी को जिला स्तर थाली बजा कार्यक्रम कर विरोध प्रकट किया जाएगा। संघ की मुख्य मांगे दो सूत्री हैं न्यूनतम मजदूरी के अनुसार मानदेय लागू किया जाए और नगर निगम के अंतर्गत आने के कारण जिन जलसहिया की छटनी कर दी गई है उन्हें पुनः सेवा में वापस लिया जाये। सभी जलसहिया ने सम्मलित रूप से आह्वान किया की मांगो के पूरा होने तक हमारा पुरजोर आंदोलन जारी रहेगा।उक्त अवसर जलसहिया कुसुम देवी, साजिया खातून, शबनम बीबी, सरिता देवी, दीपा देवी, सोनिया, रस्मानिया कुमारी, ममता देवी, कंचन देवी सहित सैकड़ो जलसहिया उपस्थित थी।

कार्यालय
जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

फ्राई कैचिंग नेट आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्त्ति किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जिला के वेबसाइट में दी गई आवश्यक शर्त्तों के अधीन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जाल आपूर्त्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.02.2024 को अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में स्वीकार किया जायेगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्तें जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा निष्पादन की तिथि एवं स्थान बाद में सूचित की जायेगी।

1. फ्राई कैचिंग नेट का अधिकतम स्वीकृत राशि मो0– 2,000/– रूपये मात्र प्रति निबंधित मत्स्य बीज उत्पादक के अंतर्गत होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 1,500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 (कार्यालय कार्य अवधि में)

PR.NO.318343 Fish(23-24):D
जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

ई-प्रोक्युरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/07/2023-24 (3rd Call) Pr.No315989 Simdega(23-24)D

अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/07/2023-24(3rd Call) Pr.No. Pr. No315989 Simdega(23-24)D द्वारा आमंत्रित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए ई०पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के ताराबोगा पंचायत अन्तर्गत जिलिंगा रोड से ताराबोगा डीपाटोली के बीच का नाला में 2 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 13.53900 | 27500.00 | 2500.00 | चार माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 19.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 318249 (Rural Development) 23-24 (D)

# सड़क सुरक्षा माह सिर्फ औपचारिकता न बने

**18** जनवरी से 17 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाने की शुरूआत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच), भारत सरकार द्वारा की गई थी । सप्ताह/माह का पालन करने के लिए, एनएससी अपने सदस्यों/संरक्षकों को हर साल प्रभावी ढंग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाने में मदद करने के लिए कपड़े के बैनर, सुरक्षा पोस्टर, पॉकेट गाइड, सुरक्षा फिल्म आदि जैसी प्रचार सामग्री तैयार करता है। झारखंड में कोरोना के बाद सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। साल 2021 की तुलना में 2022 में 16 फीसदी सड़क हादसे बढ़े हैं। यहां सड़क हादसों से हुए मौत के मामलों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि घायलों की संख्या में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। राज्य में 2021 के दौरान 4,728 सड़क दुर्घटनाओं में 3,513 लोगों की जान गई. जबकि 3,227 घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर 2022 के दौरान राज्य भर में 5,174 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 3,898 लोगों की मौत हो गई और 3,745 घायल हुए हैं. 2021 की तुलना में 2022 के दौरान सड़क दुर्घटनाएं 449 (9.50 ) अधिक हुई। इसी प्रकार मौत के मामले 387 (11.02 ) बढ़ गए। वहीं घायलों की संख्या भी 16.08 % अधिक प्रकाश में आई हैं। परिवहन विभाग के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 के दौरान 45 फीसदी हादसों में दोपहिया वाहन शामिल थे. वहीं कार, जीप, वैन, टैक्सी से 13 प्रतिशत और ट्रक, लॉरी से 12 फीसदी सड़क हादसे रिपोर्ट किए गए हैं। इन दुर्घटनाओं के रिसर्च के आधार पर पाया गया है कि, करीब 80 फीसदी हादसों में 18 साल या इससे कम उम्र के किशोर, नौजवानों की मौत हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर बनी सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। झारखंड से दो लोग सक्रिय हैं जिसमें से एक पलामू के और एक रांची के हैं। स्थिति यह है राष्ट्रीय राजमार्गों पर 42 फीसदी हादसे रिपोर्ट किए गए। जबकि राज्य की अन्य सड़कों पर 46 प्रतिशत सड़क दुर्घटना हुई हैं। स्टेट हाईवे पर 12 प्रतिशत दुर्घटाएं रिपोर्ट की गई है. इसी प्रकार सर्वाधिक 43 फीसदी मौत राज्य की अन्य सड़कों पर देखी गई है। इसी प्रकार 42 फीसदी मौत राष्ट्रीय राजमार्गों पर और 15 फीसदी मौत स्टेट हाईवे पर हुआ है। राज्य के ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। कम समय में किए जाने वाले उपायों में साइनेज बोर्ड लगाना, चेतावनी, रम्बल स्ट्रीप आदि के अलावा लंबे समय में किए जाने वाले उपायों सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, अंडर पास आदि भी योजना बनाकर किए जाने वाले हैं। कई जिलों में गाड़ियों में लगी टीवी स्क्रीन से ऑडियो वीडियो संदेश प्रचारित भी हो रहे हैं पर सब कुछ एक औपचारिकता बनकर न रह जाए इसके लिए इसके मूल कारणों को दूर करना होगा। रोक के बाद भी सड़कों के किनारे ढाबों में खुले आम शराब बेची जाती है। मनमाने ढंग से ड्राइविंग और गति पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है। राजधानी रांची में दुपहिया वहाँ चालकों पर जो कड़ाई बरती जाती और चालान काटा जाता है वैसा आसपास के जिलों में दूर-दूर तक नहीं दिखता।

**झारखंड में कोरोना के बाद सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। साल 2021 की तुलना में 2022 में 16 फीसदी सड़क हादसे बढ़े हैं। यहां सड़क हादसों से हुए मौत के मामलों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि घायलों की संख्या में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। राज्य में 2021 के दौरान 4,728 सड़क दुर्घटनाओं में 3,513 लोगों की जान गई. जबकि 3,227 घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर 2022 के दौरान राज्य भर में 5,174 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 3,898 लोगों की मौत हो गई और 3,745 घायल हुए हैं।**

इन दिनों

# पुस्तकों का मेला क्यों है अलबेला



ललित गर्ग



***इंसान*** की जिंदगी में विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह जिंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो पुस्तकें हथियार का काम करती हैं। पुस्तकों का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। आज डिजिटलीकरण के समय में भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्न उठ रहा हो लेकिन समाज में पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित होंगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। पुस्तकों पर छाये धुंधलकों को दूर करने के लिये एवं पुस्तक की प्रासंगिकता को नये पंख देने की दृष्टि से लेखक, पुस्तक प्रेमी और प्रकाशकों का 'महाकुंभ' यानी नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2024 का आयोजन 10 से 18 फरवरी के बीच दिल्ली के प्रगति मैदान में हो रहा है। इस बार पुस्तक मेले की थीम 'बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा' रखी गई है। हर साल की तरह इस साल भी मेले का स्वरूप काफी बड़ा होगा, जहां हिंदी, इंग्लिश के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं की किताबें देखने को मिलेंगी वहीं देश-विदेश के 1500 से अधिक प्रकाशक पुस्तक मेले में भाग लेंगे। इस बार अतिथि देश के रूप में सऊदी अरब का चयन किया गया है। 51 साल से चल रहे पुस्तक मेले का आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) है। विश्व पुस्तक मेला अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को लेकर प्रश्नों के घेरे में हैं। पुस्तक मेले पर धार्मिकता एवं साम्प्रदायिकता का संकीर्ण घेरा बनना चिन्ता का विषय है। साहित्यकारों से अधिक धर्मगुरुओं, पोंगा-पंडितों, ज्योतिषियों- तांत्रिकों का वर्चस्व बढ़ना मेले के वास्तविक उद्देश्य से भटकाता है। मेले के दौरान प्रकाशकों, धार्मिक संतों, विभिन्न एजेंसियों द्वारा वितरित की जाने वाली निशुल्क सामग्री भी एक आफत है। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टॉल पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, जिनसे यदि निजात पा लें, तो सही मायने में विश्व पुस्तक मेला, विश्व स्तर का होगा। मेले की संरचना में खामियों का ही परिणाम है कि मेले में पाठकों की संख्या घटी है और उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ी है। लोग यहां किताबें खरीदने के बजाय उत्पाद खरीदने आ रहे हैं। इसीलिए कोई अपने बच्चे की अंग्रेजी सुधारने के लिए किताब खरीद रहा है तो कोई पेट की चर्बी कम करने के लिए किताब या पाउडर खरीद रहा है। इन सभी कारणों से उपभोक्तावाद को बढ़ावा देने वाले साहित्य की लोकप्रियता बढ़ी है जबकि फिक्शन, नॉन-फिक्शन और जीवन मूल्यों से जुड़ी किताबों की मांग कम हुई है। पिछले कुछ वर्षों से मेले का रंग बहुत बदल गया है। अब यहां कोई सार्थक बहस नहीं होती, जैसी पहले हुआ करती थी। आज समस्या पठनीयता की नहीं, बल्कि उपलब्धता की है। पुस्तक मेले में ऐसी सार्थक चचायें हो और सकारात्मक वातावरण बनाया जाये ताकि पुस्तकों की अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच हो जाय। इसके लिए जरूरी है कि ऐसी जनजागरूकता पैदा कि जाये ताकि अच्छी किताबों की घरेलू या सार्वजनिक लाइब्रेरी तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह एक चुनावी मुद्दा भी बनना चाहिए और चुनाव के दौरान मतदाताओं को अपने प्रतिनिधि से गुडलाइब्रेरी खोलने की मांग करनी चाहिए। अस्पतालों, होटलों, रेल्वे स्टेशनों में पुस्तकालय स्थापित किये जा सकते हैं ताकि वहां आने वाले लोगों का खाली समय का उपयोग मानसिक एवं बौद्धिक विकास में हो सके। वैश्वीकरण के दौर की हर चीज बाजार बन गयी है, लेकिन पुस्तकें- खासकर हिंदी की अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ वर्षों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर दिख रहा है। पुस्तकों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन 'राइट्स टेबल' का विशेष आयोजन होता है। असल में पुस्तक भी इंसानी प्यार की तरह होती हैं जिससे जब तक बात न करो, रूबरू न हो, हाथ से स्पर्श न करो, अपनत्व का अहसास देती नहीं है। फिर तुलनात्मकता के लिए एक ही स्थान पर एक साथ इतने सजीव उत्पाद मिलना एक बेहतर विपणन विकल्प व मनोवृत्ति भी है। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां पुस्तक का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। विश्व पुस्तक मेला में आये पुस्तक प्रेमियों की संख्या से पता चलता है कि किताबों के प्रति लोगों की रुचि बरकरार है। विदेशी मंडप में भले ही अधिकांश पुस्तकें केवल प्रदर्शन के लिए होती हैं, लेकिन गंभीर किस्म के लेखक इनसे आइडिया का सुराख लगाते दिखते हैं। थीम पवेलियन हर समय आम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहता है। बच्चों की नैसर्गिक रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल मंडप एक महत्वपूर्ण आकर्षण होता है। जाहिर है, पुस्तक मेला में दिल व दिमाग, दोनों पुस्तक के साथ धड़कते-मचलते हैं, तभी तो यह मेला नहीं है, आनंदोत्सव है। पुस्तकों का वसंतोत्सव है, जो आश्वस्त करता है कि मुद्रित शब्दों की शक्ति, सहकार और सौंदर्य अब भी बरकरार है। पुस्तकें समाजरूपी शरीर के मस्तिष्क है। विदेशी मंडप में भले ही अधिकांश पुस्तकें केवल प्रदर्शन के लिए होती हैं, लेकिन गंभीर किस्म के लेखक इनसे आइडिया का सुराख लगाते दिखते हैं। थीम पवेलियन हर समय आम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहता है। बच्चों की नैसर्गिक रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल मंडप एक महत्वपूर्ण आकर्षण होता है। जाहिर है, पुस्तक मेला में दिल व दिमाग, दोनों पुस्तक के साथ धड़कते-मचलते हैं, तभी तो यह मेला नहीं है, पुस्तकों का वसंतोत्सव है।

**51 साल से चल रहे पुस्तक मेले का आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) है। पुस्तक मेले पर धार्मिकता एवं साम्प्रदायिकता का संकीर्ण घेरा बनना चिन्ता का विषय है। साहित्यकारों से अधिक धर्मगुरुओं, पोंगा-पंडितों, ज्योतिषियों- तांत्रिकों का वर्चस्व बढ़ना मेले के वास्तविक उद्देश्य से भटकाता है। मेले के दौरान प्रकाशकों, धार्मिक संतों, विभिन्न एजेंसियों द्वारा वितरित की जाने वाली निशुल्क सामग्री भी एक आफत है।**

## आपकी बात

### स्वच्छ व पारदर्शी हों परीक्षाएं



दिलीप कुमार

***झारखण्ड*** में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। मेरा स्पष्ट मानना है कि नकल रोकने में सभी का सहयोग आवश्यक है। शिक्षा विभाग के साथ साथ स्कूल, कॉलेज, प्रबंधन, शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों का सम्पूर्ण सहयोग होना ही चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अगर कसौटी सही हो तभी सोने की सही पहचान संभव है। परीक्षा छात्रों के ज्ञान एवं क्षमता परखने की कसौटी ही है। इसे स्वच्छ एवं पारदर्शी होना ही चाहिए। नकल विहीन परीक्षा से छात्रों का सही मूल्यांकन संभव है और यह उनके हित में भी है। नकल करके प्रारंभिक परीक्षाएं तो वे पास कर जाते हैं लेकिन प्रतियोगिता परीक्षाओं में उन्हें सफलता नहीं मिल पाती और आगे उन्हें तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए हम सभी की भलाई इसी में है कि नकल विहीन परीक्षा में हम सभी अपना सहयोग दें। इससे छात्रों का सही मूल्यांकन होगा और अपनी क्षमतानुसार वें अपना आगे का कर्तब्य पथ सुनिश्चित करेंगे। यह विषय केवल एक विभाग का नहीं वरन हम सभी का है कि इसमें सभी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। बच्चों को भी समझाना होगा कि यह उनकी भलाई के लिए ही है। इसमें अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। शिक्षक इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। परीक्षा प्रणाली सही हो। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सही ढंग से होना चाहिए।

**(सहायक लेखा अधिकारी, पोटमा, गढ़वा (झारखण्ड )**

### प्रतिमा को अंतिम रुप देने में जुटे मूर्तिकार

जिले में इन दिनों विद्या की देवी मां शारदे की प्रतिमा निर्माण करने वाले कलाकारों ने अब प्रतिमाओं पर अंतिम रुप देने में जुट गए हैं। वहीं पूजा समिति द्वारा पूजा की तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है। मूर्ति निर्माण में लगे मूर्तिकार ने बताया कि वे कोलकता के पुरुलिया से आए हैं। उन्होंने बताया कि वे हर साल के भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की प्रतिमा का निर्माण करते आ हैं। इस वर्ष मां सरस्वती की मूर्ति 350 रुपए से लेकर 3000 रुपए तक में उपलब्ध है। अब तक उनके यहां कई मूर्ति की एडवांश बुकिंग हो चुकी है। इस वर्ष पेंट की कीमतों में आई उछाल सरस्वती पूजा की चमक को फीका कर दिया है। मूर्ति निर्माण करने में चिकनी मिट्टी की जरुरत होती है। जो यहां नहीं मिलती है। उनके द्वारा मिट्टी को मूर्ति का नायाब रूप देख भले ही हर कोई तारीफ करने पर विवश हैं। **– सतीश कुमार**

सरोकार

# परीक्षा पे चर्चा : जिंदगी परीक्षाओं से कहीं बड़ी और गहरी है

***युवा*** पीढ़ी के लिए यह एक अद्भुत एहसास है, जब देश के प्रधानमंत्री उनका मनोबल बढ़ाने और समर्थन करने के लिए उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। वह भी ऐसे समय पर जब तनाव, भय, अवसाद और चिंता से उबरने में मदद करने के लिए मजबूत कंधे की आवश्यकता होती है। मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है। जबतक नई शिक्षा कार्ययोजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की। इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइये देखें। बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाएँ इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं। जीवन के विभिन्न चरणों में अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं की बहुत जागरूकता के साथ जांच की जानी चाहिए। हम देखेंगे कि जिन परेशानियों का हम सामना करते हैं वे समुद्र में एक बूंद के समान हैं। हम अपनी पढ़ाई या अपने जीवन में जिन समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे वास्तव में छिपे हुए आशीर्वाद की तरह हैं, क्योंकि वे उन आंतरिक गुणों को सामने लाते हैं जिन पर हमने अभी तक ध्यान केंद्रित नहीं किया है, वे हमारे जीवन में अपेक्षित विकास के लिए आवश्यक हैं।

**■ पंकज जगन्नाथ जायसवाल**

**माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को कुचलना ही होगा



आरके सिन्हा

***एक*** बार फिर पाकिस्तान को भारत की रक्षा संबंधी तैयारियों की खबर देने वाले धूर्त शख्स की गिरफ्तारी से साफ है कि अब भी देश में आस्तीन के सांप हैं। उन्हें सख्ती से पूरी तरह से कुचलना ही होगा। चंद सिक्कों की खातिर अपने देश को बेचना उसी तरह है, जैसे कोई राक्षसी प्रवृति का शख्स कुछ पैसों के लालच में अपनी मां के खून का सौदा कर ले। यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफ में काम करता था। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत था। सतेंद्र हापुड़ का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अच्छी-खासी पगार पाने वाला एक सरकारी कर्मी का जमीर इस कदर गिर जायेगा कि वह कुछ अतिरिक्त धन के लालच में देश के साथ गद्दारी करेगा, यह सोचना भी आसान नहीं। सतेंद्र जैसे देश के दुश्मनों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। अगर उन्हें हल्की सजा मिलेगी तो वह उन शहीदों का अपमान होगा जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान का नजराना दिया। सतेंद्र जैसे लोगों को दुश्मन से दोस्ती करते हुए यह ख्याल क्यों नहीं आता कि पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार हमला किया है। हालांकि, उसे हर बार कसकर मार पड़ी। जब वह सीधे हमले में शिकस्त खाता रहा तो उसने 2001 में मुंबई में खुफिया ढंग से आतंकी हमला करवाया। वह भारत के खिलाफ लगातार कठमुल्लों को खाद-पानी देता रहा। आपको गद्दार महिला जासूस माधुरी गुप्ता की कहानी का तो पता ही होगा। माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की ग्रुप अफसर थी। अपनी लगभग ढाई दशक लम्बी सेवा में माधुरी गुप्ता ने पाकिस्तान इराक, लाइबेरिया, मलेशिया और क्रोएशिया में नौकरी की। उसकी उर्दू पर अच्छी पकड़ थी। सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खासतौर पर जानी जाती थी।

**यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है।**



बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

**मंदिर के भीतर- कैलाश और उसकी वास्तुकला**
प्रवेश द्वार पर दो मंज़िला गोपुरम स्थित है। प्रवेश द्वार के किनारों पर शैव और वैष्णवों द्वारा पूजे जाने वाले देवताओं की मूर्तियाँ हैं। प्रवेश द्वार से दो भीतरी आँगन दिखाई देते हैं, जिनमें से प्रत्येक के किनारे स्तंभित तोरण पथों से घिरे हुए हैं। उत्तर और दक्षिण में प्रत्येक प्रांगण में एक विशाल, एकल चट्टान है, जिसमें एक आदमकद हाथी को उकेरा गया है। राष्ट्रकूट राजाओं को अपनी हाथी-सेना के साथ कई युद्ध जीतने के लिए जाना जाता था, जिसने हाथियों को उनके पसंदीदा जानवरों में से एक बना दिया। मंदिर में हाथियों की मूर्तियाँ राष्ट्रकूट राजाओं की शक्ति और समृद्धि का चिन्ह रहे होंगे।

**गजलक्ष्मी पट्टिका :** कैलाश मंदिर के मुख्य द्वार में प्रवेश करने के बाद, कमल के फूल पर विराजमान गजलक्ष्मी की नक्काशीदार मूर्ति दिखाई देती है। पट्टिका (पैनल) पर चार हाथी हैं। शीर्ष पंक्ति में दो बड़े हाथियों को एक मटके से गजलक्ष्मी पर पानी डालते हुए दर्शाया गया है, जबकि नीचे की पंक्ति में दो छोटे हाथियों को कमलों वाले तालाब से मटके भरते हुए दर्शाया गया है। पट्टिका (पैनल) के पीछे, एक कहावत है, जिसके अनुसार भगवान शिव की ओर समर्पित किसी भी भक्त को समृद्धि का वरदान प्राप्त होगा। मंदिर का शिखर (विमान) इसके नीचे के प्रांगण से 96 फुट ऊँचा है और अष्टकोणीय है, जो द्रविड़ वास्तुकला की एक अनोखी विशेषता है। गर्भगृह के चारों ओर एक छोटा पूर्व कक्ष है, जो एक बड़े सभा-मंडप से जुड़ा हुआ है। इसके किनारों पर अर्ध-मंडप और सामने अग्र-मंडप है। नंदी-मंडप को गोपुर और मंदिर के अग्र-मंडप के बीच में उकेरा गया है, और तीनों भाग एक प्रकार के शैल-कर्तित पुल से जुड़े हुए हैं।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### बच्चों के फोन पर लागू करें ये 4 अनुप्रयोगी सेटिंग्स

**स्क्रीन टाइमः** इस सेटिंग के माध्यम से, माता-पिता और शिक्षक बच्चों को फोन का उपयोग किसी निर्धारित समय सीमा के अंदर ही कर सकते हैं। इससे उनका समय और ध्यान अधिकांश शैक्षिक गतिविधियों में लगाया जा सकता है।

**ऐप्लिकेशन नियंत्रणः** इस सेटिंग के माध्यम से, माता-पिता और शिक्षक विशिष्ट ऐप्स का उपयोग करने की अनुमति दे सकते हैं, जो शिक्षा के लिए उपयोगी होते हैं। इससे बच्चे अन्य मनोरंजन से बचकर पढ़ाई के लिए उपयुक्त ऐप्स का उपयोग करेंगे।

**सुरक्षा और गोपनीयता सेटिंग्सः** माता-पिता और शिक्षक बच्चों के फोनों की सुरक्षा और गोपनीयता सेटिंग्स को बढ़ा सकते हैं ताकि उनकी निजी जानकारी सुरक्षित रहे।



**शोर्ट ब्रेक सेटिंगः** इस सेटिंग के माध्यम से, माता-पिता और शिक्षक बच्चों को ब्रेक लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। लम्बे समय तक फोन पर बिताये गये समय के बाद एक छोटी सी आरामदायक रुकावत बच्चों के लिए फायदेमंद हो सकती है।

इन सेटिंग्स का सही तरीके से उपयोग करना महत्वपूर्ण है ताकि बच्चे अपने फोन और डिवाइसों का सही तरीके से उपयोग करें और उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आये। इससे उन्हें नये ज्ञान का प्राप्त होता है और वे अपनी शिक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पुरुडेंट पब्लिक स्कूल बेड़ोकला में सरस्वती पूजा के अवसर पर निः शुल्क नामांकन




बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला स्थित पुरूडेंट पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा के अवसर पर नये एडमिशन लेने वाले बच्चों का नामांकन निःशुल्क होगा। इसकी जानकारी स्कूल के निदेशक राम प्रवेश साव ने दी। बताया कि प्रॉस्पेक्टस और रजिस्टरेशन फॉर्म विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।नए एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियो को शामिल होना अनिवार्य है।उन्होंने बताया की यह एक ऐसा स्कूल होगा जहाँ छात्रों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण में कल की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। बताया की स्कूल में बच्चो को आईसीएसई पैटर्न में अंग्रेजी माध्यम से अनुभवी शिक्षको के द्वारा शिक्षण व तैयारी कराई जायेगी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



बरही। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में शैक्षणिक सत्र 24-25 में नामांकन हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से नामांकन हेतु प्रचार प्रसार का कार्य किया गया. इस दौरान प्रखंड के सुदरवर्ती क्षेत्र बिजैया, कोल्हुआकला, गरजामु, डपोक, लखना, दुलमहा आदि क्षेत्रों में वाहन से प्रचार प्रसार कर लोगो को जागरूक किया गया. इस दौरान विद्यालय की वार्डेन नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, फरहा अतह, गार्ड पिंटू प्रजापति शामिल रहे. विदित हो कि नए सत्र में विद्यालय के कक्षा 9 के लिए कुल नौ छात्रा और कक्षा 6 में 75 छात्राओं का नामांकन लिया जाना है. इसके लिए प्रखंड के सभी सीआरपी को नामांकन प्रपत्र उपलब्ध करवाए जा चुके है.

### कुष्ट कॉलोनी के 75 परिवारों के बीच खाद्य सामाग्री का वितरण

रामगढ़ / बरकाकाना। डीएवी बरकाकाना में प्रयास संस्था के सौजन्य से जरूरतमंदों की सेवा करना एक प्रमुख कार्य रहा है। इसी के तहत बुधवार को डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने कुष्ट कॉलोनी रामगढ़ के लिए 75 परिवारों के बीच चावल, दाल एवं आलू वितरित किया गया। बच्चों ने इन परिवारों के लिए घर में बनाया हुआ एक वक्त का भोजन भी लाया। वहां जाकर बच्चों ने यह अनुभव किया कि समाज में दबे-कुचले लोगों के लिए आगे बढ़कर कार्य करना कितना महत्वपूर्ण है। विद्यालय के प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह के सोच अपने लिए तो सभी जीते हैं, दूसरों के लिए जीना ही जिंदगी है।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत वृहद रूप से हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

# सावधानी से करें वाहन का उपयोग ट्रैफिक नियमों का करें पालन : डीसी

### सुभाष चौक से गुरु नानक स्कूल रामगढ़ तक हुआ बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

### सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड रांची द्वारा 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा मनाए जाने हेतु प्राप्त निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिले में वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ तक आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने मैराथन में भाग लिया।मैराथन के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग करने वाले लोगों को पुष्प देकर उनसे हेलमेट लगाने एवं अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। मैराथन की समाप्ति के उपरांत गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के सभागार में सड़क सुरक्षा के तहत आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### गोला में शांतिपूर्ण माहौल में हुई हिन्दी और अंग्रेजी की परीक्षा

रामगढ़ / गोला। गोला प्रखंड के आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा प्रशासनिक व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के दूसरे दिन वाणिज्य, हिन्दी और अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र से कदाचार के आरोप में परीक्षार्थियों के निष्कासन की सूचना नहीं मिली है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जिले के अधिकारियों सहित बीडीओ संजय कुमार सांडिल, सीओ समरेश कुमार भंडारी, बीईईओ सहदेव कर्मकार ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया और विभिन्न परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों से कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सख्त हिदायत दिया। सीपीसी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर एचएनबी विषय, अंग्रेजी व एचएनए विषय में कुल 335 छात्र शामिल हुए और 14 छात्र अनुपस्थित रहे। एसएस प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर एचएनबी विषय में 38, अंग्रेजी में 50 व एचएनए विषय में 397 छात्र शामिल हुए। जबकि दो छात्र अनुपस्थित रहे।

# बिजली समस्या को लेकर जीएम से मिले सदर विधायक



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
गुरुवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल बिजली विभाग के जुलु पार्क स्थित कार्यालय पहुंचे और विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की बिजली से संबंधित समस्याओं और आगामी रामनवमी-2024 की तैयारी को लेकर अभी से ही मेंटेनेंस कार्य शुरू करने को लेकर विशेष चर्चा की। विधायक मनीष जायसवाल ने शहर के कुम्हारटोली, आश्रम रोड़ के कई परिवारों की बिजली संबंधी समस्या का शीघ्र निराकरण करने, दारू प्रखंड के छोटका इरगा में 100 केबीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 200 केबीए में अपग्रेड करने, बहेरी में कृषि कनेक्शन लगाने, क्षेत्र में भारी संख्या में 25 केबीए के ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने और आगामी रामनवमी की तैयारी को लेकर हजारीबाग के रामनवमी मार्ग में बिजली मेंटेनेंस का कार्य अभी से शुरू करने की मांग महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह से किया। बिजली विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सुझाई गई समस्याओं के समाधान पर अमल करने का निर्देश दिया।

# प्रखंड के विद्यार्थियों को 71 लाख रुपए की छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गयी



नवीन मेल संवाददाता। बरही
प्रखंड के कुल 66 विद्यालयों में 4735 प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के लिए इकहत्तर लाख की छात्रवृति हस्तांतरित की जा चुकी है. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरही-3 किशोर कुमार से मिली जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रति छात्र1500 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजे गए है. जिसमे बेसिक स्कूल पंचमाधव में 144, बॉयज मिडिल स्कूल बरही में 188, चरवाहा विद्यालय गौरिया करमा में 9, डीपीईपी निचितपुर में 17, डीपीईपी पुरहरा में 50, बालिका मध्य विद्यालय बरही में 40, मदरसा अजीजिया जिया उल उलोम में 175, मदरसा तहफूजे इस्लाम बरही में 72, मिडिल स्कूल बरसोत में 258, मध्य विद्यालय बेंदगी में 304, मिडिल स्कूल गौरिया करमा में 138, एनपीएस इस्लामाबाद भंडारों में 44, एनपीएस मदनपुर में 38, प्रवि ब्लॉक कैम्पस में 71, प्रावि डीवीसी में 47, प्रा वि खुदजवार में 84, प्राथि कुटमा में 36, प्राविसिंहपुरा में 19, उमवि चलंगा में 13, उउवि केवाल.में 53, उउवि कोल्हुआकला में 156, उमवि बधियाज्वार में 109, मध्य विद्यालय बरहीडीह में 128, उमवि बैरिसाल में 51, उमवि बेला में 210, उमवि बेलहारा में 30, उमवि भंडारों में 97, उमवि बूढ़ीडीह में 21, उमवि बुंडू-2 में 101, उमवि चतरो में 17, उमवि डपोक में 75, उमवि धनवार उर्दू में 107, उमवि धोबिया पहरी में 19, उमवि डूमरडीह में 43, उमवि गुड़ियो में 140, उमवि हरीला में 11, उमवि जीतपुर में 61, उमवि कदवा में 47, उमवि केदारूत में 42, उमवि महुगढा में 113, उमवि मलकोको में 140, उमवि ओरपरता में 109, उमवि पड़रिया 36, उमवि में पडिरमा मे 63, उमवि पोडैया में 52, उमवि रालो लठिया में 28, उमवि रानीचुआ में 48, उमवि शिवपुर में 58, उमवि श्रीनगर में 48, उमवि तिलैया में 113, उप्रावि कुरहरिया में 23, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर में 177 और उर्दू प्राथमिक विद्यालय कोनरा में 52 विद्यार्थियों को छात्रवृति की राशि उनके आधार लिंक्ड बैंक खाता में हस्तांतरित किया जा चुका है.

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह



रामगढ़। शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 8 फरवरी को सड़क सुरक्षा माह को मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि एसपी पीयूष पांडे, डीटीओ मनीषा वत्स, डीएफओ नीतीश कुमार सम्मिलित रहे। सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि को सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा और सरदार परमिंदर सिंह जस्सल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। सर्वप्रथम विद्यालय के ऑडिटोरियम में नुक्कड़ नाटक स्थानीय कलाकारों के द्वारा हुआ हुआ। बच्चों ने स्वागत गान के साथ प्रेरित नृत्य भी किया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया कि लोगों को सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलना चाहिए ट्रैफिक नियमों का ध्यान रखना चाहिए। बच्चों ने ट्रैफिक नियम को बताते हुए कविता गायन भी किया और लोगों को बताया कि अगर हमें सुरक्षित रहना है तो हमें अपने साथ गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनना होगा और सड़क सुरक्षा के नियम को अपनाना होगा। प्रतियोगिता परीक्षा में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल,डी.ए.वी पब्लिक स्कूल बरकाकाना, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल पतरातु, राधा गोविंद पब्लिक स्कूल, श्री कृष्ण विद्या मंदिर तथा गांधी स्मारक +2 उच्च विद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने प्रथम पुरस्कार जीता। नृत्य, संगीत तथा बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के लिए उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

### भदानीनगर गरेवाटांड़ में चोरों का उत्पात, घर में चोरी के बाद लगाई आग

रामगढ़ / भुरकुंडा। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के गरेवाटांड़ टोला में मंगलवार रात्रि चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां ओमप्रकाश कुमार के घर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने आग लगा दी, जिससे लाखों का सामान जल कर खाक हो गया। यही नहीं, चोरों की मंशा परिवार के सदस्यों को आग में जलाने की भी थी। इसलिए चोरों ने कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे। इसकी पुष्टि करते हुए पीड़ित ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि बुधवार तड़के 5 बजे जब उनकी नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पड़ोसी को फोन कर मदद के लिए बुलाया। कमरे से निकलने पर देखा की दरवाजे के पास फर्श पर तेल गिरा हुआ है और दो कमरों में आग लगी हुई है, जिस पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि आग बुझने के बाद उन्हें चोरों की असल करतूत नजर आई।

### मां सरस्वती की मूर्ति निर्माण में जुटे कलाकार

# बरकट्ठा में 15 वर्षों से मूर्ति बनाने का कार्य है जारी : गणपत पंडित



नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा आगामी 14 फरवरी को निर्धारित है। इस निमित्त प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में मां सरस्वती की मूर्ति का निर्माण कलाकारों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है ।ज्ञात हो कि प्रखंड के बरकट्ठा धर्मशाला,बाजार रोड बरकट्ठा,बेलकपी शिव मंदिर प्रांगण, नव प्राथमिक विद्यालय चौथा,चेचकपी समेत अनेक स्थानों पर मूर्ति निर्माण किया जा रहा है। बरकट्ठा धर्मशाला में मां सरस्वती की मूर्ति की निर्माण कर रहे कलाकार गणपत पंडित पिता स्व0 छत्रु पंडित , ग्राम आमनारी, थाना सरिया निवासी ने बताया कि बरकट्ठा धर्मशाला में करीब 15 वर्षों से मूर्ति बनाने का कार्य लगातार कर रहा हूँ। हमने कोलकाता में मूर्ति बनाने का कार्य सीखा है। देवी देवताओं का मूर्ति निर्माण कर ही मैं अपनी रोजी रोटी कमाता हूं। पिछले दो माह से मूर्ति बनाने का कार्य जारी है।

### प्रखंड के दो बड़ी चिर प्रतीक्षित योजनाओं का शिलान्यास कल

# मूलभूत समस्याओं को जड़ से समाप्त करने का किया है प्रयास : विधायक



नवीन मेल संवाददाता। बरही
शुक्रवार को बरही प्रखंड के दो बड़े व चिर प्रतीक्षित योजनाओं का शिलान्यास किया जायेगा. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव शामिल होंगे. देर संध्या गुरुवार को बरही चौक पर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उक्त बातें विधायक ने कही. उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से राज्य सरकार की पहल पर शुक्रवार को 3 करोड़ की लागत से तेलोडीह व सिंहपुर के बीच करीब एक किमी लंबे पुल का शिलान्यास किया जाएगा. इससे दो गांवों को जोड़ने का काम संभव हो सकेगा. इसके साथ ही अपराह्न 2 बजे प्रखंड परिसर स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में दस करोड़ की लागत से चालू होने वाले पेयजलापूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया जायेगा. उन्होंने बताया कि यह बरही के बेंदगी, कोनरा, रसोईया धमना, बरही पूर्वी और बरही पश्चिमी पंचायत वासियों के चिर प्रतीक्षित मांग थी. पेयजलापूर्ति का कार्य अंतिम चरण पर है. इंटेक वेल, दो जल मीनार और पंचायतों में पाईप बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है. मुख्य पाईप लाईन बिछाने के साथ ही जलापूर्ति कार्य प्रारंभ हो जायेगा.

### टाटा स्टील के सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

रामगढ़। सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने और वेस्ट बोकारो डिवीजन में सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डिवीजन में सड़क सुरक्षा माह 18 जनवरी से 17 फरवरी 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा माह को ध्यान में रखते हुए वेस्ट बोकारो के सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कर्मचारियों के साथ-साथ समुदाय और स्कूली बच्चों को भी संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। अभियान के शुभारंभ के बाद ड्राइवरों को जागरूक करने के लिए वेस्ट बोकारो की विभिन्न सार्वजनिक सड़कों के जंक्शन बिंदुओं पर रोको-टोको कार्यक्रम के साथ-साथ डिवीजन के संबंधित विभागों में सुरक्षा संचार भी आयोजित किया गया। क्वायरी-एसई में, विभिन्न सुरक्षा और संचार सत्र आयोजित किए गए वहीं क्वायरी-एबी में सड़क दुर्घटना पर संवाद किया गया। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और रोकथाम पर चर्चा की गई।

### रबी कार्यशाला का आयोजन, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग हुआ शामिल

# उचित और संरक्षण से लिया जा सकता है अधिकाधिक लाभ : बीटीएम

### बीसीओ ने सभी किसानों को पैक्स में धान बेचने पर जोर दिया




नवीन मेल संवाददाता। बरही
प्रखंड परिसर स्थित एग्रो कृषि क्लीनिक केंद्र में रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमे मुख्य रूप से बीसीओ सह एमओ संजय यादव, बीएचओ डॉ एम के सिंह, बीटीएम राकेश कुमार, एटीएम नीलम सुजाता डुंगडुंग, प्रभारी बीएओ समीर कांत व जन्म मृत्यु के सुरेंद्र कुमार सहित प्रखंड के कई कृषक मित्र व किसान शामिल हुए. कार्यशाला में बोलते हुए बीसीओ ने सभी किसानों को पैक्स में धान बेचने पर जोर दिया. इसके साथ ही कुछ किसानों का 2019 के फसल बीमा की राशि भुगतान आ रही कमी को बताते हुए आवश्यक दस्तावेज जमा करने की बात कही. बीएचओ ने पशुपालन के तहत किसानों को दी जानेवाली सुविधाओं की जानकारी दिया. कार्यक्रम संचालन करते हुए बीटीएम ने किसानों को रबी फसल के पैदावार, उसके संरक्षण आदि संबंधित कई महत्वपूर्ण विंदुओं पर जानकारी दी. उन्होंने कहा कृषक फसलों के उचित देखभाल और संरक्षण से ही अधिकाधिक लाभ ले सकते है. कार्यशाला में कृषक मित्र सह 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव, सतीश यादव, हेमलाल रविदास, अशोक कुशवाहा, अशोक राणा, बिनोद कुमार यादव, बिरेंद्र कुमार पांडेय, प्रयाग गोप, सुबोध कुमार यादव, कैलाश राम, मो कुदूस, ममता देवी, रिंकी देवी, रिंकू देवी, सुनीता देवी, उदय ठाकुर आदि सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सहिया दीदी के बीच नव विवाहित जीवन साथी को देने के लिए किट बांटा गया



बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में सहिया दीदी के बीच नव विवाहित जीवन साथी को देने के लिए किट बांटा गया। विदित हो कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवदंपति को बच्चों के बीच अंतर रखने के लिए नई पहल किट दिया जाना है।इस निमित बरकट्ठा अस्पताल में चिकित्सक डॉ निशात बेक ने सहिया दीदी को नई पहल किट का बैग वितरण किया। उन्होंने कहा कि नवदंपति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई पहल किट दिया जा रहा है। जिन्हें छोटा परिवार, खुशहाल परिवार, पहला बच्चा दो साल के बाद, बच्चों के बीच अंतराल रखने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मौके पर बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, लिपिक भवेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, बीटीटी प्रकाश पंडित, रीना देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, बसंती देवी, हीरालाल प्रसाद, नरोत्तम कुमार, कुंदन कुमार मौजूद थे।

### आर्मी क्लर्क के दशकर्म में शामिल हुए नव झारखंड फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष



हजारीबाग। बिष्णुगढ़ प्रखंड के सिरय पंचायत के होनहार, अपने देश के लिए सदैव समर्पित रहने वाले, व्यक्तित्व के धनी आर्मी क्लर्क सुनील कुमार महतो के दस कर्म में नव झारखंड फाउंडेशन संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। साथ में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के सौजन्य से असहाय गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे होनहार के असमय चले जाने से पूरे समाज को क्षति हुई है।इस दुःखद समय में पूरे परिवार को ईश्वर हिम्मत प्रदान करे।

### मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह पर डेंटल कॉलेज ने लगाया निः शुल्क दंत परीक्षण शिविर



हजारीबाग। मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अवसर पर श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा सदर प्रखंड स्थित गुरहेत पंचायत भवन में गुरूवार को निशुल्क दंत परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 68 जरूरतमंदों के मुफ्त दंत परीक्षण के। साथ हीं उन्हे चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां भी दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन एवं संचालन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार से जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ निशाद गवली और डॉ मेधा कृष्णन ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर का आयोजन राम कृष्ण मिशन हजारीबाग द्वारा किया गया था। मौके पर डॉ बिनय, डॉ सौम्या, डॉ सादिया, डॉ मनीषा, डॉ अंजलि, डॉ सौरबी, विभागीय कर्मचारी राजकुमार दास एवं पुष्पा कुमारी ने उपस्थित होकर अपना सरहानीय योगदान दिया।

### चानो फ्लाईओवर के समीप कार स्पा के उद्घाटन में सदर विधायक भी हुए शामिल



हजारीबाग। अगर आप कार के शौकीन हैं और उसे हमेशा चमकते हुए देखना चाहते हैं तो हजारीबाग में अब स्पेशल कार धुलाई की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हजारीबाग के बाईपास रोड़ में चानो फ्लाईओवर के समीप हॉक मार्क द डिटेलिंग स्टूडियो एंड कार स्पा का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। इस नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन संचालक समूह के परिवार के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति समाजसेवी छवि गोप ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल यहां पहुंचे और कार स्पा सेंटर का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं इसके संचालन की विधि से रूबरू हुए। विधायक मनीष जायसवाल ने संचालक प्रकाश यादव, बिट्टू यादव सहित उनके परिजनों से मिलकर इस संस्थान के खोलने हेतु बधाई दिया और संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना भी की ।

### तोपा क्रेन हादसे में मृत कर्मी के आश्रित को दिया गया चेक

कुजू। तोपा क्रेन हादसे में मृत सीसीएल कर्मी के आश्रित को बीओआई तोपा शाखा ने दुर्घटना हित लाभ राशि का चेक प्रदान किया। मृतक सीसीएल कर्मी भोला प्रसाद के धर्मपत्नी अनिता देवी को मिलने वाले शोल्ड लाइफ इंश्योरेंस के हित लाभ राशि 17 लाख 20 हजार के चेक को पुत्र बादल कुमार ने प्राप्त किया। मौके पर बीओआई तोपा शाखा मैनेजर शाहिद अख्तर ने सभी लोगों से अपने बैंक शाखा में बीमा निश्चित रूप से कराने की अपील किया। मौके पर सेकंड मैनेजर उदय कुमार शर्मा, दीपांकर बोस, अभिषेक कुमार, राजदीप कुमार रवि, शोभा कुमारी, मो नवाज, रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# फ्रेजर-मैकगर्क को सभी प्रारूपों का खिलाड़ी बनाने का समर्थन करते हैं रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि घरेलू क्रिकेट, विशेषकर शेफील्ड शील्ड और साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट में युवा खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क के विस्फोटक प्रदर्शन के बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तीनों प्रारूपों की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जाये।

21 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले रविवार को एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती वनडे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 18 गेंदों में 41 रन बनाये। जिसमें श्रृंखला के अंतिम एकदिवसीय मैच में सात गेंदों में 31 रन शामिल थे। जिसमें तीन छक्के शामिल थे। एक ऐसी पारी जिसने पोंटिंग को विश्वास के साथ यह घोषित करने के लिए प्रेरित किया कि बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों का खिलाड़ी हो सकता है।



ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि उनके बारे में कई वर्षों से बात की जा रही है। वह यहां विक्टोरिया में अचानक सामने आये लेकिन उसके बाद उन्हें ज्यादा अवसर नहीं मिले। वह इस साल दक्षिण ऑस्ट्रेलिया चले गए जहां उन्होंने कुछ काम किए हैं शील्ड क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में काफी आश्चर्यजनक चीजें हैं।

पोंटिंग ने एसईएन 1170 मॉर्निंग्स से कहा मेरा मतलब है उसने तस्मानिया के खिलाफ 29 गेंदों में 100 रन बनाये... मुझे लगता है कि उस तरह की प्रतिभा इतनी बार सामने नहीं आती है। आप देख सकते हैं कि लोग बाहर जाते हैं और खेलते हैं। आप देख सकते हैं कि लोग रन बनाते हैं लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है। वे ऐसा करते हैं जो वास्तव में अलग दिखता है और इस साल उनकी बिग बैश में कुछ पारियां उल्लेखनीय थीं।

इसके अलावा पोंटिंग ने फ्रेजर-मैकगर्क की तेज प्रगति की तुलना डेविड वार्नर से की। जिन्होंने तीनों प्रारूपों में सर्वकालिक महान बनने से पहले न्यू साउथ वेल्स के लिए एक दिवसीय और टी20 क्रिकेट खेला था। डेविड वॉर्नर बिल्कुल इसी तरह से मैदान पर उतरे। ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में चुने जाने से पहले उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के लिए कुछ एक दिवसीय क्रिकेट और न्यू साउथ वेल्स के लिए टी20 क्रिकेट खेला। एमसीजी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके पहले गेम में मैं दूसरे छोर पर था और उन्होंने डेल स्टेन, मोर्ने मोर्कल और इन लोगों को ऐसे दिखाया जैसे वे क्लब के गेंदबाज हों। यही वह जगह है जहां उनके (वार्नर के) अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत हुई। इस बारे में कुछ संदेह थे कि क्या वह खुद को वास्तव में एक अच्छे टेस्ट खिलाड़ी में बदल पाएंगे, लेकिन इस बात पर एक नजर डालें कि उन्होंने शुरूआती प्रदर्शन और सिस्टम में अच्छी तरह से और जल्दी प्रवेश करके क्या किया। पोंटिंग ने कहा मैं जेक के लिए भी ऐसा ही रास्ता देख सकता हूं।



## गुजरात जायंट्स के खिलाफ होम लेग की शुरूआत करेगा बंगाल वॉरियर्स

### प्रशंसकों से की समर्थन की अपील

**एजेंसी। कोलकाता**

2019 चैंपियन, बंगाल वॉरियर्स, प्लेऑफ स्थान के लिए अंतिम प्रयास करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वॉरियर्स जो फिलहाल नौवें स्थान पर हैं, शुक्रवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी।

अपने होम लेग की शुरूआत से पहले, बंगाल वॉरियर्स के कप्तान मनिंदर सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा हम 4 साल बाद कोलकाता में घर वापस आकर बहुत खुश हैं। हमारे प्रशंसक हमारे लिए भाग्यशाली आकर्षण हैं, और जब से मैं टीम में शामिल हुआ हूं, हम यहां नहीं हारे हैं। हम हमेशा घरेलू दर्शकों के समर्थन का आनंद लेते हैं, और हमने देखा है कि प्रशंसकों के प्रोत्साहन से हमारे स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिलती है। इसलिए, इस साल भी, हम चाहते हैं कि सभी हमारा समर्थन करें, ताकि हम चार बेहतरीन खेल खेल सकें।

कैपरी स्पोर्ट्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कॉन्टैक्ट स्पोर्ट्स के प्रमुख अपूर्व गुप्ता ने कहा बंगाल वॉरियर्स हर दिन प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि हम अपने घरेलू प्रशंसकों के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बंगाल वॉरियर्स 9-14 फरवरी तक अपने घरेलू चरण के दौरान गुजरात जायंट्स, तेलुगु टाइटंस, यू मुंबा और पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे।

# श्रीलंका की वनडे टीम का ऐलान, दासुन शनाका बाहर

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका ने 9 से 14 फरवरी तक होने वाली आगामी श्रृंखला में अफगानिस्तान का सामना करने के लिए अपनी 16 सदस्यीय वनडे टीम से तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान दासुन शनाका को बाहर कर दिया है।

उनके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और लेगस्पिनर जेफरी वेंडरसे को भी वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। जनवरी 2023 के बाद से शनाका ने इस प्रारूप में सिर्फ एक अर्धशतक जमाया है। जिससे पता चलता है कि वह खराब दौर से गुजर रहे हैं।

शनाका जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए श्रीलंका की सफेद गेंद वाली टीम में थे, लेकिन पहले दो मैचों में आठ और सात का स्कोर बनाने के बाद उन्हें तीसरे वनडे से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह चमिका करुणारत्ने के प्लेइंग-11 में खाली तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की




भूमिका निभाने की उम्मीद है। कप्तान कुसल मेंडिस के साथ पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, शेवोन डेनियल और जेनिथ लियानाज भी शामिल हैं जो जिम्बाब्वे के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज थे। वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना स्पिन-गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व करेंगे, जिसमें अकिला धनंजय और ऑलराउंडर डुनिथ वेलालेज और सहान अराचिगे भी शामिल हैं। करुणारत्ने के अलावा, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका और प्रमोद मदुशन टीम के अन्य तेज गेंदबाज हैं।

### संदीप सूरी मेमोरियल क्रिकेट

## वत्सल के शानदार खेल से एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी अंतिम आठ में




**नई दिल्ली।** सत्यवती कॉलेज ग्राउंड में खेले जा रहे 35वें संदीप सूरी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी ने यंग क्रिकेटर टीम को 10 रनों से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। मैच में एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में आठ विकेट की बदौलत 333 रन बनाए। जवाब में यंग क्रिकेटर की टीम 34 ओवर में 323 रनों पर ऑल आउट हो गई। एयरलाइनर क्रिकेट अकादमी की तरफ से भवयदीप और तनुज पंवार ने दो-दो विकेट लिए। प्रतीक को फाइटर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

## चीन के वांग ने लगातार तीसरा तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड विश्व खिताब जीता

**एजेंसी। दोहा**

चीन के वांग जोंगयुआन ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एकल 3 मीटर स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा में अपना लगातार तीसरा खिताब हासिल किया।

वांग ने 538.70 अंक हासिल किए और अपने आठवें विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक का दावा किया और दोहा में मौजूदा टूर्नामेंट में अपने पार्टनर लॉन्ग डाओई के साथ अपने 3 मीटर सिंक्रो नाइज्ड खिताब के बाद अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

बुडापेस्ट 2017 और ग्वांगजू 2019 में विश्व चैंपियन, हमवतन झी सियी 516.10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मेक्सिको के ओस्मार ओलवेरा इबारा ने 498.40 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।



वांग ने सिन्हुआ के हवाले से कहा इस बार दोहा में, मैक्सिकन न्यूकमर और जी की वापसी ने मेरे लिए कुछ दबाव बढ़ा दिया। लेकिन अंत में, मैं खुद पर केंद्रित रहा और उन पर काबू पाने में कामयाब रहा, जिससे आगामी ओलंपिक के लिए मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।

वांग विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक के सबसे सफल पुरुष गोताखोर बन गए हैं, उन्होंने हमवतन किन काई को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 2007 और 2015 के बीच सात स्वर्ण पदक जीते थे।

# नाइट राइडर्स के खिलाफ शारजाह वॉरियर्स की रिकॉर्ड जीत के बाद आदिल राशिद ने की स्पिनरों की सराहना

**एजेंसी। अबू धाबी**

शारजाह वॉरियर्स ने बुधवार को शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 2 के प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में अबू धाबी नाइट राइडर्स पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की। नाइट राइडर्स ने मैच में मजबूत शुरूआत की और एक समय 1 विकेट पर 61 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी हालांकि इसके बाद पूरी टीम 94 रन पर सिमट गई। जिसे वॉरियर्स ने 13.5 ओवर में हासिल कर लिया।

मैच के बाद इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद, जिन्होंने 12 रन देकर 4 विकेट लिये, ने अपने प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा चार विकेट हासिल करना व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छा है लेकिन हमने शुरूआत में असाधारण रूप से अच्छी गेंदबाजी की। जिसने मेरे बाकी साथियों के लिए आगे आने



और अपना काम करने के लिए माहौल तैयार किया।

राशिद ने इस बारे में भी अपनी राय साझा की कि किस चीज ने उनकी टीम को प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजी क्रम से निपटने में मदद की। उन्होंने कहा टी20 क्रिकेट में ऐसा हो सकता है। उन्होंने शानदार शुरूआत की, लेकिन जब आप विकेट खो देते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है; आप कोशिश करते हैं कुछ और विकेट हासिल करें। सौभाग्य से हमारे लिए ऐसा ही हुआ। उन्होंने अच्छी शुरूआत की, लेकिन फिर स्पिनर आए और हमने उनकी बल्लेबाजी पर ब्रेक लगा दिया।

इस जीत से शारजाह वॉरियर्स को तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। जिससे उन्हें रविवार 11 फरवरी को डेजर्ट वाइपर्स के खिलाफ अगला मैच जीतना होगा। आदिल का मानना है कि उनकी टीम के पास वहां पहुंचने के लिए सब कुछ है। उन्होंने कहा फिलहाल हमारे शिविर की मानसिकता बहुत सकारात्मक है। हमारा मानना है कि हमने आज जो कौशल दिखाया है, उससे हम अगला मैच जीत सकते हैं और प्रतियोगिता में आगे बढ़ सकते हैं। टीम भी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

राशिद ने आईएलटी20 की प्रशंसा करते हुए कहा, यह एक शानदार टूर्नामेंट है। हमारे पास विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं, जो इसे एक कठिन प्रतियोगिता बनाता है। निश्चित रूप से यहां प्रशंसक अद्भुत हैं। जो इसे हमारे लिए एक शानदार माहौल बनाता है।

# हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार को समन कर सकती है पुलिस, आरोपी के खिलाफ तेज हुई जांच

**एजेंसी। बेंगलुरू**

पुलिस ने हॉकी प्लेयर वरुण कुमार के खिलाफ जांच तेज कर दी है। वरुण के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा मामले की जांच के लिए दो टीमों का गठन भी किया जा चुका है। जांच अधिकारी जल्द ही वरुण कुमार को इस मामले में पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए समन जारी करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि आरोपी और पीड़िता के बीच हुई चैट, फोन रिकॉर्डिंग और होटल रूम की बुकिंग जो हुई थी, उसकी जांच भी की जा रही है। कर्नाटक पुलिस ने 22 वर्षीय एयरलाइन कर्मचारी की शिकायत के आधार पर हॉकी प्लेयर वरुण कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

बेंगलुरु शहर की ज्ञानभारती पुलिस ने कुमार के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 (2), 5 (छ), 6 और आईपीसी की धारा 376 (3) के प्रावधानों के तहत 16 साल से कम उम्र की महिला के साथ बलात्कार और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एफआईआर दर्ज की।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में



कहा कि आरोपी उसके साथ 16 साल की उम्र से शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म कर रहा था। वहीं, एक साल पहले पिता के निधन के बाद आरोपी मुझे सांत्वना देने आया था, लेकिन इसके बाद उसने मुझे फोन करना बंद कर दिया। इतना ही नहीं, उसने मेरे फोन को भी नजरअंदाज करना शुरू कर दिया, लेकिन इसके बाद जब मैंने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया, तो उसने मुझसे दोबारा बातचीत करना शुरू कर दिया।

पीड़िता ने आगे कहा, जब मैंने उससे शादी करने को कहा, तो उसने मुझसे कहा कि हम ऐसे ही रह सकते हैं। यही नहीं, आरोपी ने मुझे धमकी देते हुए कहा कि अगर मैं उस पर शादी का दबाव बनाऊंगी, तो वो मेरी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा कर देगा।

पीड़िता ने कहा एक बार आरोपी मुझे जयनगर फोर्थ ब्लॉक के एक होटल में डिनर के लिए ले गया। डिनर के बाद वो मुझे जबरन रूम में ले गया। यहां तक कि मैंने आरोपी से कहा कि मैं नाबालिग हूं, लेकिन इसके बावजूद भी उसने जबरन मेरे साथ यौन संबंध बनाने का प्रयास किया। हालांकि, उसके द्वारा किए गए शादी के झूठे वादों पर विश्वास करके उसे मैंने 5 सालों तक प्यार किया। इस दौरान वो मुझे बेंगलुरु के कई होटलों में ले गया और मेरे साथ यौन शोषण किया।

### दिल्ली ओलंपिक गेम्स हॉकी

## महिला वर्ग में यूनाइटेड क्लब और पुरुष वर्ग में जीएस एजुकेशन

### जामिया ने दर्ज की जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली ओलंपिक गेम्स 2024 में गुरुवार को श्याम लाल कॉलेज में हॉकी टूर्नामेंट के मैच खेले गये। महिला वर्ग के पहले मैच में यूनाइटेड क्लब ने टाइगर क्लब को 8-0 से हराया। प्रियंका ने दो गोल किए। मानसी, सोनू, शुभम, मुस्कान, दिव्या, जूही ने एक-एक गोल किया। पुरुष वर्ग में जीएस एजुकेशन स्पोर्ट्स अकादमी ने छोटा नागपुर को 6-1 से हराया। विजेता टीम की तरफ से गुना शंकर, रोहित, सुनील, रितेश, विकास और रोहित कुमार ने एक-एक गोल किए, जबकि छोटा नागपुर की तरफ से एक गोल अशोक ने किया।

आज का तीसरा मैच जो कि पुरुष वर्ग में जामिया और जय भारत अकादमी के बीच में खेला गया। जब एक-एक से बराबरी पर था तब जय भारत अकादमी के खिलाड़ियों ने अंपायर के फैसले पर आपत्ति जताते हुए मैच को आगे खेलने से मना कर दिया, जिसकी वजह से इस मैच में जामिया को विजेता घोषित किया गया।


# वनडे फॉर्मेट को 40 ओवर का कर देना चाहिए : आरोन फिंच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने दर्शकों की घटती रुचि और ओवर रेट में सुस्ती की चिंताओं के बीच एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) खेल को घटाकर 40 ओवर का करने का सुझाव दिया है।

फिंच के शब्द क्रिकेट जगत के बीच बढ़ती भावना को दर्शाते हैं कि पारंपरिक 50 ओवर का प्रारूप अपनी अपील खो रहा है, खासकर टी20 अंतरराष्ट्रीय के तेजी से बढ़ने की तुलना में, जिसने दुनिया भर में युवा दर्शकों की कल्पनाओं पर कब्जा कर लिया है।

फिंच ने ईएसपीएन पर कहा मेरी राय में, मुझे लगता है कि खेल बहुत लंबा चला गया है। इंग्लैंड में, उनके पास प्रो-40 हुआ करता था और वह एक बड़ी प्रतियोगिता थी। मेरे विचार में मुझे लगता है कि खेल बहुत लंबा चला गया है। जिस गति से टीमें गेंदबाजी करती हैं उनके 50 ओवर इतने धीमे हैं, यह लगभग 11 या 12 ओवर/घंटा कम है और यह स्वीकार्य नहीं है। लोग तर्क देंगे कि शायद यह एक गौरवशाली टी 20 खेल है लेकिन यह भीड़ के बारे में है हालांकि एक अन्य पूर्व



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कैलम फर्ग्यूसन, जो फिंच के प्रस्ताव से सहमत नहीं थे, ने सार्वभौमिक रूप से 40 ओवर के प्रारूप को अपनाने के बारे में आपत्ति व्यक्त की।

मैं हर सीरीज के लिए इतना तैयार नहीं हूं। मुझे लगता है कि जब आपके पास सभी बड़े खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे हों, तब भी मुझे लगता है कि 50 ओवर के खेल की ताकत और उतार-चढ़ाव अद्भुत होते हैं, लेकिन जब वे इतने एकपक्षीय होते हैं जब आपके पास वेस्ट इंडीज है... जो विश्वकप में वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वे ट्रैक से इतने दूर हैं, मुझे लगता है कि 40 ओवर वास्तव में उस प्रकार की श्रृंखला के लिए उपयुक्त हो सकते हैं, यह उन्हें एक साथ करीब ला सकता है।


## खबरें व्यापार जगत की

# मौद्रिक नीति के दबाव में क्रैश हुआ शेयर बाजार

### निवेशकों को 1 लाख करोड़ से अधिक नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को मौद्रिक नीति के झटके को झेल नहीं सका। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार को छोड़कर शेष पूरे दिन बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,242.80 अंक और निफ्टी 345.75 अंक टूट गए। पूरे दिन कारोबार के बाद सेंसेक्स 1 प्रतिशत और निफ्टी 0.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।गुरुवार के कारोबार में बैंकिंग, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी, पीएसयू बैंक और आईटी इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार मुनाफावसूली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के



कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 388.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। गुरुवार को दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,945 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,636 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,204 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 105 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,145 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## नियमों का अनुपालन नहीं करने पर पेटीएम के खिलाफ हुई कार्रवाई


**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि पेटीएम भुगतान बैंक पर कार्रवाई नियमों का अनुपालन नहीं करने के कारण हुई है। हालांकि ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मुहैया कराने वाली पेटीएम में व्यवस्था के स्तर पर चिंता की कोई बात नहीं है। पेटीएम के खिलाफ रिजर्व बैंक की कार्रवाई के बाद यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि पेटीएम को पर्याप्त समय दिया गया था लेकिन उन्होंने सुधार नहीं किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के नियमानुसार न चलने पर हमें जिम्मेदार नियामक होने के नाते एक्शन लेना ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थान सभी जरूरतों को पूरा करते हैं, तो केंद्रीय बैंक को किसी इकाई के खिलाफ कार्रवाई करने की क्या जरूरत है। दरअसल, केंद्रीय बैंक ने विजय शर्मा के अगुवाई वाले ऑनलाइन वॉलेट पेटीएम और उसकी बैंकिंग इकाई के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग की चिंता के कारण अंकुश लगाया है। आरबीआई ने पिछले हफ्ते ही पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) को और जमा लेने सहित अधिकांश गतिविधियों को फिलहाल रोक लगाने के साथ 29 फरवरी के बाद नए ग्राहक बनाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे।

## भारतगैस ने एलपीजी डिलीवरी अनुभव में क्रांति के लिए लॉन्च किया *प्योर फॉर योर*



**मुंबई/नई दिल्ली।** एलपीजी डिलीवरी के अनुभव को बदलने की दिशा में एक अभिनव कदम के तहत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने गर्व से प्योर फॉर श्योर लॉन्च किया है। गोवा में आईईडब्ल्यू 2024 में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को इसका उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य अंतिम-मील वितरण अक्षमताओं को खत्म करना और ग्राहकों की संतुष्टि को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाना है। बीपीसीएल खुदरा व्यवसाय से अपनी विशिष्ट *प्योर फॉर श्योर* पहल का विस्तार करते हुए सीधे ग्राहक के दरवाजे पर एलपीजी सिलेंडर में गुणवत्ता और मात्रा आश्वासन प्रदान करने के लिए तैयार है, जो देश में अपनी तरह की पहली सेवा है। एलपीजी में *प्योर फॉर श्योर* के मूल में इसकी अभिनव छेड़छाड़-रोधी सील शामिल है, जिसमें उत्पादन संयंत्र से ग्राहक तक सिलेंडर की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए क्यूआर कोड की सुविधा है। इसके तहत क्यूआर कोड को स्कैन करने पर ग्राहकों को एक सिग्नेचर ट्यून के साथ एक विशिष्ट प्योर फॉर श्योर पॉप-अप दिखाई देगा, जिसमें भरने के समय सिलेंडर का कुल वजन जैसे आवश्यक विवरण प्रदर्शित होंगे। यह ग्राहकों को डिलीवरी स्वीकार करने से पहले अपने सिलेंडर को प्रमाणित करने पारदर्शिता और विश्वास सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। इसमें यदि कोई छेड़छाड़ होती है, तो क्यूआर कोड स्कैन करने योग्य नहीं रह जाता है, जिससे डिलीवरी रुक जाती है और उत्पाद की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाती है। प्योर फॉर श्योर के साथ बीपीसीएल ग्राहक सेवा के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करता है, जिससे समझौता किए बिना गुणवत्ता और मात्रा के साथ स्वच्छ, कुशल खाना पकाने के ईंधन की डिलीवरी सुनिश्चित होती है। यह ऐतिहासिक छलांग एलपीजी पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो विश्वसनीयता और उत्कृष्टता के भविष्य का वादा करती है।

## गौतम अडाणी दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यापारी



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के प्रमुख अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की संपत्ति एक बार फिर 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद इस क्लब में लौटने में अडाणी को एक साल का वक्त लगा। समूह के शेयरों में आई गिरावट से उबरते हुए उन्होंने एक बार फिर यह मुकाम हासिल किया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स की गुरुवार को जारी सूची के मुताबिक गौतम अडाणी की नेटवर्थ 2.73 अरब डॉलर बढ़कर 101 अरब डॉलर (8.38 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गई है। इसके साथ ही वे इस सूची में 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं। अडाणी के अलावा इस सूची के टॉप-15 में शामिल रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर हैं। भारत के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 108 अरब डॉलर हो गई है।

## एक नजर

### एसडीपीओ से मिला आजसू प्रतिनिधिमंडल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद के नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो से आजसू का शिष्टमंडल मिला। कार्यकताओं ने उन्हें बुके देने के बाद क्षेत्र की विभिन्न हालातों की जानकारी दी। कार्यकताओं ने उन्हें जरुरत पड़ने पर हरसंभव पुलिस को पूरे सामंजस्य के साथ सहयोग करने का भरोसा दिया। इस मौके पर केंद्रीय कमिटी सदस्य अक्षय कुमार मेहता, प्रखंड अध्यक्ष रामराज पासवान व सचिव मुकेश मेहता, जिला सचिव सुरेश प्रसाद व दीपक कुमार, धर्मेंद्र पासवान, मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, ओम प्रकाश मेहता, गुड्डू मेहता उर्फ ललन प्रसाद व गौतम मेहता शामिल थे।

### बून पब्लिक स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का अयोजन

**हुसैनाबाद।** बून पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं की विदाई सहा सम्मान समारोह कार्यक्रम का अयोजन किया गया,। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक कश्यप ने की, संचालन स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार ने किये। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल प्रबंधक की ओर से सभी अतिथियों को बुके और सॉल ओढ़कर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कर्नल संजय सिंह ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि छात्र जीवन के लिये दसवीं की परीक्षा काफी अहम होती है। इस परीक्षा को बेहतर तरीके से सफलता पाने पर आगे की कैरियर को संवारने के लिए बहुत मदद मिलती है। उन्होनें कहा की इस स्कूल प्रबंधक ने अपने शिक्षा के माध्यम से स्कूल की एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सभी छात्रों को बचे हुए समय में ईमानदारी पूर्वक मेहनत के साथ पढ़ाई करने की बात कहीं। मौके पर बुन पब्लिक स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह ने कहा कि आज हमारे स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं हमलोग से बिछड़ कर ऊंच शिक्षा के लिए जा रहें है।

### फाइलेरिया कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक चलेगा : सिविल सर्जन

**लोहरदगा।** डॉ राजमोहन खलखो, सिविल सर्जन सह जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी, लोहरदगा ने बताया कि लोहरदगा जिले में ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत बूथ स्तर पर घर-घर भ्रमण कर लक्षित जनसंख्या को उम्र के अनुसार डी०ई०सी० एवं अल्बेन्डाजोल की एक-एक खुराक खिलाई जायेगी। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने हेतु सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 1500 कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के वासियों से अपील की गयी कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

# नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए सुकन 2011 में आईआरबी में हुए थे बहाल

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पलामू से सटे चतरा जिले के जोरी थाना बॉर्डर इलाके के बेरियो थाना क्षेत्र में नक्सली संगठन टीपीसी के साथ बुधवार शाम हुई मुठभेड़ में बलिदान हुए जवान सुकन राम पासवान (30) पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के ओझापतरा के निवासी थे। सुकन 2011 में बतौर आईआरबी जवान बहाल हुए थे। 13 वर्ष से पुलिस सेवा में थे। घटना के बाद से जहां गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पिता, भाई एवं परिवार के अन्य सदस्य शव लेने के लिए चतरा गए हुए हैं। वहां पुलिस लाइन में सलामी के बाद दोपहर तक शव आने की संभावना है। इसके बाद अमानत नदी तट पर दाह संस्कार किया जाएगा। परिवार के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार जवान सुकन राम पासवान इन दिनों जिला पुलिस में सहायक अवर निरीक्षक की ट्रेनिंग ले रहे थे। ट्रेनिंग पीरियड में ही उन्हें पोस्ता (अफीम) की खेती नष्ट करने के लिए लगाया गया था।



### दशहरा में आए थे घर

सुकन दशहरा में पिछले वर्ष अपने घर ओझा पतरा आए थे। उसके बाद से घर आना नहीं हुआ था, लेकिन टेलिफोनिक बातचीत होती रहती थी। सुकन की पत्नी सीमा देवी हाउसवाइफ हैं जबकि दो लड़की और एक लड़का है। बड़ी लड़की सोनिया कुमारी सात वर्ष की है, जबकि रिया कुमारी 5 वर्ष और छोटा पुत्र कार्तिक पासवान अभी 2 साल का है। पिता अमरजीत पासवान खेती किसानी करते हैं। मां का नाम कौशल्या देवी है।

### दो भाई जिला पुलिस में दो भाई खेती करते हैं

सुकन के चार भाई हैं। सुकन चौथे नंबर पर थे। बड़े भाई प्रदीप पासवान खेती किसानी करते हैं जबकि मंझले भाई बजरंगी पासवान जिला पुलिस के जवान हैं और टाटा में पोस्टेड हैं। इसी तरह तीसरे नंबर के भाई त्रिवेणी पासवान जिला पुलिस के ही जवान हैं और मेदिनीनगर में कार्यरत हैं। छोटा भाई अखिलेश पासवान पिता के साथ खेती-बाड़ी करता है। उल्लेखनीय है कि चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान बलिदान और दो घायल हो गए थे।

## दो दिन आप सभी को पानी सप्लाई नहीं मिल पायेगा

**मेदिनीनगर।** परशुराम ओझा ने लोगो को जानकारी देते हुवे कहा की जिला स्कूल टंकी के पास जो मेन चाभी खोलने के बाद पानी सप्लाई मिलता था वहा का चूड़ी घिसने के कारण नहीं खुल पाया। इसके कारण कल और आज, आप सभी को पानी सप्लाई नहीं मिल पायेगा।गुरुवार को 11:00 बजे काम लगा है स्पैंडल को खोला गया है लेथ भेजा गया है।आज नहीं बन पाएगा जिसके कारण कल भी टंकी से पानी सप्लाई नहीं हो पायेगा। आज नगर आयुक्त से मिलकर मैंने उन्हे जिला स्कूल समस्या के बारे में बताया की बार-बार खराब होता है सप्लाई पानी बंद हो जाता है। अगर दो-तीन के भीतर स्पेंडल खरीद लिया जाए तो खराब होने के बाद तुरंत बदला जा सकता है और पानी सप्लाई बंद नहीं होगा। उन्होंने गंभीरता से इस विषय को सुना अगर व्यवस्था हो जाता है तो सभी टंकी के लिए वरदान साबित होगा । आप सभी को जो पानी सप्लाई चाबी खराब होने के बाद बंद होता है वह बंद नहीं होगा।

# छात्र-युवाओं के मुद्दे पर जीएलए कॉलेज में हुआ जनमत संग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन आइसा के द्वारा पिछले दो महीना से मोदी सरकार का 10 साल यंग इंडिया के 10 सवाल, जुमला नहीं जवाब दो 10 साल का हिसाब दो !! के राष्ट्रीय अभियान के तहत छात्र युवाओं के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा था। इसी अभियान को आगे बढ़ते हुए देश भर के 50 से ज्यादा विश्वविद्यालय में 7 से 9 फरवरी तक यंग इंडिया रिफ्रेंडम आयोजित हुआ है । यह रेफरेंडम छात्रझ युवाओ के मुद्दों पर हो रहा है . रेफरेंडम में तीन सवाल है। जो शिक्षा और रोजगार से जुड़ा हुआ है। जो इस प्रकार है। क्या हर साल हो रही बेताहाशा फीस वृद्धि छात्र-छात्राओं के लिए सही है? क्या मोदी सरकार ने हर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल और छात्रवृत्ति की पर्याप्त व्यवस्था की है? क्या मोदी सरकार ने अपने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा पूरा किया है? जिसे हां और नहीं में जनमत संग्रह करना है। इसी अभियान के तहत नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज गेट के पर आज 9:00 बजे से रेफरेंडम हो रहा था। रेफरेंडम कार्यक्रम में छात्रा युवाओ की भागीदारी बढ़-चढ़कर हो रही थी। बहुत सारे छात्र युवाओं ने कहा कि छात्र युवाओं के मुद्दों पर जनमत संग्रह कर छात्र युवाओं का मुद्दा 2024 के चुनाव में तय हो इस लिहाज से यह जनमत संग्रह की परम्परा की शुरवात करना ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन आइसा का यह पहल स्वागत योग्य है। आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि यह रेफरेंडम जनमत संग्रह का कल 1 बजे जेएलए कॉलेज गेट के पास कॉन्टिंग कर ओपन किया जाएगा कि मोदी सरकार से शिक्षा रोजगार के सवाल पर छात्र झयुवा कितना खुश है।

**राष्ट्रीय अभियान के तहत छात्र युवाओं के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा**

# रेल मंत्री से मिले सांसद वीडी राम महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। 12453/12454 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव, बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने, प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने का आग्रह किया। इसी तरह एलएचएस एवं आरयूआरबी निर्माण के लिए पलामू में लालगढ़ एवं पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखंड, डाली-हैदरनगर, बुढ़वापीपर एवं बखारी डालटनगंज सदर, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद, लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखंड एवं गढ़वा में सोनपुरवा-गढ़वा, अहिरपुरवा-नगर उंटारी, कुम्भी-मेराल ब्लॉक में कराने की अपील की।



### फुटपाथ व्यवसाईयों को वैकल्पिक व्यवस्था दे

**पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए फुटपाथ व्यवसाईयों को जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी जाएगी तब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा क्योंकि यह डेली कमाने खाने वाले व्यवसाइ हैं' उसके निर्माण के लिए राशि भी नगर विकास से उपलब्ध करा दी गई थी निगम तत्काल चार-पांच वेंडर जोन बनाएं स्वत अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगा और वेंडर व्यवसाईयों को सम्मान से व्यवसाय करने का स्थाई स्थल' प्रथम महापौर ने कहा मांस मछली व्यवसाईयों के लिए भी नवाटोली तालाब के समीप एवं शहर के बीचो-बीच बड़ा तालाब के सामने भूमि चयनित है।

### सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलाड़ी निवासी चंदेव भुइयां के पुत्र वीरेंद्र भुइयां उम्र 20 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की मंगलवार की शाम वीरेंद्र भुइयां अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से मेदिनीनगर जा रहा था।इसी बीच रास्ते में चेगौना धाम के पास अज्ञात ट्रक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई।जिसमे बाइक से गिर कर वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल वीरेंद्र को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह चार बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हृदय गति रुकने से पाटन में तैनात एसआई की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना में तैनात एसआई राजनन्दन यादव उम्र 55 वर्ष की गुरुवार की सुबह हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई।इस घटना के बारे में बताया जाता है की राजनंदन यादव गुरुवार की सुबह थाना से मॉर्निंग वाक करने के लिए सड़क पर निकले थे।इस बीच सड़क पर ही अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बेहोश पड़े एसआई राजनंदन यादव को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, पुलिस एसोसिएशन के मंत्री जेपी सिंह, उपाध्यक्ष मंतुष्ट महतो, कोषाध्यक्ष अब्दुल मनान खान सदर अस्पताल पहुंच कर इसकी जानकारी परिजनों को दे दी है। वही जानकारी मिलने के बाद परिजन मेदनीनगर के लिए रवाना हो चुके हैं। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जानकारी के अनुसार मृतक राजनंदन यादव मुंगेर जिले के रहने वाले हैं। बताते चले की राजनंदन यादव बहुत ही स्वाभाविक व्यक्ति थे। इनके कार्यकाल में यदि कोई व्यक्ति झगड़ा झंझट या किसी विवाद को लेकर थाना पहुंचता था तो राजनंदन यादव उन्हें बहुत ही सही ढंग से समझा बूझकर झगड़ा झंझट नहीं करने की सलाह देकर राजी खुशी घर वापस लौटा देते थे।



### लोहरसी पंचायत के मुखिया चिंता देवी ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास

**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के लोहरसी के तेली पटी बस्ती में गुरुवार को लोहरसी मुखिया चिंता देवी ने पीसीसी पथ निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मुखिया चिंता देवी ने कहा कि यह सड़क 15 वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया चिंता देवी ने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई । उनके कहे जाने के बाद ही निर्माण कराया जा रहा है। इससे इस सड़क निर्माण के हो जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। इधर मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में इस सड़क से पार होने में काफी परेशानी हो रही थी।

# पलामू की बेटियों ने रांची में लहराया परचम : सिंकू मिश्रा

नवीन मेल संवाददाता

रांची में और इन्वेंटस के तत्वाधान में मिस्टर एड झारखण्ड टूरिज्म फैशन शो का ग्रांड फिनाले रांची केन्द रयाल हाइट बैंक्वेट में आयोजित किया गया जिसमे 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में रांची के वरिष्ठ समाजसेवी श्री महेश महतो ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम के जज के रूप में डॉ आशिक नामिर बट्ट, महबूब आलम और रानी सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिस्टर एंड मिस झारखण्ड टूरिज्म के खिताब पर मिस कृति उराव और मिस्टर मनीष कुमार ने कब्जा जमाया और मिसेस झारखंड में अर्चना सागर ने पलामू का नाम रोसन किया। मिस झारखण्ड टूरिज्म किड्स में सेक्रेड नॉलेडेज इंटरनेशनल स्कूल लोहड़ा पलामू की छात्रा पलक कुमारी को बेस्ट पर्सनेलिटी का पुरुस्कार दिया गया है। मिस्टर झारखंड टूरिज्म किड्स में सेक्रेड नॉलेज इंटरनेशनल स्कूल लोहड़ा के हर्ष कुमार चौहान सेकेंड रनअप बने।



मिस झारखण्ड टूरिज्म किड्स मे सेक्रेड नॉलेज इंटरनेशनल स्कूल पलामू की छात्रा हंसिका कुमारी को बेस्ट हेयर स्टाइल का पुरुस्कार दिया गया है। इस कार्यकम में स्कूल की डायरेक्टर सिंकू मिश्रा ने कहा कि पलामू की बिटिया किसी काम में कमजोर नही है मेरे स्कूल के बच्चों को दिल से धन्यवाद राजधानी में मेरे स्कूल के नाम को स्थापित करने के लिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आसिफ अरशद खान,मारिया शहाब,शाहबाज आदिल बीयूटी मिश्रा,संदीपिका राय,रिया,अरमान अंसारी, बेलाल,सोनिया, और नदीम का सहयोग रहा।

# 359 दिनों से जारी है पहाड़ के साथ पर्यावरण बचाने को धरना

## जिला समाहरणालय परिसर में धरना पर बैठे महिला व पुरुष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/पलामू/हुसैनाबाद** अंचल के सोहेया पहाड़ मौजा दमदमी में दिए गए खनन पट्टा को रद्द करने की मांगा को लेकर सोहेया पहाड़ बचाओं संघर्ष समिति का पहाड़ क्षेत्र पिछ्ले 16 फरवरी अब तक 359 दिनों से से अनिश्चितकालीन धरना जारी था।यह धरना अब 29 वा दिन से आमरण अनशन में बदल दिए गए।इसी कड़ी में समिति के लोग पलामू उपायुक्त के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चार सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर में पिछले 10 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे हैं।अध्यक्ष रामकेशर मेहंता कुछ दिनों से सदर अस्पताल में भर्ती है उन्हें अलग से बेड सहित सुरक्षा की व्यवस्था किए जाएं। उन्होंने यह भी लिखा है कि




पत्थर माफियाओं द्वारा धमकी दी जा रही है की अनशन खत्म कर दो नहीं तो भुगतने के लिए तैयार रहो।सोहेया पहाड़ बचाकर पर्यावरण सुरक्षित करने की मांग को अनसुनी कर दी गई। सोहेया पहाड़ को फर्जी लिज रद्द करना आंदोलन कर्मियों को फर्जी मुकदमा वापस लिया जाए साथ ही पहाड़ अवैध खनन से बर्बाद फसल जमीन जंगल का भुगतान किया जाए एवं समतल कर कर वृक्षारोपण कराया जाए।इसके बावजूद यहां उनकी बातों को सुनने वाला कोई नहीं है।उनकी मांगों पर निष्पक्ष जांच शुरू करने को लेकर आमरण अनशन अब तक शुरू है। इस धरने में बबलू सिंह राजपूत, राजेध मेहता, अजय मेहता, बिरजा मेहता, सविता देवी प्रभा देवी गीता देवी कुरमी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 14 को विश्रामपुर में प्रवेश करेगी राहुल की न्याय यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के महासचिव विजय कुमार चौबे अग्रिम मोर्चे पर भाग ले रहे हैं। श्री चौबे झारखंड में यात्रा के प्रवेश करने के बाद से ही लगातार राहुल गांधी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। इस दौरान श्री गांधी की कई सभाओं का उन्होंने संचालन भी किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं द्वारा उन्हे कई जिलों में सम्मानित किया गया है। राहुल गांधी के कार्यक्रम में लगातार बढ़चढ़ भाग लेने व मंच साझा करने से पार्टी में उनका कद बढ़ा है। श्री चौबे ने बताया कि आगामी 14 फरवरी को न्याय भारत जोड़ो यात्रा विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र मे प्रवेश करेगी। जहां बीमोड़, विश्रामपुर, नावाबाजार क्षेत्र में ऐतिहासिक सभा का आयोजन किया जायेगा। बीमोड़ पर हजारों कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी भी जोरों पर चल रही है। विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव के मूल निवासी शुरू से ही कांगेस के साथ रहे हैं।



# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने चेक डेम की रखी आधारशिला

**नवीन मेल संवाददाता। विश्रामपुर** प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के नौडीहा गांव स्थित धोब घटवा नाला पर गुरुवार को चेक डेम निर्माण की आधारशिला रखी गई। शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास समारोह का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। डा. चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का समुचित विकास ही एकमात्र लक्ष्य है। जिसके लिए पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी हमेशा से प्रयासरत रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। कोई भी गांव व टोला सड़क विहीन नहीं रहेगा। सिंचाई के क्षेत्र में भी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जा रहा है। सिंचाई के क्षेत्र में स्थानीय विधायक के प्रयास से अभूतपूर्व कार्य होने जा रहा है। सोन नदी से विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में पाईप लाईन से सिंचाई के लिए पानी लाया जायेगा। मौके पर लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, पंसस सूर्यमंडल राम, इद्रीस हवारी,उपेंद्र तिवारी, राधेश्याम चौधरी, उखमजी यादव, कनीय अभियंता अमित कुमार, विरेंद्र तिवारी, प्रिंस गौरव, जय कुमार पांडेय, रविन्द्र सिंह, रामानंद तिवारी, मिथिलेश दुबे, विवेकानंद सिंह मौजूद थे।

## पहल

### मशरूम की खेती कर लाखों रुपए कमाए

# मात्र एक कमरे में तैयार होगी यह फसल

नवीन मेल संवाददाता

पलामू जिले में महिलाएं अब समाज की पहचान बन गई है।जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पहाड़ी मोहल्ला निवासी सुषमा कुमारी 18 वर्षों से मशरूम की खेती कर लाभ कमा रही हैं। वह लोगों को मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण भी देती हैं। मशरूम उत्पादन हेतु बीज भी तैयार करती हैं। सुषमा ने बताया कि मशरूम की खेती करने के लिए किसी खास जगह या व्यवस्था करने की जरूरत नहीं है। आप अपने 10 बाई 15 के कमरे में एक यूनिट मशरूम की खेती कर पांच गुना तक लाभ कमा सकते हैं।पलामू जिले में ऐसे बहुत से किसान या लोग हैं, जिनके पास खेत नहीं होता और वे कमाई के लिए दूसरे खेतों में अधिया पर काम करते हैं। ऐसे लोगों के लिए मशरूम की खेती किसी वरदान से कम नहीं है, जो महज एक कमरे में की जा सकती है।किसानी के आधुनिक तरीके ने किसानों की जिंदगी में बड़ा बदलावा दिया है। यही वजह है कि अब किसान नए-नए तरीकों से कमाई कर रहे हैं।ऐसे बहुत से किसान या लोग हैं, जिनके पास खेत नहीं होता और वे कमाई के लिए दूसरे खेतों में अधिया पर काम करते हैं।ऐसे लोगों के लिए मशरूम की खेती किसी वरदान से कम नहीं है, जो महज एक कमरे में की जा सकती है। आमदनी की बात करें तो यह फसल आपको लखपति भी बना सकती है।मशरूम की खेती एक मुनाफे वाला काम है।



इसकी खेती कर किसान पांच गुना तक मुनाफा कमा सकता है। अगर आप भी घर बैठे बेहतर कमाई चाहते हैं तो मशरूम की खेती एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए कोई लंबी-चौड़ी जमीन या खेत की जरूरत भी नहीं, आप किसी एक कमरे में उत्पादन कर सकते हैं।कम लागत और कम जगह में ही आप तीन से पांच गुना लाभ कमा सकते हैं।सुषमा ने बताया कि घर पर या छायादार पेड़ के नीचे घेराबंदी कर मशरूम की खेती कर सकते हैं. 10 बाई 15 के कमरे में 100 बैग का एक यूनिट मशरूम तैयार कर सकते हैं, जिसके लिए 10 किलो बीज, 2 केजी पीपी बैग, 50 से 60 ग्राम चूना और अधिक मात्रा में भूसा से आप मशरूम उत्पादन कर सकते हैं. इसकी लागत करीब 2500 से 3000 होती है। इतने में आप मशरूम के उत्पादन से 40 से 50 हजार तक कमा सकते हैं।आगे बताया कि मशरूम की खेती के लिए सबसे पहले साफ और नए भूसे को लाएं।इसे अच्छे से धोकर 12 घंटे तक चूना के साथ फूला दें. इसके बाद उसका पानी निकाल कर उसे धूप में सुखा लें।ध्यान रहे की भूसा 50% ही सुखाएं। इसके बाद पॉली बैग लाकर उसमें लेयर बनाकर बीज और भूसे को रखें। एक बैग में चार से पांच लेयर तैयार करें. ऐसा 100 बैग तैयार कर उसे अच्छे से बांध लें.

# सड़क सुरक्षा जागरूकता हमारे जीवन के लिए बेहद जरुरी

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** हम सभी सड़क सुरक्षा नियमों को जानते हुए भी इन नियमों का पालन ईमानदारी से नहीं करते! नतीजा होता है असमय मौत या जीवन भर के लिए अपाहिज होना! 15 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता माह मनाया जा रहा है। ऐसे में इस विषय पर जागरूकता लाना सामाजिक संगठनों और प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी के मद्देनजर आज वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने नावाटोली स्थित एलिट पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। बच्चों को सड़कों पर सभी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि *हम बच्चों के जरिये अभिभावकों तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। और बच्चों को यह जिम्मेदारी दे रहे हैं कि अपने माता पिता को बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट बांधे गाड़ी न चलाने दें! क्योंकि अभिभावकों के बिना बच्चों का जीवन अधूरा है। राखी सोनी ने बच्चों को गाड़ी चलाते समय मोबाइल और इयरफोन के इस्तेमाल से बचने की बात कही। लक्ष्य श्रेष्ठ ने सभी को राइडिंग गियर, जूते और हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने की सलाह दी। स्कूल के प्राचार्य सुनील पांडे जी ने बच्चों को सभी यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और ऐसे सराहनीय पहल के लिए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि ऐसे अभियान सालों भर चलते रहें तो काफी हद तक लोगों में सुधार की संभावना है! सभी बच्चों के बीच यातायात सुरक्षा नियमों से संबंधित पुस्तकों का भी वितरण किया गया साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई।

**15 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता माह मनाया जा रहा है।**

## पेज एक के शेष

### ईडी ने हेमंत ...

है। बुधवार को ईडी ने हरियाणा के गुरुग्राम के करदारपुर गांव में उस परिसर पर छापा मारा, जिसके पते पर यह हरियाणा नंबर प्लेट वाली कार रजिस्टर्ड थी। इसके अलावा एजेंसी ने कोलकाता में भी दो ठिकानों पर तलाशी ली थी। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने रांची में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त के मामले में बीते 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी उन्हें फिलहाल रिमांड पर लेकर पिछले छह दिनों से पूछताछ कर रही है। इस सिलसिले में उन लोगों के ब्योरे ईडी ने जुटाए हैं, जिनसे उनका किसी भी तरह की लेनदेन रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### ईडी ने जम्मू-कश्मीर से आतंकी के मददगार को किया गिरफ्तार



**श्रीनगर।** ईडी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मोहम्मद अब्दुल्ला शाह के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है, इसमें आतंकी वित्तपोषण में शामिल आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर मंजूर अहमद शाह के साथ मिले हुए थे, जो जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए पाकिस्तान के कॉलेजों में एमबीबीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की व्यवस्था करता था। आरोपी को विशेष न्यायाधीश एसीबी (सीबीआई-मामले) कश्मीर, श्रीनगर की अदालत में पेश किया गया। अधिकारियों ने कहा, अदालत ने आरोपी को 13 तक ईडी की हिरासत में दे दी है।

### मध्य प्रदेश : कांग्रेस के पूर्व महाधिवक्ता भाजपा में शामिल




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। गुरुवार को कांग्रेस को महाकौशल इलाके में एक और झटका लगा, जहां से नाता रखने वाले पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मध्य प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशांक शेखर को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले महाकौशल इलाके में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा था, जब जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित कई पार्षदों और कई जिला पंचायत के पदाधिकारी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।


# सत्र : क्या 'व्हाइट पेपर' के सामने टिकेगा कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर'

**2014 से 2024 के दौरान हुए कामकाज का लेखा-जोखा सदन में रखेगी सरकार**

**ब्लैक पेपर में उठाया महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता का मुद्दा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि सरकार संसद के दोनों सदनों में श्वेत पत्र लेकर आएगी। इसके जरिए सरकार 2014 से लेकर 2024 तक अपने कार्यकाल के दौरान हुए कामकाजों का लेखा-जोखा सदन के पटल पर रखेगी। इसके साथ ही इस श्वेत पत्र के जरिए पिछली (यूपीए) सरकार के कुप्रबंधन और गलत नीतियों के बारे में भी जानकारी देगी। बजट सत्र में केंद्र सरकार द्वारा लाए जाने वाले श्वेत पत्र के बारे में बता दें कि यह तरह से सूचनात्मक रिपोर्ट कार्ड होता है। जिसमें सरकार की नीतियों, कामकाजों और अहम मसलों को रेखांकित किया जाता है। खासतौर पर सरकारें 'श्वेत पत्र' किसी मसले पर बहस करने, सुझाव लेने या देने के साथ एक्शन के लिए लाती है। ऐसे में नरेंद्र मोदी सरकार श्वेत पत्र के जरिए यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि आर्थिक रूप से देश 2014 तक कहां था और अब कहां है। इसके साथ ही 2014 में सत्ता में आने के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को इसमें सूचीबद्ध किया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल के प्रदर्शन पर जारी होने वाले 'श्वेत पत्र' का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस 'ब्लैक पेपर' लेकर आई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को ब्लैक पेपर जारी किया है और केंद्र पर इसके जरिए निशाना साधने की कोशिश की है। सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर को जारी करते हुए खड़गे ने कहा कि सरकार यह बताने की कोशिश नहीं करेगी की उनके 10 साल के कार्यकाल में कितने लोगों को नौकरी मिली। मनरेगा फंड जारी करने में वह राज्यों के साथ भेदभाव कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र की सत्ता में है ऐसे में सवाल है कि आज महंगाई पर काबू पाने के लिए उन्होंने क्या किया है। खड़गे ने सोशल मीडिया के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद वह अपने बारे में बात करने के बजाय सिर्फ कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हैं। आज भी उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता के बारे में बात नहीं की।




### प्रधानमंत्री ने ब्लैक पेपर पर साधा निशाना



राज्यसभा में सांसदों के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के ब्लैक पेपर लाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज देश पिछले 10 साल में समृद्धि के नए-नए शिखर छू रहा है। एक भव्य-दिव्य वातावरण बना है और उसको नजर ना लग जाए, इसीलिए काला टीका करने का प्रयास हुआ है। मैं उसके लिए भी मल्लिकार्जुन खड़गे का बहुत धन्यवाद करता हूं ताकि हमारी इस प्रगति की यात्रा को कोई नजर ना लग जाए। मैं उसका (ब्लैक पेपर का) भी स्वागत करता हूं।

# भारत नहीं, कनाडा कर रहा हमारे मामलों में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उन आरोपों का खंडन किया है, जिसमें उसने कहा था कि भारत वहां के चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज कहा कि किसी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना हमारी नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत कनाडा हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इस सिलसिले में हमने यह मुद्दा लगातार उठाया है। हम कनाडा से आग्रह करते हैं कि वे हमारी मुख्य चिंताओं के संबंध में कारगर कदम उठाएं।



प्रवक्ता ने अमेरिका में पिछले कुछ महीनों के दौरान पांच भारतीय छात्रों की मृत्यु के बारे में पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि इनमें से दो छात्र भारतीय नागरिक हैं तथा अन्य तीन अमेरिकी नागरिक हैं। एक भारतीय छात्र विवेक सैनी की हत्या के मामले में गिरफ्तारी की गई है तथा स्थानीय अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। दूसरे मामले में किसी तरह की प्रकृति आपराधिक नहीं है। इस मामले में अंतिम मेडिकल रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों की मृत्यु के संबंध में हम स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। मालदीव के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि भारत पड़ोसी देश का एक महत्वपूर्ण विकास सहयोगी है। बजट में इस बार मालदीव के विकास कार्यों के संबंध में करीब 7 अरब 71 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# भारत-फ्रांसीसी नौसेनाओं में समुद्री सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के बीच 17वीं स्टाफ वार्ता 6-7 फरवरी को नई दिल्ली में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (विदेशी सहयोग और खुफिया) रियल एडमिरल निर्भय बापना और फ्रांसीसी नौसेना के निदेशक इंटरनेशनल एंगेजमेंट्स रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने की। इस वार्ता में दोनों पक्षों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। प्रमुख वार्ताओं में परिचालन, प्रशिक्षण, एसएमई आदान-प्रदान आदि शामिल रहे। दोनों पक्षों ने दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को भी स्वीकार किया और समुद्री क्षेत्र में सहयोग और अंतरसंचालनीयता बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। स्टाफ वार्ता से इतर रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने 7 फरवरी को नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती से मुलाकात की और दोनों नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर के समन्वय और अंतरसंचालनीयता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा पर काम करने वाले सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) का 6 फरवरी को दौरा किया।

# 'भारत-म्यांमार के बीच फ्री आवाजाही पर रोक'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आंतरिक सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया। सुरक्षा के लिहाज से गृह मंत्रालय ने भारत-म्यांमार सीमा पर फ्री आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने की घोषणा की है। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट के जरिए दी। गृह मंत्री ने लिखा, पीएम मोदी का हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार के बॉर्डर से लगे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए फ्री आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। अमित शाह ने बताया, विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, इसलिए गृह मंत्रालय ने एफएमआर



को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। इससे पहले 6 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि भारत-म्यांमार सीमा पर 1,643 किलोमीटर लंबी बाड़ लगाई जाएगी। सीमा पर बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। अमित शाह ने जानकारी दी थी कि मणिपुर के मोरेह में 10 किलोमीटर की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। गृह मंत्रालय के फैसले पर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए पीएम और शाह का आभार जताया है।

### इराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरान समर्थित मिलिशिया नेता की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि उसने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह कातिब हिजबुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर को मार डाला, जो कथित तौर पर विदेशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले की योजना बनाने में शामिल था। सेंटकॉम के मुताबिक, स्थानीय समय के अनुसार रात करीब साढ़े नौ बजे हुए हमले के दौरान कमांडर की मौत हो गई। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा, अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा। इसमें कहा गया, हम उन सभी लोगों को जिम्मेदार ठहराने में संकोच नहीं करेंगे जो हमारी सेना की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इसमें कहा गया है कि हमले में कोई आम नागरिक हताहत नहीं हुआ और न ही कोई अतिरिक्त क्षति हुई।

**दंतेवाड़ा में भीषण मुठभेड़**

# सुरक्षाबलों ने नक्सली को किया ढेर, आठ लाख का था इनाम

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी। पुलिस ने बताया कि मारा गया नक्सली प्रतिबंधित माओवादी संगठन में करीब तीन दशक से सक्रिय था। सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम के साथ यह मुठभेड़ बुधवार को दंतेवाड़ा-सुकमा जिले की सीमा पर गोंडपल्ली, पारलगट्टा और बड़ेपल्ली गांवों के बीच जंगल में एक पहाड़ी पर हुई। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतर-जनपदीय सीमा पर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान चंद्रन्ना उर्फ सत्यम के रूप में हुई है। उसके शव के पास से एक देशी पिस्तौल, चार कारतूस और अन्य सामग्री बरामद हुई।

### मुठभेड़ के बाद तीन नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के थाना कोहकामेटा से डीआरजी एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सल अभियान हेतु माड़ क्षेत्र में रवाना हुए पुलिस जवानों पर तीनों ने हमला किया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार को डीआरजी एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकले थे, इसी बीच अबूझमाड़ के बेड़मामेटा के जंगल में मुठभेड़ नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान तीन नक्सलियों जिसमें रानू पोडियम निवासी बेड़मामेटा , सुधराम मण्डावी निवासी कट्टाकाल एवं विजय पोडियाम निवासी बेड़मामेटा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से तीन भरमार बन्दूक, डेटोनेटर, बैटरी, बिजली वायर एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया है। गिरफ्तार तीनों नक्सली कुतुल एरिया कमेटी में सक्रिय थे, जवान बुधवार देर शाम को वापसी के बाद कोहकामेटा पुलिस गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध कार्यवाही कर आज गुरूवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### सुशांत पटनायक के घर से छापे में मिला 4.5 करोड़ कैश

**देहरादून।** फॉरेस्ट लैंड सकैम मामले में उत्तराखंड के आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक का नाम सामने आने पर ईडी ने बुधवार को उनके कैनाल रोड स्थित उनके निवास पर छापेमारी की। देर रात तक ईडी की कार्यवाही उनके घर पर जारी रही जिसमें भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ। सुशांत पटनायक के घर पर ईडी की छापेमारी में 4.5 करोड़ कैश मिला, साथ ही 34 करोड़ की चल अचल संपत्ति के भी डॉक्यूमेंट हाथ लगे हैं। पटनायक के घर पर कैश मिलने के बाद टीम को नोट गिनने के लिए मशीन बुलानी पड़ी। जब कैश काउंट खत्म हुआ तो रकम साढ़े चार करोड़ रुपए निकली। साथ ही उनके घर से कुछ लिफाफे भी मिले जिसमें कैश थे, जिनमें कुछ आईएफएस अधिकारियों और रेंजरों के नाम लिखे हुए थे। आपको बता दें कि ईडी ने बुधवार को कांग्रेस नेता हरक सिंह के घर पर भी छापेमारी की थी।

**पाक में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के साथ मतदान संपन्न**

## मतगणना जारी और अंतिम परिणाम अहले सुबह तक मिलने की संभावना

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में गुरुवार को आम चुनाव हिंसा की छिटपुट घटनाओं के साथ संपन्न हो गया। आतंकी हमलों को नाकाम करने के लिए मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं सरकार द्वारा स्थगित किये जाने के कारण लोगों को कनेक्टिविटी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और बिना रुके शाम पांच बजे तक जारी रहा। कुल 128,585,760 पंजीकृत मतदाताओं के मतदान करने के लिए देशव्यापी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। मतदान का समय समाप्त होने के बाद मतदान केंद्र परिसर के अंदर मौजूद मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई। पाकिस्तान के विभिन्न मतदान केंद्रों में देर शाम मतगणना कार्य शुरू हो गया है। माना जाता है कि नतीजे आधी रात से पहले आने शुरू हो जाएंगे और ज्यादातर नतीजे सुबह तक आ जाएंगे। इसके पहले मतदान केंद्रों के अंदर विभिन्न उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतपेटियों का सील खोला गया। पाकिस्तान में मतगणना प्रत्येक मतदान केंद्र में निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में होती है। निर्वाचन अधिकारी नतीजे तैयार करेंगे और इसकी घोषणा करेंगे। वह नतीजे की प्रति मतदान केंद्र के मुख्य द्वार पर भी चिपकाएंगे। वे निर्वाचन क्षेत्र के नतीजों को जुटाएंगे और अंतिम परिणाम की घोषणा करेंगे। चुनावों के दौरान दूरसंचार एवं इंटरनेट सेवाओं में देशव्यापी व्यवधान को लेकर राजनीतिक दलों ने नाराजगी जताई और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह जताया। मालूम हो कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं, वहीं नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की संभावना जताई जा रही है।

**घातक** सिगरेट बट से हर साल 3,50,000 टन कचरा

# नदियों, समुद्रों को दूषित कर रहे हैं फेंके गए 40 फीसदी सिगरेट बट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हर साल करीब साढ़े चार लाख करोड़ सिगरेट बट्स 3,50,000 टन प्लास्टिक कचरा पैदा कर रहे हैं, जो स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए घातक है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनेप) की ओर से जारी नई रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर सिगरेट के टुकड़े सबसे ज्यादा खुले में फेंका जाने वाला कचरा है। यह न केवल जमीन बल्कि नदियों, झीलों और समुद्रों तक को दूषित कर रहा है। यह गैर बायोडिग्रेडेबल कूड़े का एक रूप अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर फेंके गए करीब 40 फीसदी सिगरेट बट्स नदियों और समुद्रों में मिल रहे हैं। यह मछली, पक्षी और व्हेल सहित कई समुद्री प्रजातियों को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है।

### एक सिगरेट बट 40 लीटर पानी को भी कर सकता है दूषित



रिपोर्ट के अनुसार एक सिगरेट बट करीब 40 लीटर पानी को दूषित कर सकता है। अनुमान है कि जितनी मात्रा में यह सिगरेट के टुकड़े समुद्रों और नदियों में मिल रहे हैं वे हर साल 72 क्वाड्रिलियन लीटर पानी को दूषित कर सकते हैं। क्वाड्रिलियन यानी 1 के बराबर एक संख्या जिसके बाद 15 शून्य हों। यह एक हजार ट्रिलियन के बराबर होती है।

### जलीय जीवों के लिए नुकसानदायक

शोध में सामने आया है कि मछली, पक्षी और व्हेल सहित कई समुद्री प्रजातियां खाने के दौरान अनजाने में इन सिगरेट के टुकड़ों को निगल लेती हैं। इस वजह से इन जीवों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचता है। यहां तक कि इन जीवों की मृत्यु तक हो सकती है।

### सालों से कट रहे 60 करोड़ पेड़

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक तम्बाकू उद्योग हर साल करीब 2 लाख हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करता है। इसके लिए दुनिया भर में 60 करोड़ पेड़ों को काट जाता है। इसके अलावा यह उद्योग हर साल करीब 2,200 करोड़ टन पानी का उपयोग करता है और लगभग 8.4 करोड़ टन सीओ2 उत्सर्जित करता है। यह समस्त हानिकारक प्रभाव मिलकर जलवायु परिवर्तन में भी नकारात्मक योगदान दे रहे हैं।

**फिल्म जगत**

## इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना खुशी की बात : रसिका दुग्गल



**मुंबई।** आगामी फिल्म 'फेयरी फोक' में नजर आने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने कहा कि एक इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करने से एक कलाकार को खुशी मिलती है क्योंकि इससे उन्हें अपनी कला को आगे बढ़ाने का मौका मिलता है। मानवीय रिश्तों पर आधारित 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, एमएएमआई फिल्म फेस्टिवल और मेलबर्न के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में रसिका के पति मुकुल चड्ढा भी हैं और इसका निर्देशन करण गौर ने किया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, एक इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना एक कलाकार के लिए खुशी की बात है। शूटिंग की इस शैली ने हमें कई नई चीजों का पता लगाने का मौका दिया। यह उस तरह की फिल्म है, जिसे एक कलाकार को अपने जीवन में जरूर करनी चहिए।" निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का एक नया ट्रेलर और पोस्टर लॉन्च किया है जो मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को इस तरह गहराई से उजागर करता है कि वास्तविक और काल्पनिक के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। मुकुल चड्ढा के लिए यह फिल्म उनके द्वारा की गई किसी भी अन्य फिल्म से बहुत अलग है।